YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-02 | सोमवार, 29 जनवरी 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



बिहार में जब भी एनडीए (राजग) की सरकार बनी है, राज्य में राजनीतिक स्थिरता आई है और विकास की नई छलांग लगाई है। जदयू का एनडीए में वापस आने का फैसला बिहार के विकास के लिए उत्साहवर्धक कदम है । बिहार में जनादेश भी राजग के पक्ष में ही है ।

जे.पी.नड्डा

अब हर साल आएगी रेलवे की वैकेंसी : खंडेलवाल 11

कांग्रेस की रैली फ्लॉप शो, विकास के लिए अवतरित हुए हैं मोदीः महेंद्र 12

## संक्षेप

### अयोध्या के लिए आज से शुरू होगी 14 जोड़ी आस्था ट्रेनें

**लखनऊ।** रेलवे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 29 जनवरी से आस्था स्पेशल ट्रेनें चलाने जा रहा है। ये ट्रेनें 12 जनवरी तक जम्मू, हरिद्वार, दिल्ली, पंजाब से चलकर लखनऊ में ठहराव कर अयोध्या धाम पहुंचेंगी। इनमें 14 जोड़ी ट्रेनें उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग स्टेशन से गुजरेंगी। जहां श्रद्धालु आस्था ट्रेन के जरिए आसानी से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। आस्था ट्रेन के बारे में श्रद्धालु रेलवे के पूछताछ नंबर 139 पर जानकारी लेकर सफर कर सकते हैं। आस्था ट्रेनें विभिन्न तारीखों में लखनऊ होकर अयोध्या पहुंचेगी। देश भर के सभी जोनल मुख्यालयों ने अयोध्या के लिए जनवरी से मार्च तक तिथिवार आस्था स्पेशल ट्रेनें चलाने का आदेश जारी किया है। तीन जोनल रेलवे मिलकर आस्था स्पेशल ट्रेनें संचालित करेगा।

### एयरपोर्ट से 35 लाख का सामान चोरी

**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट से चोरों ने रिमोट केबिल व हाइड्रोलिक होस समेत 35 लाख रुपये कीमत का सामान पार कर दिया। एनसीसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। बिहार के दरभंगा निवासी शंभुनाथ मिश्रा एनसीसी कंपनी यांत्रिकी विभाग के प्रोजक्ट मैनेजर हैं। शंभुनाथ मिश्रा के मुताबिक कंपनी द्वारा अमौसी एयरपोर्ट टर्मिनल थ्री पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बीते गुरुवार रात केबिल और पाइप समेत काफी चोरी कर लिया गया। जिसकी कीमत करीब 35 लाख रुपये हैं। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेन्द्र गिरि के मुताबिक तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बिहार की नई सरकार विकास का उत्कृष्ट मानक पेश करेगी : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार में बनी डबल इंजन सरकार विकास का उत्कृष्ट मानक पेश करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक्स पर लिखा, 'श्री नीतीश कुमार जी को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री और श्री सम्राट चौधरी जी एवं श्री विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में राज्य में सेवा, सुशासन और विकास के उत्कृष्ट मानक स्थापित करेगी।

### कंट्रोल रूम में जलते हीटर पर गिरकर बिजलीकर्मी की मौत

**लखनऊ।** बीकेटी के बौरूमऊ उपकेंद्र में रविवार तड़के हीटर ताप रहा संविदा कर्मचारी झपकी आने से हीटर पर गिर गया और करंट लगने से मौत हो गई। हालांकि उपकेंद्र पर तैनात अन्य कर्मचारी उसे पास के अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बीकेटी के बगहा निवासी रामसमुझ रावत शनिवार की रात में बौरूमऊ उपकेंद्र पर कंट्रोल रूम के अंदर ड्यूटी पर था।

# आज बने कानून कल के भारत को मजबूत करेंगे : पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुप्रीम कोर्ट के डायमंड जुबली सेलिब्रेशन की शुरुआत की। वे कार्यक्रम में शामिल होने सुप्रीम कोर्ट के परिसर पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट्स, डिजिटल कोर्ट्स 2.0 और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट को लॉन्च किया।

इस कार्यक्रम में पीएम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्तिगत अधिकारों, फ्रीडम ऑफ स्पीच पर कई प्रमुख फैसले दिए हैं। इनसे देश के सामाजिक-राजनीतिक परिवेश को नई दिशा मिली है। आज जो कानून बनाए जा रहे हैं, वे कल के भारत को मजबूती देंगे। जिस तेजी से दुनिया में बदलाव आ रहे हैं, सबकी निगाहें भारत पर टिकी हुई हैं। इससे देश का विश्वास बढ़ रहा है। इस मौके पर देश के हाईकोर्ट्स के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज भी मौजूद रहे। इन प्रोजेक्ट्स की लॉन्चिंग के बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस कोर्ट में दोपहर 3:30 बजे सुप्रीम कोर्ट की सेरेमोनियल बेंच बैठेगी। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया इस बेंच की अगुआई करेंगे। इसमें सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय को भारत के जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त बनाने और संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने का



**उपलब्धि**

- सुप्रीम कोर्ट के डायमंड जुबली सेलिब्रेशन में डिजिटल कोर्ट 2.0 और नई वेबसाइट लॉन्च की
- सुप्रीम कोर्ट ने जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त किया: मोदी

लगातार प्रयास करने वाला बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार समाज के हर तबके तक सुलभ तरीके से न्याय पहुंचाने के लक्ष्य के तहत शीर्ष अदालत के साथ-साथ अन्य न्यायालयों में ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में हर संभव मदद करेगी। श्री मोदी ने न्यायिक व्यवस्था को आधुनिक बनाने के प्रयासों का जिक्र करते हुए अदालतों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल बढ़ने पर खुशी व्यक्त की और डिजिटल सुविधाएं, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जिक्र करते हुए कहा कि इससे आम लोगों तक न्याय की पहुंच आसान होगी। उन्होंने प्रौद्योगिकी की मदद से कानूनी ● शेष पेज 11 पर

### न्यायपालिका में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी : न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका के काम-काज महिलाओं की भागीदारी बढ़ने के तथ्यों का हवाला देते रविवार को कहा कि 12 से अधिक राज्यों में आयोजित जूनियर सिविल जजों की भर्ती परीक्षा में 50 फीसदी से अधिक चयनित उम्मीदवार महिलाएं थीं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत की हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कानूनी पेशा परंपरागत रूप से कुलीन पुरुषों का पेशा माना जाता था, क्योंकि परंपरागत रूप से इस पेशे में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम था। हालांकि, समय के साथ बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि जूनियर सिविल जजों की भर्ती के मामले में महिलाओं की संख्या आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे कई राज्यों में बढ़ी है। उन राज्यों में आयोजित जूनियर सिविल जजों की भर्ती परीक्षा में 50 फीसदी से अधिक चयनित उम्मीदवार महिलाएं थीं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि शीर्ष अदालत में इस वर्ष न्यायाधीशों की सहायता के लिए नियुक्त कानून क्लर्क-सह-शोध सहयोगियों में से 41 उम्मीदवार महिलाएं हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वर्ष 2024 से पहले पिछले 74 वर्षों में शीर्ष अदालत के इतिहास में केवल 12 महिलाओं को 'वरिष्ठ वकील' के रूप में नामित किया गया था, जबकि पिछले हफ्ते देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाली 11 महिलाओं को एक चयन प्रक्रिया के बाद 'वरिष्ठ वकील' के रूप में नामित किया था। अब जिला न्यायपालिका की कामकाजी क्षमता का क36.3 फीसदी हिस्सा महिलाओं की है। उन्होंने कहा, ''हमारी वैधता हमारी (प्रणाली न्याय) प्रणाली में आबादी के विभिन्न वर्गों को शामिल करने से बनी रहेगी। इसलिए हमें समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी पेशे में लाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उदाहरण के तौर पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व 'बार और बेंच दोनों में काफी कम है।''

## सफाईकर्मियों के लिए सुनिश्चित करेंगे न्यूनतम मानदेय की गारंटी : योगी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हर हाल में मिलनी चाहिए और सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी।

श्री योगी ने नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास.लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मानदेय के साथ स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सफाई मित्रों हेतु ई.सेवा पोर्टलए दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया। कल्याण कोष से चार सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किए। सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों को यूनिफॉर्म, लंच बॉक्स वितरित किए और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सुंदरता की आत्मा स्वच्छता में ही निहित होती है। उन्होंने कहा कि प्रायः देखा जाता है कि जिस पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाना चाहिएए वह किन्हीं कारणों से उपेक्षित हो जाता था। हम शहर को कितना भी सुंदर क्यों न बना लें, चौड़ी सड़कें बना लें लेकिन यदि स्वच्छता नहीं होगी तो सारे मेहनत पर पानी फिर जाएगा। ऐसे में स्वच्छता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान सबको करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को न्यूनतम मानदेय के साथ आवासीय सुविधा भी मिलनी चाहिए। उन्हें राशन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा कवर, उज्ज्वला जैसी ● शेष पेज 11 पर

## छह दिन में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए श्रीरामलला के दर्शन

एजेंसी

अयोध्या। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी अयोध्या में पिछले छह दिनों में 15 लाख से अधिक रामभक्तों ने नव्य-भव्य मंदिर में दर्शन-पूजन कर किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर गठित उच्चस्तरीय कमेटी की देखरेख में श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ दर्शन-पूजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन यानी 23 जनवरी को मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले तो लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जानकारी के अनुसार रोजाना दो लाख से अधिक रामभक्त श्रीरामलला के दरबार में सुगमता पूर्वक पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

अयोध्या नगर से लेकर मंदिर परिसर में दिनभर जय श्रीराम का जयघोष गूंज रहा है। देश-विदेश, विभिन्न राज्यों और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन को पहुंच रहे हैं। वहीं रविवार को भी करीब दो लाख कि



संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए।

23 जनवरी को पांच लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किये थे जबकि 24 और 25 जनवरी को दो-दो लाख रामभक्तो ने अपने आराध्य के दर्शन किये। 26 जनवरी को यह संख्या बढ़ कर ढाई लाख हो गयी। 27 और 28 जनवरी को दो दो लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगायी है।

## आठ आईपीएस समेत 65 पुलिस अफसरों का तबादला

लखनऊ। शासन ने सहायक पुलिस अधीक्षक व सहायक पुलिस आयुक्त के पदों पर तैनात आठ आईपीएस समेत 65 पुलिस अफसरों का रविवार को तबादला कर दिया। इनमें प्रांतीय पुलिस सेवा के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) व अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) स्तर के अफसर शामिल हैं।

आईपीएस अफसरों में सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज अभिनव त्यागी को एएसपी कुशीनगर व चिराग जैन को एएसपी ग्रामीण आजमगढ़, सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ आदित्य बंसल को एएसपी ग्रामीण मुजफ्फरनगर, सहायक पुलिस अधीक्षक झांसी विक्रम दहिया को एएसपी पीलीभीत, सहायक पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा को एएसपी संभल, सहायक पुलिस अधीक्षक बरेली अभिजीत कुमार को एएसपी फतेहपुर, सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर मानुष पारिक को एएसपी अंबेडकरनगर तथा सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर मनोज कुमार रावत को एएसपी गोंडा के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। ● शेष पेज 11 पर

# नौवीं बार...मैं नीतीश कुमार

एजेंसी

पटना। बिहार के लिए शपथ के ये शब्द 'मैं नीतीश कुमार' नये नहीं हैं, लेकिन कड़े संघर्ष, बड़ी चुनौतियों और कई तरह के उतार-चढ़ाव से गुजरकर हमेशा अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले श्री नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद आज नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और देश की मौजूदा राजनीति को बता दिया...मैं नीतीश कुमार।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने रविवार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राजभवन में आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री नीतीश कुमार के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू के विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, भाजपा के ही प्रेम कुमार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संतोष कुमार सुमन और



निर्दलीय सुमित कुमार सिंह को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई । इस मौके पर भाजपा समर्थकों ने जय श्री राम और मोदी मोदी के नारे लगाए। वहीं, हम के समर्थकों ने जय भीम तथा जदयू समर्थकों ने नीतीश कुमार के पक्ष पर नारा लगाया। शपथ ग्रहण समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू सांसद ललन सिंह,

- नीतीश ने मुख्यमंत्री और आठ अन्य ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर ली शपथ

भाजपा नेता मंगल पांडे और राजीव प्रताप रूडी समेत कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे । राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन से नाता तोड़ फिर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं अन्य सहयोगी दलों के समर्थन से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार की अगुवाई करने वाले श्री नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव के 'जंगलराज' के खिलाफ जोरदार अभियान चलाने के बाद पहली बार 03 मार्च 2000 को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली लेकिन केवल सात दिनों की संक्षिप्त अवधि के लिए ही मुख्यमंत्री बने रहे। वह सदन में बहुमत साबित नहीं कर पाए। श्री कुमार ने 24 नवंबर 2005 को फिर से भाजपा के साथ गठबंधन में सरकार बनाई और तब से 20 मई, 2014 से 21 फरवरी 2015 तक लगभग दस महीने की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर बिहार के मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अपनी ● शेष पेज 11 पर

## फिलहाल सर्दी से राहत नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आगामी 31 जनवरी से तीन फरवरी के दरम्यान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बदली-बारिश के आसार बन रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 30 जनवरी से और दूसरा तीन फरवरी से पश्चिमी भारत को प्रभावित करने की सम्भावना है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल पूर्वांचल में बारिश के आसार नहीं हैं। लेकिन पूरे प्रदेश में सर्दी के असर में कोई कमी आने की उम्मीद कम ही है। हवा का रुख पुरवा हो जाने से रात के तापमान में थोड़ी वृद्धि हो सकती है, कहीं-कहीं धूप भी निकल सकती है मगर सर्द हवा की वजह से गलन भरी सर्दी का सिलसिला बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में समुद्र तल से 12.6 किलोमीटर ऊपर 140 से 160 नॉट की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। यह सर्द हवा यूरोप से आ रही है। बढ़ती ठंड का असर यही हवा है। बीते चौबीस घण्टों के दौरान वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, कानपुर, बरेली, झांसी, मेरठ

- 31 जनवरी से पश्चिमी यूपी में बदली-बारिश के आसार
- बरेली, लखीपुर खीरी व शाहजहांपुर में दिन सबसे ठण्डा
- गोरखपुर में सबसे ठण्डी रात

मण्डलों में दिन के तापमान में काफी कमी आयी। गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ, बरली, मुरादाबाद मंडलों में दिन का तापमान सामान्य से काफी कम दर्ज किया गया। रविवार को गोरखपुर, लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर सबसे ठण्डे रहे, इन तीनों जगहों का दिन का तापमान सामान्य से 10 डिग्री कम यानि 12 डिग्री के आसपास रहा।

गोरखपुर में शनिवार की रात का तापमान सामान्य से काफी कम रहा। प्रयागराज, कानपुर,मुरादाबाद, झांसी, आगरा मण्डलों में रात का तापमान सामान्य से कम रहा। शनिवार को प्रदेश में सबसे कम रात का तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस गोरखपुर में दर्ज हुआ। यह सामान्य से पांच डिग्री कम रहा। कानपुर बर्रा में रात तापमान 5.8 डिग्री रहा यह सामान्य से चार डिग्री कम था जबकि प्रयागराज ● शेष पेज 11 पर

# रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा ने करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांधा : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि भगवान राम का शासन देश के संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत था। उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान



निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था। उन्होंने कहा, ''प्रभु राम का शासन हमारे संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत था और इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने 'देव से देश' की बात और 'राम से राष्ट्र' की बात की थी। उन्होंने कहा, ''अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है। सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने 'रामज्योति' जलाई और दिवाली मनाई तथा इस दौरान देश ने सामूहिकता की शक्ति देखी, जो विकसित भारत के संकल्पों का भी बहुत बड़ा आधार है। उन्होंने मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक स्वच्छता का अभियान चलाए जाने के अपने आह्वान का भी उल्लेख किया और कहा कि उन्हें अच्छा लगा कि लाखों लोगों ने श्रद्धाभाव से जुड़कर अपने अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की साफ़-सफाई की। उन्होंने कहा, ''यह भावना रुकनी नहीं चाहिए, ये अभियान रुकना नहीं चाहिए। सामूहिकता की यही शक्ति, हमारे देश को सफलता की नयी ऊंचाई पर पहुंचाएगी। प्रधानमंत्री ने इस साल गणतंत्र दिवस परेड को 'बहुत ही अद्भुत' करार दिया और कहा कि इस बार सबसे ज्यादा चर्चा महिला शक्ति की हुई। उन्होंने कहा, ''जब कर्त्तव्य पथ पर केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कदमताल शुरू किया तो सभी गर्व से भर उठे। महिला बैंड का मार्च देखकर, उनका जबरदस्त तालमेल देखकर, देश-विदेश में लोग झूम उठे। इस बार परेड में मार्च करने वाले 20 दस्तों में से 11 दस्ते महिलाओं के ही थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दौरान जो झांकियां निकाली गई उसमें भी सभी ● शेष पेज 11 पर

### सेल्फ हेल्प ग्रुप्स बोले पीएम

पीएम ने कहा कि एक और क्षेत्र है जहां महिलाओं ने अपना परचम लहराया है, वो है-सेल्फ हेल्प ग्रुप्स। आज महिला स्वयंसेवी समूहों की देश में संख्या भी बढ़ी है और उनके काम करने के दायरे का भी बहुत विस्तार हुआ है। वो दिन दूर नहीं, जब आपको गांव-गांव में खेतों में, नमो ड्रोन दीदियां, ड्रोन के माध्यम से खेती में मदद करती हुई दिखाई देंगी।

### पद्म पुरस्कारों पर

पीएम ने कहा कि पद्म सम्मान पाने वालों में हर किसी का योगदान देशवासियों को प्रेरित करने वाला है। इस बार सम्मान पाने वालों में बड़ी संख्या उन लोगों की है, जो शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य, थिएटर और भजन की दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्राकृत, मालवी और लम्बाडी भाषा में बहुत ही शानदार काम करने वालों को भी ये सम्मान दिया गया है। विदेश के भी कई लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जिनके कार्यों से भारतीय संस्कृति और विरासत को नई ऊंचाई मिल रही है । इनमें फ्रांस, ताईवान, मेक्सिको और बांग्लादेश के नागरिक भी शामिल हैं।

# संसदीय संस्कृति को बनाए रखने में सहयोग करें विधानसभा सदस्य : सतीश महाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सरकारी कामकाज और नीतियों की आलोचना करने का विपक्ष को पूर्ण अधिकार है, लेकिन सदन में औपचारिक अवसरों पर व्यवधान न विपक्ष के लिए शोभाजनक माना गया है और न ही इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत बनती है। विधायिका के सम्मान को नष्ट करने की दिशा में किया गया हमारा कोई भी कार्य लोकतंत्र पर घातक प्रहार है।

यह बातें यह विधानसभा अध्यक्ष ने मुंबई में आयोजित 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में 'एजेंडे के बिंदुओं पर चर्चा' सत्र को संबोधित करते हुए कही।

विस अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सदस्यों को सदन में अपनी बात कहने के लिए नियम और निर्धारित कार्य विधि के अंतर्गत ही व्यवहार करना चाहिए। नियमों में सदस्यों के लिए अनेक प्रावधान है, जिनके अंतर्गत वह अपनी बातों को प्रभावी ढंग से उठा सकते हैं। सदस्यों के समक्ष यह चुनौती होती है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं तथा ज्वलंत मुद्दों को सदन में इस प्रकार से उठाएं कि उनका निस्तारण शीघ्र हो। साथ ही विधायिका के प्रति विश्वास तथा गरिमा में वृद्धि होती रहे।

उन्होंने कहा कि एक प्रभावशाली जनप्रतिनिधि होने के लिए विधानसभा सदस्य को अपने शिष्ट सदाचारी तथा सहनशील व्यवहार के साथ दूसरों को समझने एवं सुनने की भी क्षमता रखनी चाहिए। सदस्यों का यह नैतिक दायित्व है कि वह संसदीय संस्कृति को बनाए रखने में सहयोग करें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदस्यों द्वारा आरोप-प्रत्यारोप, शोर-शराबा, धरना, बहिर्गमन, विधायिका के आंतरिक अनिवार्य दृश्य बन गए हैं। यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं और सामान्य शिष्टाचार के विपरीत है। राज्यपाल के अभिभाषण के अलावा भी सदन में अनावश्यक व्यवधानों से विधायिका का बहुत सारा समय हंगामें और शोर-शराबे में नष्ट हो जाता है। कारगर ढंग से कार्य करें समितियां तो मजबूत होगी छवि, सदन का बढ़ेगा मानएक अन्य सत्र समिति प्रणाली को अधिक उद्देश्यपूर्ण और प्रभावी कैसे बनाया जाए में श्रीमहाना ने कहा कि विधानसभा अपने कार्य का एक बड़ा हिस्सा समितियों के माध्यम से संपन्न करती है। यह संसदीय समितियां बहुत लाभदायक होती हैं। इससे सदन का समय बचता है, जो अन्य मामलों पर चर्चा में लगाया जा सकता है। विधानसभा की समितियां यदि कारगर ढंग से कार्य करें तो राज्य सरकार के विभागों को सही मार्गदर्शन देने में सहायक सिद्ध हो सकती हैं। इससे जनता के प्रति न केवल समिति की छवि मजबूत होगी, बल्कि सदन का मान भी बढ़ेगा। कार्यक्रम को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर तथा उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी संबोधित किया। महाराष्ट्र विधान परिषद की उप सभापति डा. नीलम गोरहे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एफ आई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही फिर शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रविवार को लखनऊ के बर्लिंगटन चौराहे पर स्थित एफ आई हॉस्पिटल पर एलडीए की टीम ने एक बार फिर से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू कर दी। यहाँ पर अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील कुमार व विहित प्राधिकारी शशि भूषण पाठक व सहायक अभियंता व कई अवर अभियंता पूरे दलबल के साथ पहुंचे ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू करवाई। इससे पहले भी एफ आई हॉस्पिटल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की गयी थी जिस पर हाईकोर्ट ने 2 सप्ताह के लिए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को रोक दिया था और मामले को निस्तारण के लिए मंडलायुक्त को भेजा गया था। अस्पताल के मालिक सिराज अहमद माफिया मुख़्तार अंसारी के क़रीबी बताये जा रहे हैं। इस अस्पताल को अवैध घोषित करके सील कर दिया गया था। एलडीए का कहना है कि यह अस?पताल मानकों के विपरीत बनाया गया था।

## सपा एमएलसी ने जिला कारागार में बंदियों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया

वाराणसी। समाजवादी पार्टी के एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने रविवार को चौकाघाट स्थित जिला कारागार में बंदियों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। एमएलसी ने कारागार में जेल अधिकारियों के साथ महिला बैरक, रसोई घर, एक्स-रे रूम एवं अन्य जगहों पर बंदियों को मिल रही सुविधाओं को देखा और बंदियों से बातचीत भी की। एमएलसी के निरीक्षण में कारागार परिसर में सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद थी, जिसकी उन्होंने सराहना की। लेकिन एम्बुलेंस खराब पड़ी धूल फांक रही थी। इसके साथ ही एक्सरे मशीन भी खराब थी। मशीन के संचालन के लिए कोई अटेंडेंट उपलब्ध नही था, जिस पर उन्होंने नाराज़गी जताई। और इस प्रकरण को विधान परिषद के आगामी सत्र में उठाने की बात कही। जिससे कारागार में बंदियों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## बूथ स्तर पर सुनी गई प्रधानमंत्री की मन की बात

**पडरौना, कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 109वें मन की बात कार्यक्रम का रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के सभी बूथों पर प्रसारण किया गया।जिले सभी जनप्रतिनिधि, नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने बूथ स्तर मन की बात कार्यक्रम को सुनी। मन की बात के जरिए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का ये पहला 'मन की बात'का कार्यक्रम है। अमृतकाल में एक नयी उमंग है, नयी तरंग है। दो दिन पहले हम सभी देशवासियों ने 75वाँ गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया है। इस साल हमारे संविधान के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के भी 75 वर्ष हो रहे हैं। हमारे लोकतंत्र के ये पर्व, लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है । सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम । देश के अनेकों लोगों ने इस दौरान राम भजन गाकर उन्हें श्रीराम के चरणों में समर्पित किया । 22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने रामज्योति जलाई, दिवाली मनाई । इस दौरान देश ने सामूहिकता की शक्ति देखी, जो विकसित भारत के हमारे संकल्पों का भी बहुत बड़ा आधार है ।

## 29 और 30 जनवरी को कक्षा 8 तक पठन-पाठन स्थगित

**पड़रौना,कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बढ़ती हुई ठंड एवं गलन के मद्देनजर जिलाधिकारी कुशीनगर उमेश मिश्रा के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर रामजियावन मौर्य के द्वारा 29एवं 30जनवरी को जनपद के कक्षा तक के छात्र-छात्राओं का पठन पाठन स्थगित रखने का निर्देश दिया गया है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त निर्देश/आदेश के क्रम में मौसम में व्याप्त अत्यधिक ठण्ड, शीतलहर, गलन और कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए *जनपद के समस्त बेसिक शिक्षा के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालय/राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त विद्यालय/वित्त विहीन/सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0/के0जी0बी0वी0 एवं अन्य समस्त बोर्डों के (नर्सरी से कक्षा 8 तक) विद्यालयों में दिनांक: 29 व 30-01-2024 को शिक्षण कार्य बन्द रहेगा* एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित होकर विभागीय कार्यों का सम्पादन सुनिश्चित करेंगे। बीएसए नें समस्त सम्बन्धित को उक्त का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है।

## सरकारी जमीन दोबारा कब्जा करने वाले प्लाटिंग कम्पनी के मालिक पर मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के धर्मावतखेड़ा गांव में बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटाए जाने के बावजूद प्लाटिंग कंपनी ने दोबारा सरकारी जमीन कब्जा कर ली। ग्राम प्रधान की शिकायत पर पुलिस ने प्लाटिंग कंपनी के मालिक के विरूद्व लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया है?। मोहनलालगंज तहसील के धर्मावतखेड़ा गाँव मे सौभाग्य सिटी व सुमित्रा डेवलपर्स के मालिक ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग कर दी थी, गांव वालो की शिकायत पर राजस्व टीम ने दिसंबर माह मे अवैध कब्जा जेसीबी से हटा दिया था लेकिन कंपनी ने सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जा कर प्लाटिंग शुरू कर दी। शनिवार को थाना समाधान दिवस मे ग्राम प्रधान सुमन रावत मे अवैध कब्जे की शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे जिसके बाद प्लाटिंग कंपनी के मालिक के विरूद्व पुलिस ने लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया।एसडीएम ने बताया राजस्व व पुलिस टीम को अवैध कब्जा हटाने के निर्देश भी दिये गये है।

## 20 फरवरी को धरना एवं 27 को शक्ति भवन पर सत्याग्रह करेंगे बिजली कर्मी

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विद्युत मज़दूर संगठन एवं विद्युत संविदा मज़दूर संगठन उप्र की केन्द्रीय कार्यकारिणी की ओर से 20 फ़रवरी को प्रदेश के हर ज़िले में धरना प्रदर्शन तथा 27 फ़रवरी को शक्ति भवन लखनऊ पर विशाल सत्याग्रह किए जाने का निर्णय लिया है। प्रान्तीय अध्यक्ष विमल चन्द्र पांडेय की अध्यक्षता में रविवार को संगठन के केंद्रीय कार्यालय में हुई और यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। उन्होंने कहा कि ऊर्ज़ा निगमों के चेयरमैन आशीष कुमार गोयल आईएएस द्वारा नियमित और संविदा कर्मचारियों की मांगों पर आश्वासन के बावजूद कोई भी आदेश जारी नहीं किए जाने पर क्षोभ व्यक्त किया गया। बैठक में शोएब हसन कार्य वाहक अध्यक्ष सहित जितेंद्र कुमार,प्रवीण सिंह,भोला सिंह कुशवाहा, राजेश्वर सिंह,सतीश तिवारी,आनन्द सिंह आदि प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। संगठन की मांग है कि नियमित कर्मचारियों का ग्रेड पे बढ़ाया जाए तथा निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत यार्डस्टिक के अनुसार डिस्काम और परियोजनाओं में कर्मचारियों के पद स्वीकृत किया जाए। संविदा लाइन मैन और एसएसओ को रुपये 25 हज़ार तथा श्रमिक को 18 हज़ार रुपये वेतन दिया जाए एवं कार्यरत संविदा कर्मियों को मृत्यु उपरांत 10 लाख रुपये क्षतिपूर्ति दी जाए। पांच वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मियों को रिक्त नियमित पदों पर नियुक्ति दी जाए।

## आरपीआई का प्रदेश पदाधिकारी सम्मेलन 29 को, लोकसभा चुनाव पर होगी चर्चा

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की 29 जनवरी को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों का सम्मेलन करेगी। गन्ना संस्थान में आयोजित प्रदेश पदाधिकारी सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. रामदास आठवले शामिल होंगे। इसमें लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने बताया कि आरपीआइ पिछले 10 वर्षों से उत्तर प्रदेश में सक्रियता से संघर्ष कर रही है। प्रदेश के हर जिले में आरपीआई की कार्यकारिणी है। दलित, वंचित, शोषित समाज के मुद्दों को लगातार उठा रही है। आरपीआई एनडीए के साथ गठबंधन में है। आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन और सीटों की दावेदारी को लेकर आरपीआई का प्रतिनिधिमंडल गृह मंत्री अमित शाह से मिलेगा। साथ ही सीटों को लेकर एक प्रस्ताव देगा।

## बिहार में डबल इंजन की सरकार भरेगी रफ्तार : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार की नई (एनडीए) सरकार बनने पर नीतीश कुमार को बधाई दी है। योगी ने एक्स पर लिखा है- नीतीश कुमार को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई ! पूर्ण विश्वास है कि बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सेवा, सुशासन और विकास के उत्कृष्ट मानक स्थापित करेगी।' दरअसल, बिहार में आरजेडी-जेडीयू गठबंधन की सरकार थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी से नाता तोड़ रविवार को दोपहर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया और शाम को एनडीए के समर्थन से एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा समेत कई मंत्रियों ने भी शपथ ली।

# पावरलिफ्टिंग व बाडी बिल्डिंग : कर्नाटक के एच रजप्पा ने जीता स्वर्ण, उप्र के संदीप को कांस्य

**छत्तीसगढ़ के राजकुमार ने 370 किग्रा भार उठाकर जीता रजत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। 45वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के पहले दिन पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल करते हुए दबदबा कायम किया। पहले दिन तीन भार वर्गों का फैसला हुआ, जिसमें मेजबान यूपी पावर सेक्टर के संदीप कुमार यादव ने 66 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता केपीटीसीएल (कर्नाटक की बिजली कंपनी) के एच. राजप्पा, भीमप्पा और एसएस रंजीथ ने उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर द्वारा आयोजित किया गया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के वेटलिफ्टिंग हाल में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। पहले दिन 59 किग्रा भार वर्ग में केपीटीसीएल के एच. राजप्पा ने 500 किग्रा टोटल वजन उठाकर स्वर्ण जीता। छत्तीसगढ़ के राजकुमार पाटकर ने 370 किग्रा टोटल वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। आसाम के सुमन दास को 155 किग्रा टोटल के साथ कांस्य पदक मिला। 66 किग्रा भार वर्ग में केपीटीसीएल के भीमप्पा ने 485 किग्रा टोटल वजन उठाते हुए स्वर्ण जीता। छत्तीसगढ़ के बलराम वस्त्राकर ने 460 किग्रा टोटल वजन उठाकर रजत व यूपी पावर सेक्टर के संदीप कुमार यादव ने 395 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। 74 किग्रा भार वर्ग में केपीटीसीएल के रंजीथ एसएस ने 535 किग्रा वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ के तिजुराम नेतम ने 505 किग्रा टोटल वजन उठाकर रजत व तेलंगाना के सी. तिरुसेलम ने 425 किग्रा वजन उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

# कुशीनगर में गांव तक लहराया तिरंगा,गूंजा वंदेमातरम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर! 75 वे गणतंत्र दिवस शुक्रवार को पडरौना नगर समेत जनपद भर में धूमधाम से मनाया गया। नगर समेत जनपद भर में तिरंगा,लहराया तो सभी ने तिरंगे की शान में सलामी ली। जन-मण मन की गूंज रही। सांस्कृतिक आयोजनों की धूम हर तरफ मची तो शहीदों को नमन कर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया गया। हाथों में तिरंगा लिए बच्चे अमर शहीदों की याद किए। सुबह प्रभात फ़ेरी में स्कूली बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा। जगह-जगह हुए आयोजनों में प्रतिभाएं सम्मानित हुई। बसंहिया बनवीरपुर टोला पिपरा में समाजसेवी निगम उर्फ डब्लु अंसारी समेत सद्दाब ने ध्वजारोहण कर झंडे की सलामी ली। यहां मौजूद लोगों ने समूह में जन गण मन हुआ। इस दौरान बसहियां बनवीरपुर के कोटेदार अयोध्या राव समेत आदि लोग मौजूद रहे !

# बाइक सवार छात्र को ट्राला ने रौंदा, दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**स्नातक की परीक्षा देने मथौली जा रहा था छात्र खालिद**

**नरायनपुर गांव के पास सुबह हुआ हादसा**

कुशीनगर। हाटाऽकप्तानगंज मार्ग पर स्थित नरायनपुर गांव के समीप रविवार की सुबह स्नातक की परीक्षा देने मथौली जा रहे एक छात्र को ट्राला ने सामने से ठोकर मार दिया। इस दौरान छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाई में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार कप्तानगंज कस्बा के शिव चौक निवासी खालिद पुत्र आजाद उम्र 23 वर्ष रविवार की सुबह बाइक से मथौली स्नातक की परीक्षा देने जा रहा था। अभी वह नरायनपुर गांव के समीप पहुंचा ही था कि हाटा की तरफ से आ रहा ट्राला ने ठोकर मार दिया जहां छात्र खालिद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके से पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा कि मृतक खालिद घर का एकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर सुनते ही मां सलमा, बहन आयशा व आफरीन का रो रोकर बुरा हाल हो गया। चीख पुकार से अगल बगल के लोग भी रो पड़े। मां सलमा बेहोश हो जा रही थी। ट्राला (ट्रक) को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# आजादी में हमारे पूर्वजों ने देश के लिए अपने प्राणों को निछावर किया था : सुंदरी अवस्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां सीतापुर- समाज के प्रति प्रेम और सेवा भाव हो तो समाज सेवा किसी भी तरह की जा सकती है । ऐसी ही सोच के साथ बीते कई वर्षों से क्षेत्र पंचायत बिसवा की ग्राम पंचायत सरैया मिर्ज़ापुर के गांव मिर्ज़ापुर निवासी सुंदरी अवस्थी जो की पूर्व माध्यमिक विद्यालय के रिटायर्ड प्रधानाध्यापक छन्नू लाल अवस्थी की धर्मपत्नी है । गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस को हर्षोउल्लास एवं उमंग के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों के मध्य मानती आ रही हैं । इस गणतंत्र दिवस को भी उन्होंने इस साधना के साथ प्राथमिक विद्यालय सरैया मिर्ज़ापुर में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्रों के साथ इस शुभ दिन की खुशियां बाँटी । सुंदरी अवस्थी बताती हैं कि हमारे गांव के विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे हमारे देश के बच्चे हैं वह इन बच्चों को स्कूली बैग कॉपी पेंसिल रबर बिस्किट देकर उनका हौसला अफजाई करती करती हूं जिससे हमें आत्म संतुष्टि मिलती है । गौरतलब हो कि उनके द्वारा लगभग दस वर्षों से लगातार विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रत्ता दिवस की प्रभात फ़ेरी में शामिल होकर विद्यालय प्रांगण में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले लेखन रंगोली निबंध आदि प्रतियोगिताएं में सहभागिता करती हैं तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में ही उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को अपने हाथों से पुरस्कार वितरण कर उनका मनोबल बढ़ाने का क्रम निरंतर गतिमान है । यही नहीं सुंदरी अवस्थी बताती है कि देश की आजादी में हमारे पूर्वजों ने देश के लिए अपने प्राणों को निछावर किया था हमारी सोच है कि हमारे यह नन्हे मुन्हे बच्चे देश की आजादी के महत्व को समझे और सभी आजादी के महानायको के बारे मे जानकर उनके पागचिंन्हो पर चल सके यह हमारे गांव के ही नहीं हमारे देश के बच्चे हैं यही बच्चे कल देश का भविष्य बनेंगे और आगे बढ़ेंगे तो कल देश के भविष्य उज्जवल और बेहतर बनाएंगे ।

# ईओ की गुण्डई : चेयरमैन और कर्मचारी को पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**चेयरमैन के समर्थकों ने ईओ को कूटा, ईओ के तहरीर पर अध्यक्ष सहित छह पर मुकदमा दर्ज**

कुशीनगर । कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने व कार्यालय मे आम जनमानस के साथ दुर्व्यवहार कर अपनी गुण्डई का खुला प्रर्दशन करने वाले नगर पंचायत तमकुहीराज के ईओ अमित सिंह अपने कुकृत्यो को लेकर एक बार फिर चर्चा में है। मातहतों व सभासदों को अपने जूते की नोक पर रखने का दम भरने वाले ईओ अमित सिंह शनिवार को नगर पंचायत की गरिमा को तार-तार करते हुए अपनी मनबढई की सारी हदे पार कर दिये। वह पहले कर्मचारी और ठेकेदार के साथ मारपीट किये और जब बीच बचाव कर मामले को शांत कराने के लिए मैदान मे उतरे चेयरमैन तो ईओ ने न सिर्फ उनका गिरेबान पकडकर लिया बल्कि उनको भी लात-घूंसे जड दिये यह देख अध्यक्ष के समर्थक व सभासदों ने ईओ की जमकर कुटाई कर दी। इसके बाद नपा कार्यालय अखाडे में तब्दील हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस दोनो पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। पुलिस एक तरफा कार्रवाई करते हुए ईओ के तहरीर पर अध्यक्ष सहित आधा दर्जन लोगो पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करने का दावा कर रही है।

काबिलेगौर है कि जिले के तमकुहीराज नगर पंचायत के ईओ अमित सिंह की कारगुजारी व मनबढई किस्से दूर तलक तक विख्यात है। बीते दिनों ईओ द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारी कुन्दन पाण्डेय के साथ की गई मारपीट व बदसलूकी का मामला अभी शांत भी नही हुआ कि शनिवार को ईओ का एक नया कारनामा सामने आया गया है।

**क्या है मामला**

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ठंड मे कंबल वितरण व चौक-चौराहों पर अलाव जलवाने की मांग को लेकर कुछ सभासद ईओ अमित सिंह से बातचीत कर रहे थे इस दौरान ईओ के बेअंदाज लहले का सभासदों ने विरोध किया तो ईओ और सभासदों मे तु-तु, मै-मै शुरू हो गया यह देख ईओ का ड्राइवर अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगा जिसका सभासदों के साथ मौजूद एक ठेकेदार ने आपत्ति जताते हुए मोबाइल छिन लिया इस पर बौखलाए ईओ उस ठेकेदार पर टूट पडे और उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद नगर पंचायत कार्यालय मे अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। बताया जाता है कि इसके पूर्व नगर पंचायत के कर्मचारी राहुल गोड से ईओ अमित सिंह की किसी बात पर कहासुनी हुई थी और अमित सिंह ने राहुल को थप्पड़ मार दिया जिसको लेकर नगर पंचायत कार्यालय मे पहले से ही माहौल गर्म था। तब तक ईओ ने ठेकेदार की पिटाई कर आग मे घी डाल दिया। नतीजतन गहमा-गहमी के बीच गाली-गलौज का दौर शुरू हो गया। इसी दरम्यान नगर पंचायत अध्यक्ष जेपी गुप्ता कार्यालय पहुच गये। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना कि हो-हल्ला और गहमागहमी देखकर अध्यक्ष ने ईओ, सभासद व कर्मचारियो को अपने कक्ष मे बुलवाया और बैठकर मामले को खत्म करने की बात कही। अध्यक्ष के चेम्बर मे पहुचे ईओ, सभासद व कर्मचारियों के बीच आरोप -प्रत्यारोप का दौर चल रहा था तभी ईओ अपना आपा खो बैठे और सामने मेज पर चढकर चेयरमैन जेपी गुप्ता को लात मारकर कुर्सी से नीचे गिरा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चेयरमैन कुछ समझ पाते इससे पहले अमित सिंह ने चेयरमैन का गिरेबान पकडकर लात-घूंसे जड दिये। यह देख नपा कार्यालय का तापमान सातवे आसमान पर पहुंच गया और चेयरमैन के समर्थक व सभासदों ने मिलकर ईओ की कुटाई कर दी। मारपीट के इस घटना मे ईओ और दुसरे पक्ष से चेयरमैन सहित दो लोग चोटिल हुए है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया और नगर पंचायत मे लगे सीसीटीवी फुटेज की डीवीआर को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल मे जुटी हुई है।

**ईओ के तहरीर पर चेयरमैन सहित छह पर मुकदमा दर्ज**

मारपीट के बाद शनिवार की रात तकरीबन आठ ईओ अमित सिंह के तहरीर पर तमकुहीराज पुलिस ने चेयरमैन जेपी गुप्ता सहित आधा दर्जन लोगो पर धारा 143,353,332, 504, 506,308 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई मे जुटी है। इधर चेयरमैन जेपी गुप्ता अपना

मेडिकल कराने के बाद ईओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पहुचे तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

**पहले भी कर्मचारी को पीट चुके है ईओ**

कहना ना होगा कि 28 अक्टूबर को आउटसोर्सिंग कम्प्युटर आपरेटर के पद पर कार्यरत कर्मचारी कुन्दन पाण्डेय नगर पंचायत कार्यालय के कम्प्युटर कक्ष में बैठकर कार्य कर रहे तभी ईओ अमित सिंह वहा पहुचे और पहले से मौजूद नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी अरविंद ओझा व वैभव राय व रुपेश श्रीवास्तव को कक्ष से बाहर निकालकर रुम को अंदर से बंद दिया और कुन्दन को भद्दी - भद्दी गालियाँ देते हुए कालरा पकडकर पिटने लगे। कुन्दन पाण्डेय ने पुलिस तहरीर देकर ईओ पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुये कार्रवाई करने की गुहार लगायी थी।

**चेयरमैन ने ईओ के खिलाफ जारी किया नोटिस**

बता दे कि नगर पंचायत अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने बीते दिनों अधिशासी अधिकारी अमित सिंह पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए नोटिस जारी कर स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देशित किया है। चेयरमैन ने जारी पत्र में अधिशासी अधिकारी अमित सिंह पर निकाय हित में कार्य नहीं करने, विकास कार्य में प्रगति नहीं लाने, शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने, मुख्यालय पर रात्रि विश्राम नही करने, निविदा प्रक्रिया अमल में नही लाने, नशे की हालात में चौकीदार एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी व कम्प्यूटर आपरेटर कुन्दन पाण्डेय से मारपीट करने, लोकसेवक नियमावली के विरुद्ध आचरण करने, भाजपा नेता अजय राय से अभद्रता करने, जिलाधिकारी द्वारा वेतन आहरण पर रोक लगाने के बावजूद उसका उलंघन करने आरोप लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। चेयरमैन के इस कार्रवाई के बाद से ईओ अमित सिंह को चेयरमैन जेपी गुप्ता फूटी आंख नही भा रहे है।

# छह राज्यों के पावर सेक्टर से जुटे खिलाड़ी ऊर्ज़ा मंत्री ने किया शुभारम्भ

## डी बिल्डिंग प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं मंत्री ए.के. शर्मा ने आज लखनऊ के के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 45वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस खेल प्रतिस्पर्धा में छह राज्यों असम, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगना, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश के कुल 180 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।इस अवसर पर ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि जनता की सेवा करते हुए खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेना बहुत ही सराहनीय है। आप सभी को अपने अपने क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन करना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी आपके साथ आ सकें और जनता से आपका सीधा संवाद भी स्थापित हो सके।

उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय (28 से 30 जनवरी, 2024 तक) अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावरलिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ ऊर्ज़ा मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ हार-जीत के लिए नहीं खेला जाता है। खेल को जीवन का अभिन्न अंग जिसने भी बना लिया है उसको शारीरिक और मानसिक दोनों का स्वास्थ्य लाभ मिलता है।ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। जीतते सभी नहीं हैं, मगर खेलते-खेलते हमारे प्रदर्शन में निरंतर सुधार आता रहता है। आप सभी जहां भी तैनात है या सेवा दे रहे हैं, वहां के क्षेत्रीय लोगों में भी कुछ ऐसे होंगे, जिन्हें खेल में रुचि होगी और किसी न किसी स्तर पर वह अपना प्रदर्शन कर भी रहे होंगे।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पहले खेलों को बहुत वरीयता नहीं दी जाती थी। खिलाड़ियों को भी किसी भी तरह से कोई सहयोग नहीं मिल पाता था। मगर आज आप जानते ही हैं कि मा. प्रधानमंत्री जी ने सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराकर हमारे बीच छिपी प्रतिभाओं को निकालने का कार्य किया है। साथ ही खेलों और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने और उनके प्रदर्शन को उत्कृष्ट बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ स्टेडियम, स्पोर्ट्स सामग्री, खिलाड़ियों को कोच की सुविधा व अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

इस अवसर पर प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष के.बी. सिंह (निदेशक, का. प्र. एवं प्रशा.), जे.डी. द्विवेदी (निदेशक, वितरण), सी. पी. यादव (अपर सचिव), शमशाद अहमद (अपर सचिव), वी.के. मिश्रा, राजकुमार रस्तोगी, अनिल निगम एवं आर.एन. पाल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूपी ग्रेस ने राजस्थान की टीम को हराया, पंजाब ने हरियाणा को दी मात

लखनऊ। अखिल भारतीय के.डी. सिंह बाबू सब जूनियर (14 वर्ष) प्राइज मनी हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन लीग राउंड के चार मैच खेले गये। इस मैच के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। विजय के लिए कड़ाके की ठंड में भी पसीने बहाते रहे। पहले मैच में उड़ीसा की नवल टाटा टीम ने मणीपुर को 4-1 से हरा दिया। वहीं यूपी ग्रेस ने राजस्थान की भीलवाड़ा हॉकी एकादश को 12-0 से हराया।पंजाब की रायल हॉकी एकेडमी और हरियाणा की एम.एम.एस. स्पोर्ट्स एकेडमी के बीच कंाटे की टक्कर रही। इस कड़ी टक्कर में रायल ने एम.एम.एस को तीन-दो से हरा दिया। पहले हॉफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हॉफ में रायल की टीम ने एक गोल दागकर बढ़त बना ली। वहीं तीसरे हॉफ में भी रायल ने एक गोल किया, लेकिन एम.एम.एस ने तीसरे हॉफ में ही दो गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। चौथे हाफ में रायल ने एक गोलकर बाजी मार ली। एचएफबी एनसीआर हॉकी सोसाइटी सोनीपत ने ग्रास रूट हॉकी, कलकत्ता को 5-3 से हराया। वहीं नावेल टाटा की टीम ने पहले हाफ में ही एक गोल कर बढ़त बना ली। दूसरे हॉफ में मणिपुर की टीम ने भी एक गोल किया, लेकिन इसमें भी उड़ीसा की टीम ने एक गोल कर बढ़त को बरकरार रखा। तीसरे हॉफ में उड़ीसा की टीम ने एक और गोल कर चार-एक से मैच को जीत लिया।यूपी ग्रेस और राजस्थान की एमयूपीएस भीलवाड़ा के बीच हुए मैच में यूपी के टीम की एकतरफ जीत रही।

# पिछड़ों व दलितों पर हो रहे अत्याचार को लेकर पीडीए पंचायत का हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक गोसाईगंज के सेक्टर कासिमपुर बीरुहा मे घ्क्ह पंचायत का आयोजन किया गया।जिसमे जय सिंह जयंत जिला अध्यक्ष ने सभी से संविधान बचाने के लिए इस लड़ाई में साथ देने के लिए अनुरोध किया। वही पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने पिछड़ों दलितों पर हो रहे अत्याचार को समाप्त करने के लिए लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीताने के लिए अपना वोट देने का अनुरोध किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के साथ समाजवादी पार्टी के पछ में भारी जनमत देनेकी अपील की इस दौरान पुर्व जिला अध्यक्ष आशिक अली,विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा,अनिल पासी,नवनीत सिंह,केशव रावत, ज्ञानेंद्र सिंह,आशिश यादव कमला,गुडड्न खखेडी,ब्रिजेश यादव,करूणेश कनौजिया,रामसमुझ रावत,फुलचन्द्र यादव, राधे श्याम यादव, एडवोकेट के पी यादव, हरीशंकर रावत एवं सभी बूथ प्रभारीगण व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## दीवार लेखन अभियान मे ंशामिल हुए भा ज पा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह

लखनऊ ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविवार को पश्चिम विधानसभा चुनाव मे भाजपा के टिकट पर उपविजेता रहे अंजनी श्रीवास्तव के आवास जाकर उनके पिता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की उसके बाद मन की बात कार्यक्रम सुनने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कैंट विधानसभा मंडल एक में बूथ संख्या 111 पर दीवार लेखन अभियान के अंतर्गत पार्टी का चिन्ह कमल का फूल बनाकर 'एक बार फिर से मोदी सरकार' लिखकर ''दीवार लेखन'' अभियान में सहभागिता की।क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेद, मंडल अध्यक्ष सचिन वैश्य, उपाध्यक्ष डॉक्टर पुष्प श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पश्चिम विधानसभा चुनाव में उपविजेता रहे भाजपा प्रत्याशी अंजनी श्रीवास्तव के पिताजी के निधन के उपरांत पुराना टिकैत गंज स्थित आवास जाकर उनके पिताजी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा साथ में पवन गुप्ता सह संयोजक महानगर सआदतगंज वार्ड 24मनोज चौरसिया वरिष्ठ भाजपा नेता भी उपस्थित रहे।

## अम्बालिका इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में डाक्टर श्वेता मिश्रा किया गया सम्मानित

मोहनलालगंज।अम्बालिका इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी की अतिरिक्त निदेशक डाक्टर श्वेता मिश्रा को अन्तराष्ट्रीय शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया।अतिरिक्त निदेशक डाक्टर श्वेता मिश्रा को वियतनाम के हनोई शहर में इंटरनेशल बेनेवोलेंट रिसर्च फाउंडेशन(आईबीआरएफ)कोलकाता के द्वारा आयोजित चतुर्थ इंडो ग्लोबल एजूकेशन कांफ्रेस-2024 में 'अन्तराष्ट्रीय शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार' से अतिथियों ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।डाक्टर श्वेता मिश्रा द्वारा शोध और शिक्षा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिये यह अवार्ड एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।इस पुरूस्कार को शोध और शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान माना जात है।डाक्टर श्वेता मिश्रा एक अग्रणी शिक्षाविद् है ओर उन्होने अपना करियर शिक्षा ओर शोध कार्य को समर्पित किया है?।यह पुरस्कार ना केवल डाक्टर मिश्रा की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देता है बल्कि शोध कार्य की महत्ता व आवश्यकता के महत्व को भी रेखाकिंत करता है।निदेशक अम्बिका मिश्रा,डायरेक्टर आशुतोष द्विवेदी समेत सभी शिक्षको ने डाक्टर श्वेता मिश्रा को उत्कृष्ट शिक्षा सम्मान मिलने पर बंधाई दी।

## वृन्दावन में सप्तदिवसीय भागवत कथा का पाँचवे दिन भक्तो की उमड़ी भीड

मोहनलालगंज। लखनऊ, पीजीआई के वृन्दावन योजना में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा में श्रीकृष्ण बाल लीला तथा गिरिराज छप्पन भोग पाँचवे दिन श्रोता गण काफी सख्या में मौजूद रहे ।वृन्दावन धाम से पधारे कथा वाचक कृष्ण कृपा पात्र पूज्य संत श्री राम शरण शास्त्री जी महराज ने पाँचवे दिन की कथा में भगवान श्री कृष्ण का बाल लीला , गिरिराज भगवान का छप्पन भोग लगाया गया ।भागवत कथा में शामिल अवध वृन्दावन डेवलपमेन्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष एस0 के0 द्विवेदी , समाज सेविका सोनाली गुप्ता सहित , क्षेत्रीय पार्षद संजीव अवस्थी , मो0 शकील सलमानी,अवधेश सिंह पत्रकार , हरीशंकर शर्मा , वार्ड अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ,रमेश ओझा, आशीष कुमार मिश्रा अमरेन्द्र बहादुर वर्मा , ठाकुर शिवमगन सिंह , विजय रावत , अवधेश कुमार गुप्ता, पं0 शिवाकान्त सैकड़ो की संख्या मे श्रद्धालु गण आरती कर प्रसाद ग्रहण किया ।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

बंथरा। बंथरा इलाके में शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर लोगों में काफी उत्साह का माहौल रहा। यहां सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों राज्य के कार्यालय सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के कार्यालय में तिरंगा फहराया गया। तमाम जगहों पर तिरंगा यात्राएं भी निकाली गई। नगर पंचायत बंथरा कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष रामवती ने झंडारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पवित्र दिन हम लोगों को बहुत संघर्षों के बाद मिला है। हमें दी हुई कुर्बानियों को याद रखना चाहिए लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अच्छे नागरिक रूप में अपना योगदान देना चाहिए। वही सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत रावत ने कहा कि आज ही के दिन भारत गणराज्य बना था। गणतंत्र दिवस हमारे लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह वह दिन है जब हमने अपने भाग्य को नियंत्रित करने का फैसला लिया और अपने देश के विकास की जिम्मेदारी कंधों पर ली। समाजसेवी रंजीत रावत ने कहा कि लोकतंत्र की जननी के रूप में हमारे देश ने जो यात्रा तय की है वह अभूतपूर्व है।

## लखनऊ की अनिका और बरेली श्रेष्ठ शर्मा ने जीते स्वर्ण

लखनऊ। विराट, जैन अली, दीपांशु ने चतुर्थ भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेई स्मारक राज्य ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता के पहले दिन स्वर्ण पदक जीते। पहला स्वर्ण लखनऊ के विराट ने सब जूनियर अंडर 21 कि ग्रा तथा जैन अली ने ने सब जूनियर अंडर 18 कि ग्रा भार वर्ग में जीता।उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ द्वारा आयोजित केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू तथा वी. के. साहू ने स्व.अटल बिहारी बाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

# एथेनॉल लदा टैंकर पलटा टला बड़ा हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर । रविवार तड़के करीब 4 बजे क्षेत्र के एयरपोर्ट व हज हाउस के बीच शांतिनगर के निकट कानपुर की ओर जा रहा एक एथेनॉल लदा टैंकर पलट गया। टैंकर पलटने के कुछ ही देर बाद इथेनॉल टैंकर से निकलकर सड़क पर फैलने लगा इसकी सूचना मिलते ही पुलिस सहित दमकल विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में सरोजिनी नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की गंभीरता को भांपते हुए घटनास्थल के आसपास के घर वालों को एलर्ट करने के साथ लखनऊ से कानपुर की ओर जाने वाली सड़क को जाम किया गया इसके बाद दमकल विभाग की कई टीमों को लगाकर घटना पर काबू पाया गया। थाना प्रभारी सरोजिनी नगर के मुताबिक घटना की सूचना मिलते ही अधिकारी द्वारा मय पुलिस टीम सहित तीन फायर टैंकर के



साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुआ, पहुंचकर देखा की गाड़ी संख्या यूपी 53 बीटी 6888 जो कि गुलहरिया चीनी मिल लखीमपुर से एथेनॉल लेकर रिलायंस डिपो माती कानपूर देहात जा रहा थी रास्ते में हज हाउस के पहले शांतिनगर में कानपूर रोड पर अनियंत्रित होकर रोड पर पलट गया था और उसमे लोड एथेनॉल फ़ैल रहा था। प्रभारी द्वारा तुरंत मौके की गंभीरता को समझते हुए आसपास के घरो को खाली कराया तथा फ़ैल रहे एथेनॉल पर फोम डलवाया गया ताकि खतरे को कम किया जा सके और आलमबाग, चौक तथा पीजीआई से भी फायर टैंकर गाड़ी को एहतियात के तौर पर बुला लिया गया, कुछ ही समय बाद सीएफओ लखनऊ मंगेश कुमार तथा प्रभारी अधिकारी आलमबाग धर्मपाल सिंह भी मौके पर पहुँच गए। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल,सीएफओ व फायर सर्विस की टीम के अथक परिश्रम व सूझबूझ से यातायात को रोकते हुए क्रेनो के द्वारा पलटे हुए उक्त टैंकर को सुरक्षित सीधा खड़ा कराया गया और आसपास फैले पड़े एथेनॉल पर पानी व फोम डालकर उसे बहाया गया जिससे आग लगने के खतरे को कम कर दिया गया। चालक अनूप द्वारा बताया गया कि गाड़ी मालिक का नाम बबलू है जो इंडियन टैंकर्स गोरखपुर की गाड़ी है।

# नियम विरुद्ध तरीके से मौके पर दखल दिहानी करा रहे हैं क्षेत्रीय लेखपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगज तहसील की ग्राम पंचायत कुढ़ा में किसान जितेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को लगभग शाम चार बजे क्षेत्रीय लेखपाल विशाल सिंह के द्वारा बिना किसी भी प्रकार की सूचना दिए हुए खेत में खड़ी गेहूं की फसल में विधि नियमों के विपरीत बाज बरजस्ती व मनमानी तरीके से मौके पर दखल दिहानी करा दी मेरी गाटा संख्या 105 419 1080 उत्कर्ष बनाम दुलारा वाद संख्या द्द 20171046390311713 न्यायालय में उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज के यहां दिनांक 27 /2 /2023 को वादी के द्वारा तथ्य को छुपाते हुए विधि नियमों के विपरीत जाकर वाद का निस्तारण करा लिया गया जबकि इस दौरान मुकदमा प्रतिवादी वीरेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय प्यारेलाल की मृत्यु दिनांक 13/72022 और राहुल कुमार पुत्र स्वर्गीय राधेलाल की मृत्यु दिनांक 7/ 2 /2023 को हो गई थी जिनके स्थान पर उनकी लीगल वारिशनो कायामुकाम कराके आदेश पारित किया जाना चाहिए था लेकिन वादी के द्वारा सभी तथ्यों को छुपा कर प्रश्नगत उपरोक्त आदेश पारित करा लिया गया है जब मुझे इसकी जानकारी हुई तो उपरोक्त मुकदमे में अपना पुनर्स्थापना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो मोहनलालगंज उप जिलाधिकारी के समक्ष विचाराधीन है जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई थी एक प्रार्थना पत्र की प्रति भी लेखपाल को उपलब्ध करा दी गई थी परंतु क्षेत्रीय लेखपाल ने एक भी ना सुनी जबकि आज मौके पर राजस्व विभाग का अन्य कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं था जबकि दखल देहनी करने का कार्य क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को है ।

# जीवन दान हॉस्पिटल में शान-ओ-शौकत से लहराया गया तिरंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। के राजाजीपुरम ई ब्लॉक में स्थित जीवन दान अस्पताल ने ,गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोहल्लास के साथ मनाया गया। जीवन दान हॉस्पिटल ,के संस्थापक विशाल सिह यादव, एम.डी डॉक्टर संतोष वर्मा,स्टाफ, नर्स ,मौके पर मौज़ूद मुख्य अतिथि लखनऊ कैंट विधायक सुरेश तिवारी ,पार्षद अजय दीक्षित,व कई प्रतिष्ठित पत्रकारों व अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान के साथ देश के अमर शहीदों को याद किया गया। 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर जश्न मे डूबे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नन्हे-मुन्ने बच्चे हाथों में अपने देश का तिरंगा झंडा लेकर उत्साहित दिखाई दिए। वहीं शहर के ,जीवन दान हॉस्पिटल समेत विभिन्न जगहों पर ध्वजारोहण सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।जीवनदान हॉस्पिटल की ओर से कई गणमान्य पत्रकारों को शॉल ओढ़ा कर व स्मृति चिन्ह देकर उन्हे सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉक्टर संतोष कुमार वर्मा, डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव , डॉ मुजफ्फर मुजाहिद व हॉस्पिटल संस्थापक व समाज़ सेवी विशाल सिह यादव सहित अस्पताल के स्टाफ कर्मचारी बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# भारतीय विकास समिति के तत्वावधान में ध्वजारोहण एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 75वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व के अवसर पर भारतीय विकास समिति के तत्वावधान में ध्वजारोहण एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन राजाजीपुरम कालोनी के सी.राजगोपालाचारी पार्क में संपन्न हुआ और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का आग्रह के साथ विभिन्न स्कूलों के बच्चों को चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

ध्वजारोहण के उपरांत भारतीय विकास समिति अध्यक्ष रामगोपाल सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम से पूर्व विभिन्न स्कूल के बच्चों ने गणतंत्र दिवस पर आधारित ऑनलाइन चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता ग्रुप-ए में अयांश गुप्ता प्रथम, पंखुड़ी साहू द्वितीय, रुद्र निगम तृतीय, ग्रुप-बी में लक्ष्य सक्सेना सर्वश्रेष्ठ, सम्भव सिंह राजपूत प्रथम, कुमार



अक्षत ''अनमोल'' द्वितीय, भावेश कुमार तृतीय और ग्रुप-सी में श्रुति शर्मा सर्वश्रेष्ठ, प्रशांत पाण्डेय प्रथम, यशवी शर्मा द्वितीय, आराध्या प्रिया द्वितीय 2, अग्रिमा पाण्डेय तृतीय तथा निबंध प्रतियोगिता में ग्रुप-ए में आदर्श शर्मा प्रथम, आरवी गुप्ता द्वितीय, अभिनव मौर्य तृतीय व ग्रुप-बी में स्पर्श गुप्ता प्रथम, पारूल गुप्ता द्वितीय, पल्लवी गुप्ता तृतीय विजेता रहे। सर्वश्रेष्ठ को स्पेशल पुरस्कार और प्रथम, द्वितीय, तृतीय को शील्ड प्रदान की गई साथ ही सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अधिशाषी अधिकारी श्री मुकेश कुमार निगम, अध्यक्ष रामगोपाल सिंह, महामंत्री सलमान हैदर रिज़वी, विजय शंकर मिश्रा, डीसी पाल, सुनील कुमार, अनिल मिश्रा, अश्वनी मिश्रा, अंचल मिश्रा, विनोद कुमार शर्मा, श्रीमती शकुंतला मिश्रा, मीना निगम, संजू प्रसाद, मीतू सिंह, लक्ष्मी साहू, देवांश अवस्थी, अभिनव मिश्रा, हिमांशु अवस्थी, अर्पित सिंह आदि ।

# पहाड़पुर में विधायक का लगा जनता दरबार सुनी गईं गांव की समस्याएं

## स्वास्थ्य शिविर के साथ मेघावियों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा रविवार को सरोजनी नगर के ग्राम पंचायत पहाड़पुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई व निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

स्वर्गीय तारा सिंह की स्मृति में आयोजित इस शिविर में आम जनता की समस्याओं को विधायक कार्यालय की टीम व भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव शंकर सिंह ''शंकरी'' द्वारा सुना गया।

नाली,सड़क, आवास,सोलर लाइट ,विद्युत पोल ,बारात घर संबंधित 34 समस्याएँ सुनी गई।कार्यक्रम में छात्रो को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उनका मार्गदर्शन और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा गाँव की शान कार्यक्रम के अन्तर्गत गाँव के आलोक सिंह, विशाल रावत ,शिवानी ,आकांक्षा आदि मेधावियों को प्रशस्ति



पत्र,दीवार घड़ी और साइकिल देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी ने कहा कि कभी भी अपनी युवा क्षमता को बर्बाद नहीं करें और अपनी क्षमता का सही इस्तेमाल करें। चाहे आप जीवन में जो भी बनना चाहते हैं ऽ एक डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, मूर्तिकार, अभिनेता आदि कभी भी आप जो भी करें उसे पूरा करने के लिए अपने सबसे अच्छे प्रयासों में कमी ना आने दें।इसलिए विधायक जी प्रतिभाओं को सम्मानित करते हैं।

यहां विधायक की टीम ने लोगों से सहजतापूर्वक संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों से भी ग्रामवासियों को अवगत कराया। गाँव की जनता ने समस्याओं से निदान हेतु विधायक द्वारा प्रारंभ अभिनव पहल 'आपका विधायक, आपके द्वार जनसुनवाई शिविर के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान माता तारा सिंह जी की प्रेरणा से आरंभ हुए 'तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से मौजूद लोगों को ताजा व स्वादिष्ट भोजन भी कराया गया।

युवाओं को खेल के अवसर दिलाने तथा खेल संसाधनों के प्रसार के लिए पहाड़पुर यूथ क्लब का गठन कर वॉलीबॉल किट प्रदान की गई । सबसे बुजुर्ग 90 वर्षीय महेश प्रसाद को विधायक की टीम ने भेंट कर उन्हें श्रीमद्भगवतगीता, अंगवस्त्र व सहायता राशि देकर सम्मानित किया।

इस मौक़े पर स्वास्थ्य परीक्षण में क़रीब 60 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई ।कार्यक्रम में विधायक कार्यालय प्रभारी के0 एन0 सिंह ,राजेश त्रिपाठी , बी0 बी0 तिवारी, विनय दीक्षित ,प्रधान रंजीत कुमार ,राजाराम सिंह ,बंशीधर पांडेय , मुन्ना माली ,विकास सिंह ,अंचल गौतम , महेश कुमार देव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बच्चों को राष्ट्रीय उत्सवों में सहभागिता के लिए प्रेरित करें : रवि कुमार सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ - ''बच्चों को राष्ट्रीय उत्सवों में सहभागिता के लिए प्रेरित करें'' यह उद्गार मुख्य अतिथि सम्भागीय वन अधिकारी रवि कुमार सिंह ने नेहरू एंक्लेव में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात बोलते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब भारत 2047 में शताब्दी मना रहा होगा, तब इन्हीं बच्चों की ही मुख्य भूमिका होगी।

नेहरू एंक्लेव, गोमतीनगर के निवासियों ने डॉ अंजू वार्ष्णेय के नेतृत्व में 75वें गणतंत्र दिवस को श्रीराम पार्क में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रवि कुमार सिंह के साथ एक पहल मुस्कराहट की की अध्यक्ष डॉ. अंजू वार्ष्णेय, सी.ए अरविंद कुमार गुप्ता,मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा व अन्य ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया तथा उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में नेहरू एंक्लेव के निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दिवाकर खरे डायरेक्टर लोक भवन एवं अशोक नवरत्न ,ओज कवि मुकेशानंद मधु रावत, राजेश कुमार, रवि शंकर श्रीवास्तव, आर. के. सिंह, के. के राजपूत, डॉ शशिन गुप्ता, के. एस. मिश्रा, रेखा शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लोडर चालक की सदिग्धं परिस्थितियों में मौत

मोहनलालगंज।केरल में माल डिलवरी कर लोडर लेकर नोएडा वापस जा रहे चालक की शनिवार की देर रात मोहनलालगंज के कनकहा गांव के पास सदिग्धं परिस्थितियों में मौत हो गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एटा जनपद के थाना मिरहची क्षेत्र के चाटी गांव निवासी चालक संतोष कुमार(44वर्ष) नोएडा में स्थित एक ट्रासपोर्ट कम्पनी का लोडर चलाते थे,केरल में माल डिलवरी कर शनिवार की रात 11बजे के करीब रायबरेली-लखनऊ हाइवे होते हुये लोडर लेकर वापस नोएडा जा रहे,चालक संतोष कुमार मोहनलालगंज के कनकहा गांव के पास लोडर हाइवे किनारे खड़ा कर एक ढाबे पर चाय पीने के बाद उठाकर चला तो अचानक से गश खाकर गिर गया।जिसे आनन-फानन ने पुलिस की मदद से सीएचसी मोहनलालगंज लेकर गयें,जहां उसे डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मृतक चालक के परिजनो व लोडर मालिक को फो?न कर सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

# भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली तिरंगा बाइक यात्रा, अभिषेक गुप्ता बोले–सभी वर्गों के लिए मोदी सरकार ने किया काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद सीतापुर 26जनवरी 75वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीतापुर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा की रैली खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें पन्द्रह सौ से अधिक बाइक सवार कार्यक्रताओं ने भाग लिया।

अभिषेक गुप्ता ने कहा हमने खैराबाद में अल्प समय मे विकास के बहुत सारे कार्य करवाते हुए भाजपा पार्टी के प्रत्येक निर्देशो पर खरा उतरने का प्रयास किया है आज बाइक रैली में हमारे हजारों कार्यक्रताओं ने भाग लिया है इससे पहले भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भी पचासों हजार श्रद्धालुवों ने शोभा यात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया था। ये सब जनता का प्यार व आशीर्वाद है जिससे हम सभी अभिभूत है, व दिल से सभी का आभार प्रकट करता हु। उत्तर प्रदेश



नगरविकास व विद्युत विभाग के कैबिनेट मंत्री माननीय ए के शर्मा जी ने नगरपालिका खैराबाद का वीडियो अपनी फ़ेसबुक आईडी से पोस्ट किया था जिससे हम सबको गर्व की अनुभूति हुई।

इस दौरान नि. जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि पूरे विश्व मे अपने कार्यों निर्णयों जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र ने मां भारती को विश्वगुरु बनाने में अपना सफल योगदान प्रदान किया है। कार्यक्रम में मिश्रिख विधायक राम कृष्ण भार्गव,इंदु सिंह,भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा,भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अनूप विष्वकर्मा,जिला महामंत्री वैभव सिंह,अंशु मिश्र,समस्त नगरपालिका खैराबाद के सभासद,व अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

**इससे पहले खैराबाद में 22 जनवरी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकली थी 50 हजार से अधिक श्रद्धालुवों की ऐतिहासिक शोभा यात्रा**

**उत्तर प्रदेश केबिनेट मंत्री ए के शर्मा ने शेयर किया था फ़ेसबुक पर खैराबाद नगरपालिका की सजावट का वीडियो**

**खैराबाद में हुए कार्यक्रमों की चर्चा क्षेत्र में हो रही चारो ओर**

# दलित, शोषित व वंचितों की आवाज थे कर्पूरी ठाकुर : सुरेश राही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**भारत रत्न से नवाज कर मोदी सरकार ने बढ़ाया समाज का मान**

**सीतापुर में धूमधाम से मनाई गई कर्पूरी ठाकुर की जन्मशताब्दी**

सीतापुर। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी रविवार को शहर के लालबाग शहीद पार्क में धूमधाम से मनाई गई। आल इंडिया महापद्मनंद कम्यूनिटी एजूकेटेड एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में सूबे के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही व श्रम कामगार मंत्री गिरीश श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक संगठन अध्यक्ष अनिल कुमार नंद ने अतिथियों का स्वागत किया। कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कर्पूरी ठाकुर को महा मानव की संज्ञा देते हुए कहा कि उन्होंने संपूर्ण जीवन भारत के दलित, शोषित और वंचितों के लिए संघर्ष करते हुए बिताया। सुरेश राही ने कहा कि भाजपा सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से नवाज कर संपूर्ण समाज का गौरव बढ़ाया है। श्रम कामगार मंत्री गिरीश श्रीवास्तव ने कहा कि उस दौर में जब जातीय भिन्नता के कारण समूचे देश में हाहाकार मचा था उस समय कर्पूरी ठाकुर ने कमजोर वर्ग का नेतृत्व कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का काम किया। यहीं नहीं कर्पूरी ठाकुर ने समूचा जीवन दलित, वंचित व शोषितों के लिए समर्पित कर दिया। संगठन अध्यक्ष अनिल नंद ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन के लोगों को एकजुट रहने का संदेश दिया। इस मौके पर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र बाजपेयी प्रेमू ने आयोजन में महती भूमिका निभाई। इस दौरान संरक्षक जीएल गांधी, एसपी सिंह नंद, हरेराम फौजी, ठाकुर रामकिशोर, विजय कुमार नंद, सुनील कुमार नंद, विनोद नंद, प्रदीप नंद, आकाश नंद, रजनीश नंद, मयाराम, कृतिका श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# तिलिस्मी जांच बनकर रह गई ग्रामीणों की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सांडा/सीतापुर। भ्रष्ट कार्यशैली के चलते निलंबन जैसी बड़ी कार्यवाही की गाज झेलकर पुनः बहाल होकर लौटे सचिव विकास तिवारी अपने भ्रष्ट नापाक इरादों से बाज नहीं आ रहे है। अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार किए जा रहे हैं। ज्ञात हो विकास खंड सकरन की लगभग दर्जन भर ग्राम पंचायतों में तैनात सचिव विकास तिवारी के घोटालों पर अंकुश लगाने में प्रशासन भी नाकाम साबित हो रहा है। ग्रामीणों की कई शिकायतों के बाद भी प्रशासन के द्वारा सचिव विकास तिवारी पर कार्यवाही शून्य है। बता दें सचिव विकास तिवारी की ग्राम पंचायतें जैसे पटना, बसैहा कोठार,पटनी,रेवन आदि समेत इनकी कई ग्राम पंचायतों में हैंडपंप रिबोर,स्ट्रीट लाइट,ह्यूम पाइप,नल मरम्मत,पंचायत भवन निर्माण आदि कई विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। जवाब दें खंड विकास अधिकारी सकरन कौन सी डेस्टबीन में गए लोगों के शिकायती पत्र। राजाओं जैसी ठसक दिखा कर जनता का फोन न उठाने वाले बीडीओ व जेई भी सवालों के घेरे में आ गए हैं। सचिव विकास तिवारी की ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार में लिपटे विकास कार्यों का बिना स्थलीय निरीक्षण किए कार्यों का भुगतान हो गया। था तो अब ग्रामीणों के शिकायती पत्र पर करवाही शून्य क्यों है।

**क्या कहते हैं अधिकारी।**

मामला संज्ञान में आ गया है इस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कराई जाएगी दोषी पाए जाने पर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी भ्रष्टाचार के मामले में किसी को बख्शा नहीं जाएगा।
मनोज कुमार डीपीआरओ सीतापुर।

# सामाजिक,राजनैतिक, शैक्षिक सरोकार जरूरी : डॉ0 पूर्वी वर्मा

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। सामाजिक विकास के लिए एकता,जागरूकता और चिंतन के साथ राजनीतिक, शैक्षिक, बौद्धिक चेतना के सरोकार जरूरी। उक्त विचार कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव एवं पूर्व खीरी लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर पूर्वी वर्मा ने कुर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति पटेल संस्थान गोला की तरफ से आयोजित खिचड़ी भोज एवं शपथ ग्रहण समारोह में बतौर अतिथि व्यक्त किए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन उपरांत हुआ। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।अध्यक्षता रामविलास वर्मा संचालन शिक्षक पूर्व अध्यक्ष पारस वर्मा ने किया। नई कमेटी को पद एवं गोपनीयता की शपथ सभासद नानक चंद वर्मा ने दिलाई। डॉ पूर्वी ने सामाजिक एकता के सिद्धांतों पर बल देते हुए कहा समाज के शोषित पीड़ित वंचित वर्ग के लिए संघर्ष करना होगा। आचरण और साख के बल पर सम्मान से आगे बढ़े। उन्होंने मध्यप्रदेश में पटेल प्रतिमा को तोड़ने वाले एवं साजिश करने बालों को बेनकाब करने की मांग की।कहा कि ऐसी चिड़िया बनो कि साजिश रूपी जाल में फंसने की बजाय उसे ही लेकर के उड़ जाओ। पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा ने सरदार पटेल के विचारों की प्रासंगिकता बताई कहा कि कृषि,राजनीति, शिक्षा समेत हर क्षेत्र में नौजवान आगे निकलें। सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर नंदलाल पटेल ने सामाजिक न्याय एवं सामाजिक एकता के सिद्धांतों को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम को कंाग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल,पूर्व दर्जा मंत्री सुर्जन लाल वर्मा,विनोद वर्मा, मूलचंद वर्मा, सत्यराम उर्फ ललन वर्मा,अशोक कनौजिया, शिवनंदन वर्मा, ललित वर्मा, अशोक वर्मा, महेश वर्मा एड,अद नेता राजीव पटेल, बार अध्यक्ष राकेश वर्मा एड,संजय वर्मा एड,पूर्व एसीएमओ रविन्द्र नाथ ने सम्बोधित किया। अध्यक्ष आनंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनरेश, उपाध्यक्ष सभासद हरिओम, मंत्री सुरेश एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सतीश,उप मंत्री पटेल सुशील, संयुक्त मंत्री कौशल, लेखा निरीक्षक राजीव, मीडिया प्रभारी संजय,व श्री पाल,शिवनंदन, मनोज, चंद्रशेखर, अभिषेक,अभिषेक, विक्रम,डॉक्टर योगराज, विनोद, रामनरेश आदि मौजूद रहे।

# अवैध वसूली के मामले में नया मोड़, एसडीएम की आख्या को चुनौती दे रही रेउसा पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सांडा/सीतापुर। जेई संतोष कुमार ने नौकरी वापस दिलाने के बदले की अवैध वसूली। खाते व नकदी समेत लिए 40 हजार रुपये। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से जनसुनवाई के माध्यम से की थी शिकायत। जिलाधिकारी सीतापुर ने मामले को संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को जांच के आदेश दिए थे। जांच में जेई पर आरोप सिद्ध। थाना क्षेत्र तंबौर, विकास क्षेत्र बेहटा के अंतर्गत ग्राम सीकरी निवासी प्रदीप कुमार अवस्थी विद्युत उपखण्ड रेउसा में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। इसी दौरान विगत 13 अगस्त को अवर अभियंता रेउसा संतोष कुमार ने मौखिक रूप से बताया कि आपको कम्पनी ने नौकरी से निकाल दिया है। जिसके बाद पुनः नौकरी पर रखने के बदले में अवर अभियंता संतोष कुमार ने 50 हजार रुपये की मांग की। जिसके बाद पीड़ित ने 10 हजार नकद व यूपीआई के माध्यम से 30 हजार रुपये खाते से ट्रांसफर किये, जोकि किसी सादाब के नाम पर था। बाकी 10 हजार देने में असमर्थता जताने पर जेई ने गुस्से में आकर कहा कि अगर शेष रुपये न दिए तो नौकरी पर नहीं रखूंगा, लेनदेन की बात कहीं बताने पर झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश शासन को शिकायत दर्ज कराई, जिसके आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी सीतापुर ने उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को जांच सौंपी। जांच में जेई पर आरोप सिद्ध हुए। जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने विभागीय कार्यवाही हेतु अधीक्षण अभियंता सीतापुर को जांच रिपोर्ट अग्रेषित कर दी। मामले ने नया मोड़ तब लिया जब निष्काषित ऑपरेटर की वेतन पत्रिका देखी गई, जिसमे ऑपरेटर को नौकरी से निकाले जाने के बावजूद भी उसको वेतन मिलता रहा, जिससे साबित होता है कि ऑपरेटर से अवैध वसूली करने के लिए उसको मौखित रूप से नौकरी से निकाला गया, जब ऑपरेटर ने अतिरिक्त रुपयों की मांग को नकार दिया तो उसके ऊपर नाजायज आरोप लगाकर उसको नौकरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। पूरे मामले में अधीक्षण अभियंता सीतापुर से सम्पर्क करना चाहा लेकिन घण्टी बजती रही फोन नहीं उठा।

**एसडीओ, जेई व पुलिस के कार्यशैली में भारी झोल**

**निष्काषित ऑपरेटर को मिलता रहा वेतन**

पूरे प्रकरण की जांच की गई, जांच में अवर अभियंता रेउसा संतोष कुमार प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए, जिसकी अलग से रिपोर्ट अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल सीतापुर को विभागीय कार्यवाही हेतु भेजी गई है

–शिखा शुक्ला उपजिलाधिकारी महमूदाबाद।

## पूर्व निष्काषित अन्य ऑपरेटरों से अवैध वसूली का बनाया दबाव

आरोपित जेई ने पहले से निष्काषित ऑपरेटरों को पुनः नौकरी पर रखने के लिए 50 हजार प्रति ऑपरेटर के हिसाब से वसूलकर देने का पीड़ित पर दबाव बनाया। पीड़ित ने जब असमर्थता जताई तो बदले में कहीं भी नौकरी के लायक न रखने की धमकी भी दी।

## ज्ञान तिवारी के लेटर पैड की हुई अनदेखी।

पुलिस व एसडीओ की सांठगांठ के चलते नहीं हुई जांच।

विद्युत उपखण्ड अधिकारी की आख्या के आधार पर रेउसा पुलिस ने जांच पूरी कर दी, जबकि पीड़ित के पास साक्ष्य होने के बावजूद पुलिस ने भारी लापरवाही व मनमाने ढंग से मामले का निस्तारण किया है, जबकि पीड़ित ऑपरेटर के पास अवर अभियंता के द्वारा की गई अवैध वसूली से सम्बंधित पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, जिनको पुलिस ने हरे नोटों के आगे अनदेखा कर दिया। मामला यहीं नहीं खत्म होता है, कुछ समय पहले क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी के लेटर पैड पर आरोपी जेई व एसडीओ ने आख्या लगाई कि उक्त ऑपरेटर राजस्व वसूली का कार्य पूरी लगन व निष्ठा से करते हैं, इसके बावजूद पीड़ित को बिना कोई नोटिस व आदेश के लापरवाही बरतने की वजह से निष्कासित कर दिया। निष्काषित होने के बावजूद भी पीड़ित को वेतन मिलता रहा और लगातार उपस्थित रहा। इससे ज्ञात होता है कि विद्युत उपखण्ड अधिकारी रेउसा शुभम शर्मा, अवर अभियंता संतोष कुमार व थाना प्रभारी घनश्याम राम की मिलीभगत व कार्य के प्रति संवेदनशील न होना दर्शाता है, जिसमे गलत साक्ष्य प्रस्तुत करना, उच्चाधिकारी को गुमराह आदि शामिल हैं।

## तहरीर भोज के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं वा पत्रकारों का हुआ सम्मान



महमूदाबाद/सीतापुर। पूर्व भाजपा विधायक एवम् सीतापुर लोक सभा सीट से संभावित भाजपा उम्मीदवारी महेंद्र यादव के द्वारा नगर स्थित जिला पंचायत गेस्ट हाउस में तहरी भोज के साथ सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम के दौरान महेंद्र यादव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि योगी और मोदी जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। बीजेपी पर जनता का अटूट विश्वास है। आगामी लोकसभा के चुनाव में क्षेत्र को सम्मानित जनता फिर कमल खिलाएगी। इस कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ग्रामपंचायतों के प्रधानों और समाजसेवियों सहित महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान पूर्व भाजपा विधायक बिसवां महेंद्र यादव द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी लोगों ने तहरी भोज किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश वर्मा,विजय सिंह तोमर,नागेंद्र यादव,हवलदार सिंह, अनामिका श्रम जीवी पत्रकार यूनियन अध्यक्ष अनुज जैन, सन्तोष पाण्डेय , डा गौरव पाण्डेय, आनंद श्रीवास्तव,यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह वा तमाम पत्कारो सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय कैमहरा में 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न, फहराया तिरंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**प्राथमिक विधालय कैमहरा में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा**

**बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात हुआ पुरुस्कार वितरण समारोह**

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। ''दे सलामी इस तिरंगे को जो तेरी शान है'' सिर हमेशा ऊंचा रखना इस तिरंगे का, जब तक मुझमें जान है'' देश आज 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा हैं आज के दिन सभी भारतीय के लिए गौरव का पल है आज ही के दिन संविधान लागू हुआ था। आपको बता दें कि 15 अगस्त 1947 को अपना देश आजाद हुआ लेकिन तब तक हमारे पास अपना संविधान नहीं था, तब 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ, तब जाकर भारत गणतंत्र घोषित हुआ। इसी क्रम में आज 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले में सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं समेत सार्वजनिक उप केंद्र पर धूम-धाम से देश की आन-बान-शान तिरंगे को फहराया गया। जनपद के गोला तहसील क्षेत्र के गांव कैमहरा में 75वां गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव,सहायक अध्यापक रामकुमार ने ग्राम पंचायत बेलहरी के प्रधान अजमुद्दीन, दिनेश बाजपेई, एडवोकेट शैलेन्द्र बाजपेई, अनुज बाजपेई,अनिल बाजपेई,शोभित बाजपेई के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात विधालय के समस्त स्टाफ एव आए हुए अतिथियों ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर नमन किया बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात बच्चों को अनुज बाजपेई द्वारा पुरूस्कार वितरण किया गया। विधालय के प्रधानाचार्य द्वारा सभी बच्चों एवम् आए हुए सभी अतिथियों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम बाजपेई, निर्मला बाजपेई, मैना देवी, प्रशून मिश्रा अवनीश बाजपेई, लाल जी प्रसाद, लल्लू राज, भगवान दीन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सहकारी क्रय विक्रय मंडी समिति में धूमधाम से मना 75वां गणतंत्र दिवस, गूंजा राष्ट्रगान



गोला गोकर्णनाथ–खीरी। नगर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में भी गणतंत्र दिवस की धूम रही। बच्चों ने प्रभात फ़ेरी निकाली तो जगह–जगह खेल सहित विविध आयोजन हुए राजनीतिक दलों और प्रतिष्ठानों, मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर भी लोगों की भीड़ रही। विजय विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा.., भारत माता की जय के साथ वंदेमातरम भी गूंजता रहा। जगह–जगह मिष्ठान भी वितरित हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर सहकारी क्रय विक्रय समिति गोला में समिति के अध्यक्ष कमलेश पांडे की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम मुख्य अतिथि विनोद कुमार मिश्रा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा की उपस्थिति में मनाया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सीमा सक्सेना, रेखा मिश्रा, राज कुमार पांडे, चंद्रभाल प्रजापति, परसराम, श्रवण पाठक, मुकेश शर्मा, आरती निषाद, सुमित्रा मिश्रा, ललित वर्मा, नीलम पांडे, कृष्ण कुमार बाजपेई,आनन्द बाजपेई, मोहित बाजपेई, जुगुल किशोर, आशुतोष मिश्रा, संजीव मिश्रा, दीपक सक्सेना, डॉ0 संतोष सक्सेना, जितेन्द्र कनौजिया, विजय झा, पूजा सक्सेना सहित समस्त स्टाफ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक– 2098 /न0पा0प0खैराबाद /2023–24 दिनांक–22.01.2024

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर द्वारा 15वां वित्त आयोग अनटाइड ग्रान्ट की द्वितीय किशत एवं 14वों / 15वॉ वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत खाते से प्राप्त व्याज की धनराशि धनराशि से जनहित में निम्न निर्माण कार्य के लिए पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से ई–निविदा दिनांक 27.01.2024 से दिनांक 17.02.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 17.02.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही **etender.up.nic.in** पर की जायेगी।

टेण्डर शेड्यूल (**www.etender.up.nic.in** पर)

| क्र0सं0 | नगर पालिका परिषद खैराबाद | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 27-01-2024 05:00 PM | |
| 2 | | Tender Download | 27-01-2024 05:00 PM | 17-02-2024 10:00 AM |
| 3 | | Bid Submission | 17-02-2024 05:00 PM | 17-02-2024 10:00 AM |
| 4 | Tender Opening | | 17-02-2024 11:00 AM | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य+18% जी. एस.टी.+शासनादेश के अनुपालन में निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **15वां वित्त आयोग अनटाइड ग्रान्ट** | | | | | |
| 1 | वार्ड पनवड़िया में चरन्जू के घर से शिव नाथ के घर एवं विश्वनाथ के घर से मंजू के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 17.98 | 179800 | 1798+324+250+45=2417 | 03 माह |
| 2 | वार्ड जोशी टोला में सिद्ध देवी मन्दिर जागरण स्थल में बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | 30.27 | 302700 | 3027+545+250+45=3867 | 03 माह |
| **14वॉ / 15वॉ वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत खाते से प्राप्त व्याज की धनराशि–** | | | | | |
| 1 | नगर पालिका परिषद खैराबाद के मीटिंग हाल, कार्यालय की साज–सज्जा एवं कम्प्यूटर कक्ष के निर्माण का कार्य। | 36.92 | 369200 | 3692+665+250+45=4652 | 03 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैराबाद
जनपद– सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैराबाद
जनपद– सीतापुर

# पुलिस ने बदसलूकी की तभी तो मांगी माफी : रामभक्त शबनम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। रामभक्त शबनम शेख मुंबई से पद यात्रा करते हुए अयोध्या दर्शन को जा रही। 38वें दिन वे सुल्तानपुर के हलियापुर पहुंची। यहां उन्होंने रात्रि निवास किया। फतेहपुर के हुसैनगंज पुलिस पर उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि बदसलूकी की तभी तो माफी मांगा।

शबनम शेख हलियापुर के रायबरेली-अयोध्या गक्क 330इ पर स्थित प्रताप ढाबे पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। यहां पहुंचने पर भाजपाइयों ने उनका भव्य स्वागत किया। मीडिया से यहां पर बात करते हुए शबनम शेख ने कहा वो जो खंडन कर रहे हैं, बोल रहे जांच हुआ है तो कोई जांच नहीं हुई है। मुझे पुलिस की कोई कॉल नहीं आया। जांच दो तरफ से होती है एक तरफ से नहीं। अगर पुलिस वालों की गलती नहीं होती तो वो मुझे आके माफी नहीं मांगते। उन्होंने मुझसे आकर माफी मांगा मतलब मुझसे बदसलूकी की। उन्होंने हमारे लिए पेड़ा, पानी की बोतल डिनर तक की तैयारी करके रखा था मगर हमने उनका नहीं खाया। क्योंकि उन्होंने हमारा दिल दुःखाया। फतेहपुर की घटना को लेकर उन्होंने कहा हम इंसान हैं हम चल रहे हैं थक जाते हैं। अंधेरा हुआ हम बैठ गए। पुलिस वालों ने कहा अपना रुकने का स्थान बताओ? मैने बोला हमें खुद नहीं पता हम कहा रुकने वाले हैं हम चल रहे हैं बस। कही होटल दिखेगा तो हम रुक जाएंगे। फिर उन्होंने एक-दो किमी पर पूछा हमने कहा हमें नहीं पता बार-बार ना पूछिएगा। शबनम ने कहा वहां से वो थ्री स्टॉर वाले पुलिस होते हैं उन्होंने आकर डायरेक्ट हम पे चिल्लाया एकदम गंदे तरीके से मेरे चरित्र पे लांछन लगाया तुम तीन लड़कों के साथ निकली हो। क्या मौज मस्ती कर रही हो। फिर बोला इधर ठेका है आपको दिखता नहीं है। मैने इस पर कहा मुझे कैसे पता होगा मैं यहां की लोकल थोड़ी हूं कि इसके आगे दो किमी पर कौन सी दुकान है। हमारे साथ पुलिस वाले भी थे, उनका कर्तव्य बनता है हमें बताए इधर दारू का ठेका है आप यहां पर ना खड़े रहिये अंधेरे में आपके साथ बत्तमीजी हो सकती है। पुलिस वालों ने भी नहीं बताया। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र से ज्यादा भव्य स्वागत मुझे मध्य प्रदेश में देखने को मिला। अब उत्तर प्रदेश में आई हूं, यहां भी लोग बहुत ही ज्यादा स्वागत कर रहे हैं। सभी हिंदू भाइयों और बहनों को दिल से धन्यवाद।

# सीएमओ ने स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण कर जांची हकीकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रविवार को सीएचसी पर लगने वाले आयुष्मान मेले व पीएचसी पर लगने वाले आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया।सीएमओ को निरीक्षण के दौरान पीएचसी भटगवां में व्यवस्था चुस्त दुरुस्त मिली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह रविवार की दोपहर में स्वास्थ्य मेलों की जमीनी हकीकत परखने के लिये पीएचसी भटगवां का औचक निरीक्षण किया। यहां पर स्वास्थ्यकर्मी व्यवस्थित ढंग से स्टाल लगाकर मरीजों की जांचों से लेकर अन्य सुविधाएं प्रदान करते मिले। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों के पंजीकरण रजिस्टर व इमरजेंसी की भी स्थिति के बारे में बारीकी से जानकारी की और अस्पताल में आये मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी जानकारी की।सीएमओ ने पीएचसी के अन्य कक्षों में जाकर व्यवस्था देखी।पैथालाजी कक्ष की जांच के दौरान पता यह चला कि लैब टेक्नीशियन की तबियत खराब है और उसका इलाज केजीएमसी में चल रहा है जिसके कारण मरीजो की जांच नही हो रही है। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि पीएचसी भटगवां में उन्हें व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं है जल्द ही पीएचसी का दोबारा निरीक्षण कर व्यस्थाओं की दोबारा जांच की जायेगी।उन्होंने बताया कि आरोग्य मेले में तीस मरीजों का इलाज कर दवाएं दी गई तो चार आयुष्मान कार्ड भी बनाये गये गये।

# अमेठी में गायत्री परिवार की बैठक में कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री सिंह व डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं देव पूजन के साथ हुई।जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अमेठी के लिए ये गौरव व हर्ष का विषय है कि वर्ष 2025 में अमेठी की धरती पर पहली बार 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा अभ्युदय कार्यक्रम के आयोजन की स्वीकृति युगतीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा प्राप्त हो चुकी है। युवा अभ्युदय कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या के आने की स्वीकृति मिल चुकी है। युगतीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार से प्राप्त दिशा निर्देश की कार्यक्रम में चर्चा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि हमारी लुप्त होती संस्कृति को बचाने के लिए घर-घर में गायत्री साधना को पहुंचाना पड़ेगा।दो सौ इक्यावन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किए गये हैं जिसमें दिसंबर 2024 तक सवा पांच करोड़ गायत्री मंत्र का जप, पांच हजार पांच सौ बारह साधक जोड़े, सात हजार पांच सौ युवाओं को गायत्री परिवार के रचनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय करना, इक्यावन हजार विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जोड़ना, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम के लिए न्याय पंचायत स्तर पर टीम का गठन, 1951 माताओं को मां की पाठशाला से जोड़ना, छह हजार पांच सौ अखण्ड ज्योति पाठक, प्रत्येक ब्लाक में व्यसन मुक्ति, वृक्षारोपण, व्यक्तित्व परिष्कार, स्वस्थ्य जीवन शैली, स्वावलंबन प्रशिक्षण,दो दर्जन आदर्श ग्राम बनाने के लिए ब्लाकवार लक्ष्यों को प्राप्त करने पर चर्चा एवं कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ताओं को राधेश्याम तिवारी ने संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में इक्यावन हजार विद्यार्थियों को शामिल कराने की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं के घरों में स्थापना हेतु धर्म घट दिये गये। जिसमें प्रतिदिन न्यूनतम दस रुपये का दान करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में बारह से अठारह मार्च 2025 तक आयोजित गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के प्रचार-प्रसार की योजना भी बनाई गई। इस अवसर पर सुभाष चंद्र द्विवेदी, गायत्री सिंह, श्रीनाथ मिश्रा, कमलेश पांडेय, लाल अशोक सिंह, राणा प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, महेंद्र मिश्रा, विवेक मिश्रा, शशांक शुक्ला, डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह, राघवेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, दिनेश सिंह, राम यश, इंद्रदेव शर्मा, सुशील जायसवाल, महेश बरनवाल, महेश मिश्रा, सतीश मिश्रा, शालिनी सिंह, प्रतिभा, सुनील तिवारी, करुणा शंकर शुक्ला, नरसिंह नारायण सिंह, प्रभात पटेल, देशराज सिंह, सुरेंद्र कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

**आगामी मार्च के महीने में 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होगी**

# तीन दिवसीय पुनर्वास कार्यक्रम का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। अमहट स्थित अकारीपुर के राम नेवाज शैक्षणिक अनुसंधान एवम पुनर्वास संस्थान के प्रांगण में भारत पुनर्वास परिषद सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का समापन प्रदेश सचिव सारदा प्रसाद (एडवोकेट) व क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य हंसराज ने किया। सतत पुनर्वास कार्यक्रम में प्रदेश के 150 प्रतिभागी शिक्षकों को दिव्यांगता के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं दिव्यांग छात्रों को नई तकनीकी से शिक्षा कैसे दी जाए इसको लेकर प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मख्य अतिथि प्रदेश सचिव व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि तकनीकी शिक्षा से दिव्यांग छात्रों की प्रतिभा में निखार आएगा एवं उच्च शिक्षा ग्रहण कर समाज के लिए एक आईना बनेंगे। इन्होंने दिव्यांग छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन के उपरांत संस्थान के अध्यक्ष राजीव कुमार ने आगंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के समापन मे संस्थान के अध्यापक पाठ्यक्रम समन्वयक राजशेखर सिंह, प्राचार्य रोहिताश्व कुमार, कार्यालय इंचार्ज सत्यम, प्रशासनिक अधिकारी विजय शंकर तिवारी, राजकिशोर यादव व सुधीर, दिग्विजय, आशुतोष, सुनील आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जगदीशपुर अमेठी,थाना जगदीशपुर पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत आठ ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उप निरीक्षक अतेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मेहताब पुत्र रियाज निवासी ग्राम पूरे घासी मजरे कचनांव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब अड़तीस वर्ष को मुजाहिदखानी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक के कब्जे से आठ ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ गोण्डा जनपद के थाना नवाबगंज के साथ ही थाना जगदीशपुर में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतों के हजारों गरीबों को नही नसीब हुई छत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सिंहपुर में आवास सूची से हजारों पात्र लाभार्थियों के नाम लापता होने पर जिम्मेदारों ने मौनधारण किया**

अमेठी,विकास खण्ड सिंहपुर की दर्जनों ग्राम पंचायतों में आवास पात्रता सूची में भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है।जांच समिति द्वारा चयनित आवास के लाभार्थियों की पात्रता सूची के नाम आनलाइन पात्रता सूची से बहुत कम संख्या में प्रदर्शित हो रहे हैं या फिर शून्य प्रदर्शित हो रहे हैं।इससे लाभार्थियों के साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों में भी खलबली मची हुई है।इस विकराल समस्या पर ब्लाक से लेकर जनपद तक के अधिकारियों ने मौनधारण कर लिया है।सिंहपुर विकास क्षेत्र की 58 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष अब तक दर्जनों गांवों में आवास के लाभार्थियों की पात्रता सूची प्रदर्शित हो रही है जिसमें से दर्जन भर से अधिक ऐसे गांव है जहां लाभार्थी संख्या शून्य प्रदर्शित हो रही है।जब कि इन सभी ग्राम पंचायतों में अधिकांश में लाभार्थियों की संख्या एक सैकड़ा से दो सौ के बीच में है।ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा, कोंची,रामपुर पंवारा,जैतपुर, रतवलिया मैंझार,अहोरवा भवानी,सिंहपुर, सातनपुरवा, डांगी बरवलिया,गढ़ी महाबल,भानीपुर,मत्तेपुर, खेखरूआ, कुकहा रामपुर, पन्हौना, महिया सिंदुरिया व सढीया, नौखेड़ा, पेंडारा, भवानीपुर में आवास के लाभार्थी शून्य प्रदर्शित हो रहे है।बीते वित्तीय वर्ष 2021 - 22 के साथ ही चालू वित्तीय सत्र में ब्लाक सिंहपुर को आवासों का लक्ष्य आवंटित किया गया है लेकिन इन दर्जनों ग्राम पंचायतों के लाभार्थियों को पिछले और इस वर्ष में भी एक आवास नसीब नही हुआ है।आवास लाभार्थियों की आन लाइन पात्रता सूची में इतनी भारी अनियमितता के बाद पात्र लाभार्थी जहां अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। ब्लाक से लेकर जनपद तक के अधिकारी इस पर चुप्पी साधे बैठे हुये हैं।अब ऐसी दशा में इन लाभार्थियों का क्या होगा ? इस पर आला अधिकारी मौनधारण किये हुये है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि सिंहपुर के खण्ड विकास अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार इन दिनों परियोजना निदेशक के ही पास है लेकिन फिर भी इस समस्या का आज तक निस्तारण नही किया जा सका है जिससे पात्र गरीबों में गहरी नाराजगी व आक्रोश व्याप्त है।इस सम्बंध में जब प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी ऐश्वर्य यादव से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन वार्ता नही हो सकी।

## कांग्रेस नेताओं ने निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से चलाई जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में रविवार को न्याय पंचायत खेरौना में न्याय पंचायत स्तरीय न्याय यात्रा का आयोजन किया गया। न्याय यात्रा खेरौना से शुरू होकर केशव नगर, रामलीला मैदान होते हुए कांग्रेस कार्यालय में समाप्त हुई। न्याय यात्रा ने नफरत और अलगाव की राजनीति छोड़ कर देश में विकास, स्नेह और सदभाव का वातावरण कायम करने का संदेश दिया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा. देवमणि तिवारी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा विकास और सेवा की राजनीति की और भाजपा पर देश को तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि धर्म का राजनीतिकरण करके भाजपा ने देश के धर्म निरपेक्ष स्वरूप को गहरी चोट पहुंचाई है। नगर अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो कुददूस खां ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा ने देश में वैकल्पिक राजनीति का एक नया वातावरण कायम किया है। राहुल गांधी को किसी पद व प्रतिष्ठा की चिंता नहीं है, वे साम्प्रदायिक ताकतों को कमजोर कर भाजपा को सत्ता से हटाने और देश को अच्छी सरकार देने के लिए संघर्षरत हैं। धर्मेंद्र शुक्ला, अब्दुल वाहिद, राजकुमार शर्मा, सौरभ मिश्र, राकेश सिंह, संजीव द्विवेदी, कलावती मौर्य, रमाकांत कोरी, राम केदार पासी, बलदेव सिंह, सरवरी बानो, सोनू सिंह रघुवंशी, राजा ठाकुर, परवेज खान, राज अली आदि मौजूद रहे।

## औद्योगिक विकास मंत्री आज संगठन की बैठक को सम्बोधित करेंगे

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता सोमवार को अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे है वह संगठन बैठक की अध्यक्षता करते हुये उद्यमियों व्यापारियों और वैश्य समाज के प्रतिनिधियों से भेंट वार्ता में शामिल होगे। प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता सोमवार को जनपद सुल्तानपुर से डेढ़ बजे भारतीय जनता पाटी कार्यालय अमेठी पहुंचकर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत क्लस्टर प्रभारी के रूप में अमेठी लोकसभा की सांगठनिक बैठक में अध्यक्षता करेंगे।इसके उपरांत मंत्री नंद गोपाल गुप्ता तीन बजे सर्किट हाउस,निरीक्षण भवन अमेठी में जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों एवं वैश्य समाज के प्रतिनिधियों से भेंट वार्ता में सम्मिलित होंगे। इसके बाद वह सायं चार बजे प्रयागराज के लिये प्रस्थान करेंगे।

## मन की बात में पीएम ज्वलंत मुद्दों पर करते हैं विचार साझाः जिलाध्यक्ष

**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** । भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. वर्मा ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 109 वां संस्करण शाहगंज शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 266 पर सुना। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचार लोगों के साथ साझा करते हैं। मन की बात से कार्यकर्ताओं में प्रेरणा व ऊर्जा का संचार होता है भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने शास्त्रीनगर बूथ संख्या 286 पर शक्तिकेंद्र संयोजक राजीव सिंह, हनुमान त्रिपाठी, प्रदीप श्रीवास्तव, विनोद सिंह, रामदेव अग्रहरि आदि के साथ कार्यक्रम को सुना।वही पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल शाहगंज बूथ संख्या 299, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जायसवाल बूथ संख्या 306, जिला महामंत्री घनश्याम चौहान कादीपुर विस के बूथ संख्या 259, एवं धर्मेन्द्र कुमार सुल्तानपुर विस के बूथ संख्या 259पर मन की बात सुनी। इसके अलावा एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, राजप्रासाद उपाध्याय, सीताराम वर्मा, राजेश गौतम,पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, जगजीत सिंह छंगू, डॉ सीताशरण त्रिपाठी, गिरीश नारायन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, कार्यक्रम संयोजक सुनील वर्मा, आलोक आर्या, आनन्द द्विवेदी सहित जिला पदाधिकारियों ने विभिन्न बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना।

## डिप्टी सीएम का आगमन आज, शिक्षा संघ के प्रांतीय सम्मेलन में होगे शामिल

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।**। उतर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज दौरे पर सुलतानपुर आ रहे है। दोपहर बाद तीन बजे बृजेश पाठक का हेलीकॉप्टर अमहट में उतरेगा उसके बाद बृजेश पाठक सीधे पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार पहुचेंगे वहा पर उतर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ द्वारा आयोजित प्रांतीय सम्मेलन एवम शैक्षिक गोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में लगभग 45 मिनट से ज्यादा के समय तक रहेंगे इसके बाद बृजेश पाठक का काफिला जिला अस्पताल पहुंचेगा वहां पर वह चिकित्सा संबंधित डाक्टरों से वार्ता व निरीक्षण करेंगे उसके उपरांत बृजेश पाठक वापस लखनऊ जाएंगे।

# स्मृति ईरानी दो लाख लोगों को करायेंगी प्रभु श्रीराम के दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अमेठी लोकसभा क्षेत्र के तीन लाख से अधिक परिवारों तक पहुंचेगा प्रसाद**

अमेठी,केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों को बसों के माध्यम से श्री अयोध्या धाम भेजकर प्रभु श्रीराम का दर्शन करायेंगी। इसी के साथ तीन लाख अधिक घरों तक प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचायेंगी।क्षेत्र में घर घर प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है।केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि क्षेत्रीय सांसद के निर्देश पर उत्थान सेवा संस्थान द्वारा अमेठी संसदीय क्षेत्र के तीन लाख परिवारों तक प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। फरवरी के प्रथम सप्ताह में संसदीय क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों को श्री अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा पर बस से भेजा जायेगा और सभी को प्रभु श्रीराम का दर्शन करवाया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि पहले चालीस हजार से अधिक लोगों को श्री अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा करवाने की योजना थी आम लोगों की मांग पर दीदी स्मृति ने अपने संसदीय क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को अयोध्या धाम भेजकर प्रभु श्रीराम का दर्शन कराने के लिये उत्थान सेवा संस्थान से आग्रह किया है और जरूरत पड़ने पर इस संख्या को और बढ़ाया भी जा सकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री की इच्छा है कि उनके संसदीय क्षेत्र के हर व्यक्ति को जो प्रभु श्रीराम का दर्शन करना चाहता है उसे श्री अयोध्या धाम श्रवण यात्रा के माध्यम से दर्शन पूजन के लिए भेजा जाये और श्रवण यात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं।

## ठंड से बचें नहीं तो हो जाएंगे बीमार : डॉ अमित बाजपेई

फरधान-खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने लोगों को शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर शीत-घात से बच सकते हैं? अधीक्षक डा. अमित बाजपेई ने विशेष सावधानी बरतने की लोगों से अपील की है कि इस मौसम में विशेष सावधानी बरती जाए। सुबह के समय सैर न करें। फर्श पर नंगे पांव न चलें। ठंडी तासीर वाली चीजों के सेवन से बचें। हल्का गुनगुना पानी पीए उन्होंने बताया कि यह मौसम बच्चों और बुजुर्गों के लिए ज्यादा हानिकारक है उन्होंने कहा कि तंग कपड़े खून के बहाव को रोकते हैं, इनसे बचें। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें। शरीर की गरमाहट बनाये रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फ़ेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें गरम टोपी और मफलर का भी उपयोग किया जा सकता है।

# स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। इंसान सेवा समिति के दूसरे स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन बल्ड बैंक गोमती हास्पिटल जिला- सुल्तानपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी छत्तीसगढ़ से आये राकेश वर्मा मौजूद रहें। मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। इंसान सेवा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी अर्जुन इंसान यादव के नेतृत्व में 50 यूनिट रक्तदान किया गया।समिति के अध्यक्ष अर्जुन इंसान ने कहा रक्तदान महादान की इस मुहिम को लगातार जिले के युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहें हैं वहीं डाक्टर आर ए वर्मा एवं युवा समाजसेवी पुलकित सिंह, पलक सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यों के लिए प्रेरित होते हैं।प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।रक्तदान महादान होता है। आपके रक्त से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान शिविर में -इंसान सेवा समिति के अध्यक्ष अर्जुन इंसान, मनोज यादव पंडित, महेश यादव, बाबा राजेश यादव, बृजेश यादव दोनों भाई, संदीप यादव, प्रधान आदर्श पाण्डेय, महीलायें भी रक्तदान करने में आगे आई सुनीता कोरी, रीना राणा,सूरज यादव, भूपेश यादव, काकू रमेश यादव,गोविन्द यादव, मोहम्द समीर खान, मोहसिन खान, अशोक कुमार मिश्रा,आशीष तिवारी, सौरभ पाठक, राजेश कुमार मिश्रा, इन्द्रसेन यादव, अजय यादव, दिनेश कोरी,अशोक कुमार अचार्य, रामकृष्ण कनौजिया, मुकेश, लवकुश,घनश्याम कोरी, समाजसेवी सरदार गगनदीप सिंह, रितेश राणा,पत्रकार प्रदीप यादव, पत्रकार सरफराज ,मीनू यादव रामकेश यादव, ज्ञान सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य हंसराज यादव सदस्य सहित दर्जनों लोग शिविर में मौजूद रहें ।

# इजराइल जाने वाले 150 श्रमिकों का हुआ मेडिकल टेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। इजराइल जाने वाले श्रमिकों का मेडिकल टेस्ट कराया गया। 698 आवेदकों में से 188 श्रमिकों को मेडिकल के लिए बुलाया गया। इनमें 150 श्रमिक ही मेडिकल टेस्ट के लिए पहुंचे। अब सोमवार को आईआईटी कैंपस अलीगंज लखनऊ में इनका फाइनल टेस्ट होगा जिसके बाद इनकी रवानगी होगी।

आपको बता दें कि इजरायल में हो रहे युद्ध में बड़े पैमाने मकान और बिल्डिंगें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इसके पुनर्निर्माण में हाथ बंटाने की इच्छा जताते हुए जिले से 698 आवेदनकर्ताओं ने नगर क्षेत्र के पयागीपुर स्थित सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय में 10 जनवरी तक आवेदन किया था। इनमें से 188 आवेदकों का 24 जनवरी से 27 जनवरी के मध्य अमहट स्थित सीएमओ ऑफिस पर मेडिकल टेस्ट हुआ। सीएमओ ओपी चौधरी ने बताया कि यहां मेडिकल टेस्ट के लिए पांच डॉक्टरों का पैनल बैठाया गया था। इसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, मानसिक रोग विशेषज्ञ और एक ईएनटी चिकित्सक को रखा गया था। 150 आवेदक टेस्ट के लिए आए जिन्हें मेडिकल प्रमाण पत्र दिया गया है। बताते चलें कि चयनित श्रमिकों को भारत सरकार के अधीन एजेंसी एनएसडीसी व इजराइल सरकार की एजेंसी पीआईबीए की ओर से इजराइल में निवास व रोजगार का प्रबंध किया जाएगा। न्यूनतम एक साल और अधिकतम पांच साल के अनुबंध की बाध्यता होगी। सामाजिक सुरक्षा व प्रवासी भारतीय बीमा योजना 2017 के तहत चिकित्सा एवं जीवन बीमा की सुविधा के साथ श्रमिकों को 1,37,260 रुपये हर महीने पगार मिलेगी।

यहां से जाने वाले श्रमिकों में भवन निर्माण की चार श्रेणियों के कामगारों से आवेदन मांगे गए थे। इनमें सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग, शटरिंग कारपेंटर (फ्रेमवर्क) व आयरन बेल्डिंग शामिल हैं।

# विकास खण्ड नवाबगंज में आयोजित हुआ रोजगार मेला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विकास खण्ड नवाबगंज में आयोजित विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में प्रतिभागी 222 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 176 से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नवाबगंज के प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह द्वारा फीता काटकर मेले का शुभारम्भ किया गया। श्री सिंह ने अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मेले को सम्बोधित करते हुए जिला समन्वयक उ.प्र. कौशल विकास मिशन/नोडल प्रधानाचार्या राजकीय आईटीआई स्मृति शर्मा एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर स्किल वर्कर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील करते हुए आईटीआई एवं कौशल प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों का आहवान किया कि ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठाएं। कार्यकम का संचालन अभय शर्मा द्वारा किया गया।

### ब्लाक मिहींपुरवा में 30 जनवरी को आयोजित होगा रोज़गार मेला

बहराइच । जनपद के अधिक से अधिक बेरोज़गार युवक-युवतियों को रोज़गार उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच में 29 जनवरी 2024 को तथा ब्लाक मिहींपुरवा में 30 जनवरी को रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए राजकीय आईटीआई की प्रधानाचार्या स्मृति शर्मा ने बताया कि कौशल विकास मिशन, आईटीआई एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले रोज़गार में 10 से अधिक नियोजकों द्वारा प्रतिभाग कर साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। श्रीमती शर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो के साथ निर्धारित तिथि पर पूर्वान्ह 10:00 बजे मेला स्थल पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं।

# परिवार परामर्श केंद्र समिति के प्रयास से चार जोड़े हुए एक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। परिवार परामर्श केंद्र समिति के प्रयास से चार जोड़ों फिर से साथ रहने को राजी हो गए।वहीं कई मामलों में पीड़ित पक्ष द्वारा कार्रवाई न करने के अनुरोध के चलते बंद कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में समिति लगातार पति-पत्नी से संबंधित दहेज प्रताड़ना, मारपीट, शराब पीकर गाली गलौज इत्यादि प्रकरणों के संबंध में दोनों पक्षों के मध्य काउंसलिंग कराकर उनके बीच मतभेद को खत्म करने का कार्य कर रही है।जिसके चलते कई परिवार बिखरने से बच रहे हैं। प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र महिला निरीक्षक अनीता यादव व काउंसलर गंगाधर शुक्ला, राज मंगल मौर्य, साक्षी अरोरा, डॉ.उमा सिंह,यशोदा नंदन त्रिपाठी के माध्यम से सात प्रार्थना पत्रों पर काउंसलिंग कराई गई।काउंसलिंग के दौरान परिवार परामर्श केंद्र द्वारा तीन जोड़ों का सुलह समझौता कराया गया।दोनों पक्ष सकुशल, राजी खुशी, प्रेमपूर्वक नवजीवन बिताने के वादे के साथ घर को रवाना हो गए, प्रार्थना पत्रों में पीड़ित पक्ष द्वारा कोई कार्यवाही न चाहने के कारण पत्रावली बंद कर दी गई।सुलह समझौता टीम में महिला निरीक्षक अनीता यादव, महिला कांस्टेबल शाहिना बानो, महिला कंास्टेबल ज्योती राजभर आदि मौजूद रही।

# मारपीट के मामले में तीन घायल, एक लखनऊ रेफर

## पुलिस ने पीड़ित पक्ष का मामूली धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा।जिले की पुलिस मारपीट के मामले में कुछ ना कुछ खेल करने से बाज नही आ रही है और गंभीर आरोपों से घिरी रहती है। भले ही किसी पक्ष को गंभीर चोटें आई हो लेकिन यदि पहुंच है तो मामला बराबर हो जाता है। यानी क्रॉस केस लिखकर पुलिस अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है। मामले में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष को गंभीर चोटें आई हैं। एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष के लोगों को मामूली चोटे आई हैं। लेकिन जिस पक्ष को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने उन लोगों का मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। दो लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मनकापुर पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों का क्रॉस केस लिखकर मामला रफा दफा कर दिया,जबकि दूसरे पक्ष को मामूली चोटें आई हैं।मनकापुर थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनदासपुर के मजरा देवियापुर के रहने वाले परमात्मा मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के रहने वाले पड़ोसी परमहंस मौर्य उनके बेटे राजू और कृष्ण मौर्य तथा मनोज लाठी डंडों से लैस होकर पहुंचे और मेरे बेटे को गाली गलौज देने लगे। जब उनके बेटे ध्रुव कुमार ने गाली देने से मना किया तो लाठी डंडों और लोहे की राड से सभी लोग मिलकर मारने लगे। भाई को बचाने दौड़े दीनानाथ और उनकी बहू मोनी को भी इन लोगों ने जमकर मारा-पीटा,जिससे दोनों बेटे तथा बहू गंभीर रूप से घायल हो गये। पीड़ित ने बताया कि मामले में पुलिस को सूचित किया गया,डायल 112 और मनकापुर पुलिस मौके पर पहुंची।इस दौरान लड़का ध्रुव



बेहोश था।इस लिए पुलिस के मौजूदगी में ही घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मनकापुर लाया गया।जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत में जिला मुख्यालय रिफर कर दिया। इसके बाद मनकापुर पुलिस ने परिजनों को फोन करके घायलों को मनकापुर कोतवाली बुलाया। पीड़ित पिता जिला मुख्यालय से सभी घायलों को लेकर थाने पर गया तब मनकापुर पुलिस ने सिपाही के साथ इलाज के लिए फिर सीएचसी भेजा। जिसके बाद चिकित्सकों ने रात में जिला अस्पताल रेफर किया। यहां पर बेटे ध्रुव कुमार की हालात अत्यधिक गंभीर हो गई। मारपीट का मामला जानकर डॉक्टर ने अस्पताल में भर्ती लेने से मना कर दिया। कहा गया कि जाकर पुलिस से लिखा कर लाओ। रात में ही पीड़ित मनकापुर आया यहां से लिखाकर ले गया। तब वहां पर डॉक्टर ने बहू और दोनों बेटों को भर्ती किया। ध्रुव कुमार की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है।जहां उसका इलाज चल रहा है। जबकि एक बेटे और बहू का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इतनी गंभीर चोट होने के बाद भी मेरा मुकदमा दूसरे दिन लिखा गया। जबकि जिन लोगों ने मारा-पीटा था। उन्हें कोई चोट भी नहीं आई है।उनका एनसीआर राजनीतिक दबाव में रात में ही लिख दिया गया।फिलहाल सच्चाई कुछ भी हो लेकिन इस मामले को लेकर मनकापुर पुलिस गंभीर आरोपों के घेरे में है।

# नव्य अयोध्या की टेंट सिटी में तैयारियां पूर्ण, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ने किया हवन-पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। श्री राम मंदिर दर्शन यात्रा के लिए नव्य अयोध्या में बनी टेंट सिटी में तैयारियां पूर्ण होने के बाद रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने हवन-पूजन किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात का लाइव प्रसारण भी सुना। दर्शन यात्रा के 25 व्यवस्था प्रमुखों के साथ कार्यों की समीक्षा की। सभी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले सभी राम भक्त रामलला के दर्शन के साथ यहां के आतिथ्य का सुखद अनुभव लेकर वापस लौटे व्यवस्थाओं को इस प्रकार व्यवस्थित करें।

मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण के बाद राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि सरकार के दोनों कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं। किसान समृद्ध हुए हैं। गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है। महिलाओं का उत्थान हुआ है। श्रमिकों को सम्मान मिला है।प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्र के विकास यह अभूतपूर्व यात्रा प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण संभव हुआ है। 2014 के बाद से भारत के प्रत्येक व्यक्ति ने विकास से हुए बदलावों को महसूस किया है।प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह मन की बात की मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के साथ ही चरित्र निर्माण करना है। देश हित के अभियानों को गति प्रदान करना तथा राष्ट्र व समाज के हित में अच्छा कार्य कर रहे लोगों से संवाद कर प्रधानमंत्री ने उनका उत्साह वर्धन किया है।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर प्राण प्रतिष्ठा उसके साथ हो रहे विकास से अयोध्या विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उभरी है। अयोध्या सम्पूर्ण विश्व में धार्मिक राजधानी के रूप में स्थापित हो गई है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूजे के हुए 347 जोड़े

### जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के कुशल मार्गदर्शन में विकास खण्ड विशेश्वरगंज के निकट बी.आर.सी. सेण्टर के परिसर में ब्लाक पयागपुर के 15, विशेश्वरगंज के 30 एवं हुजूरपुर के 34 कुल 79 जोडो (हिन्दू जोड़ा-71 एवं मुस्लिम जोड़ा-8) का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ। इसी प्रकार परमहंस डिग्री कालेज कैसरगंज के परिसर में विकास खण्ड फखरपुर के 69, कैसरगंज के 36, जरवल के 27 एवं जरवल कस्बा के 02, गल्ला मण्डी मिहीपुरवा के परिसर में विकास खण्ड मिहीपुरवा के 143 एवं राम प्यारे शिवशंकर इण्टर कालेज शिवपुर के परिसर



में विकास खण्ड शिवपुर के 70 इस प्रकार कुल 347 (हिन्दू जोड़ा-341 एवं मुस्लिम जोड़ा-6) सकुशल सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, सांसद कैसरगंज बृज भूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधान सभा परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा सहित ब्लाक प्रमुख, पयागपुर, विशेश्वरगंज, हुजूरपुर, जरवल, कैसरगंज, प्रधानगण व अन्य जन प्रतिनिधिगण, जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर व अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा लाभार्थी परिवारों के सदस्यगण मौजूद रहे। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 30 जनवरी को ग्राम पंचायत बैकुण्ठा विकास खण्ड महसी, विकास खण्ड बलहा, विकास खण्ड चित्तौरा, विकास खण्ड नवाबगंज एवं गेदघर बहराइच के परिसर में 601 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### सड़क दुर्घटना में बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत

कर्नलगंज,गोण्डा। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम जंहगिरवा निवासी अभिषेक उर्फ भोलू सिंह स्व0 पुत्र राकेश सिंह (32) की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि भोलू सिंह शादी समारोह में शामिल होकर कर्नलगंज की तरफ रविवार की बीती रात्रि में अपने घर बाइक से वापस लौट रहे थे,तभी दुर्घटना में उनकी बाइक जंहगिरवा रेलवे क्रासिंग के पास किसी रेलिंग से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुंचाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। युवक की दर्दनाक मौत से परिजनों में कोहराम मचा है और रो रोकर बुरा हाल है।

### राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं संस्थान व प्रशिक्षु

बहराइच । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की नोडल प्रधानाचार्य स्मृति शर्मा ने बताया कि शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु योजित किये जाने हेतु राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना के अन्तर्गत अधिष्ठानों/ उद्योगों एवं अभ्यार्थियों के लिए अप्रैन्टिसशिप इण्डिया डाट जीओवी डाट इन पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय अधिष्ठानों एवं उद्योगों को पंजीकरण, बेसिक डिटेल्स, प्रमुख विवरण, नियोक्ता का विवरण, लोकेशन एवं बैंक डिटेल्स तथा अभ्यर्थियों को बेसिक डिटेल्स, शैक्षिक विवरण, वरीयता विवरण एवं आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा। श्रीमती शर्मा ने बताया कि ऐसे संस्थान/प्रतिष्ठान/कम्पनियां जहां युवाओं को (अप्रेन्टिसशिप) शिक्षुता दी जा रही है उन्हें भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना एनएपीएस/सीएमएपीएस का लाभ प्राप्त करने के लिए सीएमएपीएस पोर्टल पर पंजीकरण करते हुए संस्थान में प्रशिक्षुओं का विवरण दर्ज करना होगा।

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक 30 जनवरी को

बहराइच । उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 30 जनवरी 2024 को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में अपरान्ह 03:30 बजे से उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों के अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

### सीसीटीवी कवरेज के बगैर प्रयोगात्मक परीक्षा का डीआईओएस ने लिया संज्ञान

बहराइच । जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव ने बताया कि 27 जनवरी 2024 को राजकीय इण्टर कालेज बहराइच में वर्ष 2024 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा अन्तर्गत भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सी.सी.टी.वी. कवरेज में न कराये पर थाना दरगाह शरीफ, बहराइच में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने हेतु तहरीर दी गई है।

# सीओ कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मियों पर क्यो नहीं लागू होती स्थानांतरण नीति

## लंबे समय से कमाऊ पटल पर जमे दर्जनों की संख्या में पुलिस कर्मचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के थानों में तैनात पुलिस कर्मचारियों के तबादले तो हुए जिला मुख्यालय या तहसील मुख्यालय पर सीओ ऑफिस में वर्षों से कमाऊ सीटों पर जमे पुलिस कर्मियों के पटल नहीं बदले गए। इसको लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।चर्चा है कि शासन की स्थानांतरण नीति सीओ ऑफिस में तैनात पुलिस कर्मियों पर लागू नहीं होती है क्या ? वही नीति लागू नहीं होने से बड़ी संख्या में कई पुलिसकर्मी कमाऊ सीटों पर जमे हुए हैं।चर्चा है कि जुगाड़ व धनबल की वजह से विभाग के आला अफसर इन पुलिस कर्मियों को हटा नहीं पा रहे है।

स्थानांतरण नीति आने के बाद से थाने में तैनात व कुछ कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मचारियों के तो तोता बदले हुए हैं लेकिन कुछ ऐसे मठाधीश पुलिस कर्मचारी बैठे हुए हैं जिस पर स्थानांतरण नीति फ़ेल साबित हो रही है।वही सरकार की स्थानांतरण नीति सीओ ऑफिस में लम्बे समय से तैनात पुलिस कर्मियों पर लागू नहीं हुई। चाहे जिला मुख्यालय पुलिस कार्यालय के सीओ नगर का ऑफिस हो या कर्नलगंज, तरबगंज,और मनकापुर में वर्षों से एक ही पटल पर जमें किसी भी किसी भी पुलिस कर्मी को हटाया नहीं गया।यह मामला पुलिस के विभागीय कर्मियों में चर्चा का विषय बना हुआ है।इसको लेकर तमाम तरह की अटकले लगाई जा रही है।सूत्र बताते हैं

जिला मुख्यालय पुलिस अधीक्षक कार्यालय और नगर सीओ,तरबगंज सीओ, मनकापुर सीओ, ऑफिस में पुलिस कर्मी कई वर्षों से सीओ ऑफिस में कमाऊ पटल पर जमे हुए हैं।वहीं सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि सीओ नगर के पेशकार शैलेंद्र यादव के कारण यहां पर आने वाले पीड़ितों को काफी परेशानी की समस्या पैदा कर देते हैं।सीओ ऑफिस में तैनात पेशकार क्षेत्राधिकारी व उनकी प्रारंभिक जांच डर दिखाकर अवैध वसूली की जाती है।सूत्र बता रहे हैं कि अवैध वसूली हर मांह की जाती है इसके अलावा भी अलग से पत्रावली में भी डिमांड की जाती है.मुकदमे में नाम निकालने व धारा घटाने के नाम पर भी रुपए की मांग की कर परेशान किया जाता है।वही सूत्र बता रहे हैं कि पहले भी कई लोगों ने पेशकार पर भी आरोप लगा चुके हैं।

### राम लला - राग सेवा में सुजाता महापात्र ने ओडिशी नृत्य प्रस्तुत किया

अयोध्या।श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम लला - राग सेवा में तृतीय दिवस रविवार को सुजाता महापात्र ने ओडिशी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन प्रफुल्लित कर दिया। देश भर के विभिन्न प्रांतों और कला परंपराओ के सौ से अधिक सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा 45 दिनों तक भगवान श्री रामलला सरकार के श्रीचरणों में अपनी राग सेवा देंगे। जिसका शुभारंभ शुक्रवार को ''जन्मे अवध रघुरइया हो'' आदि सोहर, बधावा, मंगलगान से लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने अपनी टीम के साथ प्रस्तुति दी थी।श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लला राग सेवा प्रतिदिन सायंकाल 3बजे से 5 बजे के मध्य गुंजायमान हो रहा है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम राग सेवा में आज सुजाता महापात्र ने ओडिशी नृत्य का प्रभु के समक्ष अपनी प्रस्तुति अर्पित किया।

# जन-औषधि केंद्र पर जहां मिलनी चाहिए सस्ती दवाएं, वहीं लुट रहे मरीज, जिम्मेदार मौन

## जन-औषधि केंद्र से मिलने वाली दवाओं में प्रधानमंत्री जन-औषधि योजना लिखा होने के साथ बैज

### जन-औषधि केंद्रो से ब्रांडेड दवाओं की बात तो दूर, कोई बाहर की जेनेरिक दवाएं भी नहीं बेच सकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिला अस्पताल में जन-औषधि केंद्र में सस्ती दवाओं की कमी के बीच मुनाफ़े का कारोबार भी खूब फल-फूल रहा है।यहां सस्ती दवाओं की जगह महंगी दवाएं बेचकर धड़ल्ले से कमाई की जा रही है।ऐसा गोंडा जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के सामने स्थित जन औषधि केंद्र से लगातार सामने आ रहे हैं।यहां प्रधानमंत्री जन-औषधि केंद्र में सरकारी सस्ती जेनेरिक दवाओं की जगह खुले बाजार की महंगी दवाएं बेची जा रही हैं।इसका खुलासा पत्रकारों की एक टीम ने किया है यहां महंगी जेनेरिक दवाएं बेचते कर्मचारी कैमरे में भी कैद हुए हैं।इस दौरान जन औषधि केंद्र से महंगी दवाई ले जाते हुए मरीज ने बताया है कि यहां पर जन औषधि की दवाइयां नहीं मिलती हैं अधिकतर बाहरी दवाइयां और ऊंचे दामों पर मिलती हैं।वही सूत्र बता रहे है कि दुकान संचालक ने महंगी दवाएं बेचने की बात स्वीकारते हुए सफाई दी कि जन-औषधि केंद्र की सरकारी सप्लाई ठीक तरह से नहीं होती है इसलिए खुले बाजार की जेनेरिक दवाएं बेच रहे हैं।बता दें कि अस्पताल प्रबंधन ने जन-औषधि केंद्र के लिए परिसर में दुकान खोलने की अनुमति दी लेकिन यहां नियम विरुद्ध महंगी दवाएं बेचकर मरीजों को ही लूटा जा रहा है।वही सूत्र बता रहे हैं कि यह सब काम ड्रग इंस्पेक्टर की जानकारी में हो रहा है। इसीलिए छापे मारने से पहले सूचना दे दी जाती है।

### महंगी दवा मरीज ले जाते कैमरे में हुआ कैद

शनिवार की सुबह मरीजों ने कैनविज टाइम्स संवाददाता को जिला अस्पताल के प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से सस्ती जनरिक की जगह महंगी ब्रांडेड दवाएं बेचने की





जानकारी जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों में दी और बताया कि बीपी-शुगर आदि में बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाएं मांगा तो कर्मचारी ने ब्रांडेड दवाएं निकालकर पकड़ा दिया।

### केस से समझिए, जनऔषधि केंद्र में ऐसे चल रहा खेल

**केस-1 :** जेनरिक की जगह तीन गुना प्रिंट वाली दवा दी 35 वर्षीय एक महिला ने बताया कि शनिवार को जिला अस्पताल की डॉक्टर ने उसे एक सप्ताह के लिए तीन दवाएं लिखी।अस्पताल के दवा कक्ष से सिर्फ एक दवाएं मिल पाई और बाकी दवाए के लिए पीएम जन औषधि केंद्र भेजा गया।यहां पर ऊंचे प्रिंट की दवा दी गई।जबकि पड़ताल में जन औषधि केंद्र में यह दवा करीब 50 रुपए में उपलब्ध मिली।

**केस-2 :** 100 की दवा के रहते 370 रुपए वाली थमाई 40 वर्षीय बदला हुआ नाम रानी ने बताया कि कमजोरी और चक्कर की वजह शनिवार को वह जिला अस्पताल गई।परेशानी पूछने के बाद डॉक्टर दवा तो लिख दी लेकिन एक दवाई अंदर मिला बाकी दो दवाइयां जन औषधि केंद्र पर लेने को कहा जिला अस्पताल के परिसर में ही जनऔषधि केंद्र से दोनों दवाओं को 217 रूपये में खरीदा।जबकि यही दवाई जन औषधि केंद्र में 60 से भी कम कीमत की उपलब्ध थी।फिर भी नहीं दी।

### जन औषधि केंद्र का ऐसा नियम है कि कोई दूसरी जेनरिक दवा भी नहीं बेच सकते

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के स्टेट डिप्टी मैनेजर अनीश ने कहा कि उनके केंद्र से ब्रांडेड छोड़िए, कोई दूसरी जेनरिक दवाएं भी नहीं बेच सकता है।हर केंद्र पर दवा की आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार ने राज्य स्तर पर स्टोर बनाया है।उनके यहां की हर दवा पर प्रधानमंत्री जन औषधि की मुहर लगी रहती है।उनकी जेनरिक दवाओं की एमआरपी पहले से फिक्स कर दी गई है।जबकि खुले बाजार में बिकने वाली जेनरिक दवाओं की एमआरपी तय नहीं होती है।अगर उनके किसी औषधि केंद्र से कोई दूसरी दवाओं के बिक्री की शिकायत मिलती है तो वह संबंधित केंद्र पर कार्रवाई के लिए केंद्रीय अधिकारियों को लिखते हैं।

### अधिकारियों की अनुमति से ही ब्रांडेड दवा बेच रहा : सूत्र

जिला अस्पताल में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र मेरा ही है।अधिकारियों से अनुमति लेने के बाद ही दूसरे कंपनी की दवाएं बेच रहा हूं।ऐसा करने के लिए मुझे मौखिक अनुमति मिली हुई है।पीएम जनरिक के साथ ही एथिकल और ब्रांडेड जनरिक भी रखा हूं। ... जैसा कि खुद को दुकान मालिक कहने वाले व्यक्ति ने बताया।

### मैने अनुमति नहीं दी ड्रग विभाग को चेक करना चाहिए

जिला अस्पताल परिसर में ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालित है।मेरी जानकारी में वहां से पीएम औषधि की जनरिक दवाएं ही बेची जा रही है। मैने उन्हें ब्रांडेड, एथिकल या कोई दूसरी जनरिक बेचने की अनुमति नहीं दी है।ड्रग विभाग को चेक करना चाहिए।

### ड्रग इंस्पेक्टर नहीं सुनती है शिकायत

जन औषधि पर बिक रही ऊंचे दामों की दावों की शिकायत कई बार ड्रग इंस्पेक्टर से की गई लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर ने जन औषधि केंद्र के संचालक पर कार्रवाई करने के बजाय उसे बढ़ावा ही दिया जा रहा जिससे कि गरीबों को मिलने वाली दवाइयां ऊंचे दामों वाली बेची जा रही है।

# जनपद के समस्त विकासखंडों के कुल 936 जोडों का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सम्पन्न

**राज्यमंत्री,विधायक पूरनपुर, ब्लाक प्रमुख मरौरी,मुख्य विकास अधिकारी,एवं जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा सामूहिक विवाह में उपस्थित होकर दिया गया नव युगलों को दिया आशीर्वाद**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें यूपी संजय सिंह गंगवार विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान,मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्त विकासखण्डों के सामूहिक विवाह ड्रमण्ड इण्टर कालेज परिसर में सम्पन्न कराये गये। जनपद में 936 नव युगलों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा वर-बधू को आवश्यक सामाग्री वितरित कर सभी का आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस प्रकार आज कुल 936 नव दापत्य जोडों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर नव दाम्पत्य को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सामूहिक विवाह की पावन बेला पर नव युगल को पवित्र गठबंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय सम्बन्धों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वाहन हेतु जीवन की नई पारी पर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासन द्वारा एक जोडे की शादी पर रू. 51 हजार व्यय करने की व्यवस्था की गई। जिनमें कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रू 35000 मात्र कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। रूपये 10000 की विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामाग्री बिछिया, पायल,वस्त्र आदि जोडों को दिया गया।कार्यक्रम के आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल,फर्नीचर,पेयजल अन्य व्यवस्थाओं हेतु रुपए 6000 मात्र निर्धारित किया गया।कार्यक्रम के दौरान में जनप्रतिनिधिगण,ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,पीओ डूडा,जिला प्रोवेशन अधिकारी,जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी,श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नहर पटरी किनारे बक्से में मिला युवक का नर कंकाल, पुलिस जांच में जुटी

**ग्रामीणों ने समझा था जेवर व रुपया, खोला तो निकला नर कंकाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फिरोजाबाद। थाना फरिहा क्षेत्र अन्तर्गत रविवार को नहर पटरी के समीप रखे संदूक में एक युवक का नर कंकाल पड़ा मिला है। पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है और मामले की जांच में जुट गई है।

थाना फरिहा के अहमदपुर मढ़ा के नहर बंबा के किनारे रविवार को वहां से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने एक टीन का बक्सा पड़ा देखा तो वह हैरान रह गए।

मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने पहले तो यह समझा की हो सकता है कि इस बक्से को कोई चोर डकैत यहां भूल गए हों और इसमें रुपये और जेवरात हों। ग्रामीणों ने उत्सुकता के साथ जैसे ही इस बक्से को खोला तो वह हैरान रह गए। बक्से के अंदर नर कंकाल था। यह देख ग्रामीणों के पसीने छूट गए और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर फरिहा थाना प्रभारी बैजनाथ सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने नर कंकाल को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

इस सम्बंध में सीओ जसराना श्याम जीत ने बताया कि ग्राम मढ़ा के प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि नहर पटरी के पास झाड़ियों में बक्से में एक नर कंकाल मिला है। मौके पर पुलिस पहुंची तो देखा कि बक्से में कंकाल के रूप में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। शव के बाल छोटे हैं जिस कारण देखने में शव पुरूष का प्रतीत हो रहा है। मौके से फील्ड यूनिट ने सैंपल लिए हैं, जिन्हे जांच को भिजवाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। शव की शिनाख्त कराने के साथ ही आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## मंत्री ने सीसी रोड का किया उद्घाटन

पीलीभीत।नगर में पुराना गल्ला मंडी राम बाजार में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के कर कमलों द्वारा विधायक निधि से नव निर्मित सीसी रोड का उद्घाटन संपन्न हुआ है।इस अवसर पर मंत्री ने सड़क पर जिन शिल्पकारों द्वारा रात के अत्यन्त सर्द मौसम में कार्य किया गया है।उन सभी शिल्पकारों की प्रशंसा कर व माला पहनाकर सम्मनित किया।क्यूंकि दिन में बाजार में काम करना कठिन था। शिल्पकारों ने ठंड की परवाह किए बगैर काम को अच्छी तरह से सम्पन्न किया है।इस अवसर पर पुरानी गल्ला मंडी के व्यापारियों ने राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार से पुराना गल्ला मंडी का नाम राम बाजार रखने का प्रस्ताव दिया है।साथ ही व्यापारियों ने सीसी रोड के लिए आभार व्यक्त किया है।इस अवसर पर मंत्री ने सभी व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनको व्यवसाय से संबंधित कोई भी परेशानी नहीं आने देंगे। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता ग्रामीण विभाग के अभियंता राजेश कुमार, सहायक अभियंता शैलेन्द्र चौधरी,जूनियर इंजीनियर मनोज कुमार,नगर अध्यक्ष भाजपा विकास श्रीवास्तव,जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप नवरंग,राघवेंद्र नाथ मिश्रा,संजय पाण्डे, संजीव शर्मा,देव प्रकाश, सुरेन्द्र शर्मा,शिवनरायण शर्मा,मनोज मिश्रविक्रम गंगवार,दीपू शंकर,रामसिंह लोधी,बाबूराम चावल वाले, राजीव डालडा,अन्नी,शैली अग्रवाल,सुनील मिश्रा,अनूप गंगवार सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## जहानाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष के घर पहुंचे सांसद

पीलीभीत।सांसद वरुण गांधी दो दिवसीय जनपद दौरे पर रविवार को पीलीभीत पहुंचे। सबसे पहले सांसद जहानाबाद गए जहां उन्होंने नगर पंचायत चेयरमैन पुत्र शिवा गुप्ता के निधन पर अन्ना परिवार से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। दो दिन पहले जहानाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र शिवम गुप्ता की सड़क हादसे में निधन हो गया था। सांसद ने नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्घटना की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर अन्ना परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## भाजपा नेत्री ने खोला मोर्चा पुलिस से की शिकायत

पुरनपुर।भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र कहा कि

लाइनपर कारगिल पेट्रोल पंप के पास आए दिन लोग जुआ खेल कर लड़ाई झगड़ा गाली गलौज करते हैं। इन जुआरिओ को एक महिला शह देती है। जो पूरनपुर देहात के मोहल्ला अहमदनगर के रहने वाली बताई जा रही है। महिला जुआरी को रुपए देकर जुआ खिलाबाती है। स्थानीय लोगों का कहना है की कई बार पुलिस को सूचना दी। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस बात का स्थानीय लोग कई बार विरोध कर चुके हैं। भाजपा नेत्री ने हो रहे लाइनपार जुआ को प्रबंधित करने की कोतवाली प्रभारी से मांग की है। जिससे लाइनपारवासियों को स्वच्छ एवं शांत माहौल प्राप्त हो सके।

## गैस सिलेंडर में आग लगने से पति-पत्नी समेत चार झुलसे, डिलीवरी मैन के खिलाफ तहरीर दी

मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में रविवार रात्रि करीब 8 बजे होली का मैदान के पास बने एक घर में लगे नए भरे गैस सिलेंडर से आग लगने से पति-पत्नी, समेत चार लोग झुलस गए। पड़ोस के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा जरूरी सामान जल गया था। पीड़ित परिवार ने गैस सिलेंडर देकर गए डिलीवरी मैन के खिलाफ कार्रवाई कराने को कटघर थाने में तहरीर दे दी है।कटघर क्षेत्र के होली का मैदान निवासी व निजी कंपनी के कर्मचारी पंकज सिंह ने बताया कि आज दोपहर में गैस एजेंसी का डिलीवरी मैन सिलेंडर पहुंचाकर गया था। बार-बार चेक कराने के लिए उससे कहा गया, लेकिन वह बिना देखे ही चला गया था। पंकज ने आगे बताया कि रात्रि करीब 8 बजे नया सिलेंडर रसोई में लगाया। जिसके बाद उनकी मां विद्या ने चाय बनाने के लिए गैस चूल्हे पर आग लगाई तो सिलेंडर लीकेज होने के कारण रसोई में आग लग गई।

## इंडिया एक्सपो मार्ट के चेयरमैन के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम से मिले ईपीसीएच सीओए मेम्बर अवधेश अग्रवाल

मुरादाबाद। मुरादाबाद एक्सपोर्ट हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन के महासचिव व ईपीसीएच सीओए मेम्बर अवधेश अग्रवाल ने रविवार को इंडिया एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार के साथ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम से उनके नई दिल्ली आवास पर मुलाकात की और 6 फरवरी से 10 फरवरी तक ग्रेटर नोएडा स्थित एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाली फ़ेयर के लिए निमंत्रण पत्र दिया।अवधेश अग्रवाल ने आगे बताया कि इसके साथ ही पूर्व सांसद से एमएसएमई के अंतर्गत निर्यातकों को 45 दिन में पेमेंट करने की परेशानियां को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद ने उन्हें आश्वस्त किया है।

## डीएम,एसपी के बच्चे भी सरकारी स्कूलों में पढ़े तो सुधर जाएगा शिक्षा का स्तर

**जनसवांद कार्यक्रम में बोले संसद वरुण गांधी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। सांसद वरुण गांधी दो दिवसीय जनपद दौरे पर रविवार को पीलीभीत पहुंचे। जिले की सीमा में प्रवेश करने के बाद शाही मोड़ पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उसके बाद वह अमरिया ब्लॉक के ग्राम बिसेन, दलेलगंज, नवादादास, धुंधरी, विलासपुर, फुलय्या, बगनेरा, बांसखेड़ा, निसावा, गोपालनगर, मुगलखेड़ा आदि ग्रामों में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया।सांसद वरुण गांधी ने कहा कि देश में तरक्की तो रही है, लेकिन सबका हिस्सा तरक्की में होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। सांसद ने कहा मैं पिछली बार पीलीभीत आया था तो एक युवक मिला था। उसने लोन लेने की बात कहीं। बोला दो साल से दौड़ रहा हूं तब से लोन नहीं मिला। बैंक वाले बोल रहे हैं लोन तो स्वीकृति कर देंगे, लेकिन उसका एक हिस्सा तो देना पड़ेगा। सांसद ने कहा ऐसी स्थिति में एक आम इंसान को आगे बढ़ना कितना मुश्किल होता है। मैंने पार्लियामेंट में कहा था कि देश में शिक्षा और स्वास्थ्य का स्तर बहुत मामूली है। अगर इसका स्तर ऊंचा करना है तो देश के डीएम व एसपी या बड़े अफसरों के लिए सरकारी स्कूल और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को अनिवार्य कर देना चाहिए। उनके बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़े और इलाज भी सरकारी में हो, तो अपने आप ही व्यवस्थाएं सेवाएं सुधर जाएंगी, लेकिन देश में ऐसा नहीं हो रहा है। सांसद ने कहा कि मैं राजनीति में पैसा और नाम कमाने के लिए नहीं आया हूं। मेरी राजनीति देश और समाज के हित के लिए है। संसद ने पंडित जवाहरलाल नेहरू का एक किस्सा सुनते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू से एक बुजुर्ग अम्मा मिली। बुजुर्ग ने प्रधानमंत्री का हाथ पकड़ते हुए कि कहा कि तुम तो देश को कौनसी आजादी दिलाने कि बात करते थे, तो नेहरू ने जवाब में कहा जो आप प्रधानमंत्री का कलर पकड़े खड़ी है, इसी को आजादी कहते हैं। सांसद ने कहा हमारे और आप के बुजुर्गों ने आजादी के दौरान सपना देखा था कि अब किसी को किसी के सामने झुकना नहीं पड़ेगा, लेकिन आज बिना झुके कोई काम नहीं होता है। अगर किसी सरकारी अधिकारी के पास किसी काम से जाना पड़ता है तो आपको झुककर ही अपनी बात रखनी पड़ती है। सांसद ने कहा कि मैं एक ऐसा हिंदुस्तान देखना चाहता हूं, जहां एक आम आदमी बिना डरे अपनी बात रख सके।

सांसद वरुण गांधी ने देर शाम नगर ने काला मंदिर पर भी जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से सांसद सचिव कमलकांत, प्रभारी नवीन त्यागी, प्रतिनिधि रमेश लोधी, सर्वजीत सिंह छब्बा, युद्धिस्टर गंगवार, राजकुमार लोधी, ललित वर्मा, प्रमोद पटेल वीरपाल, रीतराम प्रांजल, जीवन राम यादव, करन राठौर, रामदयाल, नोनी राम, छेदा लाल, भूपराम मौर्य आदि मौजूद रहे।

## जिलाध्यक्ष ने कल्पवासियों के साथ तम्बू में सुनी 'मन की बात'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के लिए अब माघ मेले में भी भीड़ लगने लगी है। रविवार को माघ मेला आए भाजपा यमुनापार ज़िलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने 109वें संस्करण को नैनी के अरैल क्षेत्र में गंगातट पर कल्पवासियों संग एलईडी टीवी पर देखा और सुना। इस दौरान उन्होंने साधु- संतों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यमुनापार के सभी 1435 बूथों पर कार्यकर्ताओं ने मन की बात को सुना गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में अयोध्या जन्मभूमि के भव्य-दिव्य मंदिर मे श्रीराम लला विराजमान की चर्चा हुई। साथ ही फर्स्ट टाइम वोटर्स से नाम जुड़वाने की अपील, रेडियो की ताकत के बदलाव, नेशनल वोटर्स डे, खेल, स्पर्धा, आस्था, संस्कृति, महापुरुषों आदि पर बातें की। साथ ही 29 जनवरी को सुबह 11 बजे 'परीक्षा पर चर्चा' के 7वें संस्करण के माध्यम से प्रधानमंत्री अपने विचार रखेंगे। उन्होंने बताया कि इसमें सवा दो करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने शक्ति केंद्र संयोजक नारी बारी गिरीश कुमार चतुर्वेदी के प्रतिष्ठान पर युवाओं संग रेडियो पर मन की बात को सुनकर बैठक की । इस दौरान जिला संयोजक जय सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अरूण सिंह, मंडल, शक्ति केंद्र के बूथ के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर मन की बात को सुना।

## भारतीय संविधान देश को संप्रभु एवं अखंड बनाए रखने में सक्षम व समर्थ : प्रो पंकज कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। हमारे संविधान को संविधान निर्माताओं ने इतना सोच समझकर, लचीला और मजबूत बनाया है कि देश की संप्रभुता, अखंडता और एकता को कोई खतरा नहीं हो सकता है। हमारे संविधान ने मौलिक अधिकारों को स्पष्ट रूप से उल्लिखित किया है। जबकि अमेरिका के संविधान में प्रारम्भ में मौलिक अधिकारों को सम्मिलित नहीं किया गया था।

उक्त विचार मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय राजनीति शास्त्र विभाग के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर डॉ. पंकज कुमार ने भारत विकास परिषद प्रयाग शाखा द्वारा आयोजित भारतीय संविधान विषय पर संगोष्ठी में व्यक्त किया। सिविल लाइन स्थित एक होटल में उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में राज्यों को उस प्रकार से नहीं जोड़ा गया जिस प्रकार से सोवियत रूस की स्थिति रही। बल्कि इसे राज्यों का संघ बनाया गया। परंतु किसी भी राज्य को संघ से अलग होने का अधिकार नहीं है। प्रो. पंकज कुमार ने कहा कि यह भारतीय संविधान द्वारा देश की जनता को दी गई शक्ति का ही परिणाम है कि आपातकाल जैसी स्थितियों से भी देश आसानी से निकलकर बाहर आ गया। हमारा संविधान देश के सामने आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने में जनता और सभी निकायों को पूरी तरह से सक्षम बनाता है।

भारत विकास परिषद प्रयाग शाखा की अध्यक्ष डॉ. अल्पना अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के बाद राम मंदिर का निर्माण भारत में हुए सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि 75 वर्ष पूरा होने के बाद भी आज लोकतंत्र के लोक सेवक अपने को मालिक समझते हैं और जनता के कार्यों को करके उसे अपना कर्तव्य नहीं, उन पर एहसान जताते हैं, और उनके साथ बदसलूकी करते हैं। यह लोकतंत्र का अपमान है। हम सब शिक्षित वर्ग का यह कर्तव्य है कि लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करें और जनता को यह भी बताएं कि उनके लिए कार्य करने वाले अधिकारी उनके सेवक हैं, उनके मालिक नहीं।

पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सीए डॉ नवीन चंद्र अग्रवाल मुख्य अतिथि का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ. विवेक भदौरिया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने किया। मुख्य अतिथि का परिचय डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने दिया। कार्यक्रम में प्रयाग प्रांत की अध्यक्ष निशा जायसवाल, प्रांतीय सचिव सुनील धवन, राकेश मित्तल, एडवोकेट आरपी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. सुनील कंत मिश्रा, आलोक शाह, डॉ रितेश अग्रवाल, राज नारायण अग्रवाल, डॉ. विनय शांगुली, त्रिवेणी शाखा के अध्यक्ष दरबारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## यूपी में अब मनाया जाएगा बुंदेलखंड गौरव महोत्सव, जिलाधिकारी ने तैयार की रूप रेखा

जालौन। यूपी में 1 व 2 फरवरी को बुंदेलखंड महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसको लेकर मंडलायुक्त के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने वर्चुअल बैठक कर कलेक्ट्रेट सभागार में सांस्कृतिक विभाग द्वारा कराये जा रहे बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव को लेकर रूप रेखा तैयार कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि विशेष आकर्षण का केन्द्र हॉट एअर बैलून व हैरिटेज वॉक, योगा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। हैरिटेज कार्यक्रम के तहत आमजन को कालपी स्थित विभिन्न ऐतिहासिक धरोहर, सास्कृति विरासत इत्यादि पर्यटन स्थल क्षेत्र का सुसज्जित हेरिटेज वॉक कार से भ्रमण कराया जायेगा। हॉट एअर बैलून का कार्यक्रम राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में आयोजित किया जायेगा, जिसमें हॉट एअर बैलून से आम व्यक्ति भी आसमानी यात्रा का आनन्द ले सकेंगे। इसी प्रकार योगा, आतिशबाजी, लेजर शो इत्यादि के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां की जायेंगी। उन्होंने बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव को भव्यता के साथ मनाये जाने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रों की तैनाती गयी है। सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये दायित्वों का निर्वहन किये जाने के निर्देश दिये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्ति, नवीत, मुस्तफा, अधिशाषी अधिकारी आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पेटीएम के जरिये पेट्रोल पंप मालिक से 22 लाख ठगे, दो गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में पेटीएम के जरिए पेट्रोल पंप मालिक से 22 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो शातिर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही पेट्रोल पंप के शातिर कर्मचारी थे और उनके पास से 10 लाख रुपये की बरामदगी भी हुई है।

अपर पुलिस उपायुक्त अपराध मनीष सोनकर ने रविवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कानपुर के थाना बर्रा निवासी रामनरेश अवस्थी का मंधना बिठूर रोड पर नीलम पेट्रोल पंप है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके खाते से 22 लाख रुपये की हेराफ़ेरी हो गयी है। 27 जनवरी को पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कारवाई करते हुए क्राइम ब्रांच पुलिस ने छानबीन शुरू करी तो पता चला कि उनके पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारी हरिओम पाल और अन्नू पाल ने ही 22 लाख की हेराफ़ेरी की है।एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि पेट्रोल पंप में लोग पेट्रोल डलाने जाते हैं और पेटीएम का बारकोड स्कैन कर पेमेंट कर देते हैं। जिसमें पेटीएम का मर्चेंट अकाउंट होता है, उसका एक्सिस मालिक से लेकर धीरे धीरे सारा पैसा हरिओम और अन्नू अपने अकाउंट में ट्रांसफर करता रहा और करीब 22 लाख का चूना लगा दिया। पेट्रोल पंप में जब ऑडिट की गई तो खाते में इतनी बड़ी रकम के गायब होने से पेट्रोल पंप मालिक के होश उड़ गए।मनीष सोनकर ने यह भी बताया कि आरोपी हरिओम ने करीब 12 लाख रुपये और अन्नू ने करीब 10 लाख रुपये गबन किया। पुलिस द्वारा कार्रवाई करने के बाद दोनों के पास से कुल 10 लाख रुपये बरामद हुआ है जो कि उनके एकाउंट में है, जिसको सीज कर दिया गया है। दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

## भदोही में पर्यावरण बचाने के लिए स्थापित होगा पर्यावरण क्लब : जिलाधिकारी

**देश भर से आए पर्यावरण पर काम करने वालों लोगों को किया गया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भदोही, 28 जनवरी (हि.स.)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ज्ञानपुर भदोही में पर्यावरण हमारी आवश्यकता या मजबूरी एक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश,प्रदेश और भदोही के पर्यावरणविदों ने अपने विचार रखे। भदोही जिलाधिकारी गौरांग राठी बतौर विशिष्ट अथिति अपनी बात रखते हुए कहा कि भदोही में एक पर्यावरण क्लब की स्थापना होगी, जिसमें पर्यावरण के लिए काम करने वालों को जोड़ा जाएगा।

**जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने भी पर्यावरण पर रखे विचार**

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भदोही में जंगल का क्षेत्र बेहद कम है लेकिन हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक काम करना होगा। उन्होंने कहा कि नदियों के किनारे को विकसित कर पर्यटन और पर्यावरण के लिए बेहतर बनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने इस दौरान पर्यावरण क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले राष्ट्रपति शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार गुप्ता से पर्यावरण संरक्षित करने के लिए विचार मांगे। इसके बाद वाराणसी,पीलीभीत और बदायूं के पर्यावरणविदों ने अपने जिले में पर्यावरण के लिए बेहतर काम और अच्छे पुरस्कार प्राप्त करने के संबंध में जिलाधिकारी को जानकारी दी। कार्यक्रम में पर्यावरण के लिए बेहतर काम करने वाले और उनका अनुभव सुनकर जिलाधिकारी काफी प्रभावित दिखे। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पर्यावरण हमारी आवश्यकता के साथ-साथ मजबूरी भी बन गई है। हमें हर हाल में मिलकर पर्यावरण को सुरक्षित और सुरक्षित करना होगा। पर्यावरण के संबंध में हमें आने वाली पीढ़ियों को भी जानकारी उपलब्ध करानी पड़ेगी। इससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार ने भी पर्यावरण के संबंध में अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि बुद्ध और पर्यावरण को जोड़ कर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया अब बसंत करीब आ रहा है, ऐसे में यह पक्षियों के लिए प्रजनन का समय होता है। हमारा दायित्व बनता है कि उन्हें सुरक्षित करें और उनके लिए घोसले की व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि जिला जेल में कैदियों की तरफ से बनाए गए घोसलों को जेल के सामने बिक्री के लिए भी रखा गया है।इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रभुनाथ शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने पर्यावरण को रामायण काल से जोड़ते हुए कहा कि भगवान राम ने भी पर्यावरण का संरक्षण किया था और उन्होंने वन में रहकर कंद-मूल, फल खाकर वनवास के दौरान अपनी वनयात्रा को सफल बनाया। मां सीता भी बन के पशु-पक्षियों और जानवरों से बहुत प्रेम करती थी। रामचरितमानस के अध्ययन से हमें रामायण काल में पर्यावरण संरक्षण की अच्छी खासी सीख मिलती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौरांग राठी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढ़ा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने पूजा-अर्चना किया। उद्योगपति विशंभर दयाल ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पर्यावरण सम्मान से किया गया सम्मानित

पर्यावरण के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले लोगों को जिलाधिकारी भदोही गौरांग राठी की तरफ से सम्मानित किया गया। जिसमें देश, प्रदेश और जनपद के लोग शामिल रहे। जिन्हें यह सम्मान दिया गया उन्हें पूर्व में पर्यावरण और स्वच्छता पर विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए जा चुके हैं। इनमें संगीता शर्मा बदायूं, ममता गंगवार पीलीभीत, जगदंबा प्रसाद सोनभद्र, स्वाति दीपिका श्रीवास्तव मिर्ज़ापुर, संध्या मौर्य वाराणसी, कमलेश कुमार पांडेय वाराणसी, संगीता गौर राजस्थान, यशोदा कोरी मध्य प्रदेश शामिल हैं, जबकि जनपद से अमृता गुप्ता, आलोक कुमार दीपचंद, विवेक कुमार, अशोक कुमार गुप्ता राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कार, रत्ना गुप्ता, उर्मिला देवी, दीपक कुमार बरनवाल, वरिष्ठ पत्रकार प्रभुनाथ शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद, अनुराधा यादव, डॉक्टर सौम्या मिश्रा, सुमन गुप्ता, राजेश कुमार पांडेय, मोहम्मद रुस्तम खान, अरशद खान, अतुल कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे। सभी को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद अनिल कुमार मिश्रा प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भदोही ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अयोध्या में बाल राम की स्थापना के साथ सनातन का रामोदय : अमरजीत मिश्र

अयोध्या। मुंबई भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने रविवार को यहां कहा कि अयोध्या में बाल राम की स्थापना के साथ सनातन का रामोदय हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से जप तप करके प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया इससे देश का बहुसंख्य हिंदू समाज जागृत हुआ है।श्री मिश्र के नेतृत्व में मुंबई भाजपा का 12 सदस्यीय दल कल अयोध्या पहुँचा। मुंबई से ट्रेन से आनेवाले यात्रियों को अयोध्या में रामलला का दर्शन, वाहन और आवास की व्यवस्था को सुचारू रूप देने के लिये मुंबई भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आशीष शेलार ने उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र के नेतृत्व में पहला जत्था अयोध्या भेजा है।भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने आज देश के अलग अलग प्रांतों से आये व्यवस्था प्रमुखों की बैठक ली। इस दौरान अमरजीत मिश्र, कमलेश यादव व जितेंद्र राउत ने श्री बंसल को अटल चेतना बुक देकर अभिनंदन किया।मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा से समाज में व्याप्त कुरीतियाँ को दूर किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से निषाधराज व माता शबरी पर डाक टिकट जारी किया। वह आनेवाले समय में मील का पत्थर साबित होगा।श्री मिश्र ने कहा कि वह 82 सेकेंड के अभिजीत मुहूर्त में जब रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा का मंत्र पढ़ा गया, श्याम शिला से बनी रामलला की मूर्ति मानो जीवंत हो उठी। मूर्तिकार अरुण योगीराज ने करोड़ों रामभक्तों के हृदय में विराजमान प्रभु की सुंदर छवि को साकार कर दिया था।

# इंडिया गठबन्धन की टूट-फूट?

सात महीने पहले जब बिहार की राजधानी पटना में इस राज्य के मुख्यमन्त्री श्री नीतीश कुमार ने देश के प्रमुख विपक्षी दलों का एक महागठबन्धन बनाने की नींव यह कहते हुए डाली थी कि कांग्रेस पार्टी की शिरकत के बिना कोई भी ऐसा राजनैतिक गठबन्धन नहीं बन सकता जिसमें भाजपा का विकल्प बनने की क्षमता हो तो साफ था कि लोकसभा चुनावों में विपक्ष प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और भाजपा के चुनावी तन्त्र का मुकाबला करने के लिए अपना मजबूत विमर्श संयुक्त रणनीति के जरिये पेश करने जा रहा है। परन्तु अफसोस की बात है कि अभी तक इस मोर्चे पर विपक्षी गठबन्धन का नाम केवल 'इंडिया गठबन्धन' रखने के अलावा और कोई खास काम नहीं हुआ है बल्कि इसके उलट इंडिया गठबन्धन में शामिल कई राज्यों के क्षेत्रीय दल अपनी अलग-अलग ढपली बजाते नजर आ रहे हैं। मगर राजनीति में हमेशा वही सच नहीं होता है जो ऊपर से नजर आता है। असली सच राजनीति के पर्दे के पीछे छिपा हुआ रहता है इसी वजह से राजनीति को विज्ञान भी कहा जाता है।असली राजनीतिक विज्ञान वही कहा जाता है जिसमें 'शेर को चींटी' से मरवा दिया जाता है। अतः इंडिया गठबन्धन की सदस्य प. बंगाल की तृणमूल कांग्रेस की सर्वेसर्वा ममता दीदी ने जिस प्रकार तैश में यह बयान दिया है कि राज्य में कांग्रेस पार्टी के साथ उनकी सीटों के बंटवारे पर कोई बात नहीं हो रही है और उनकी पार्टी अपने दम पर ही सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ेगी मूलतः भाजपा को राज्य की राजनीति में बहुत निचले पायदान पर रखने की ही रणनीति है जिससे कांग्रेस न समझ हो रही है, ऐसा नहीं माना जा सकता। इसी प्रकार पंजाब की सभी 13 सीटों पर अपने बूते पर ही लड़ने का ऐलान जिस तरह आम आदमी पार्टी के मुख्यमन्त्री भगवन्त सिंह मान ने किया है उसका लक्ष्य भी भाजपा को लड़ाई से बाहर रखने का ही है। प. बंगाल में 2011 में ममता दी ने मार्क्सवादी या वामपंथी पार्टियों का 34 वर्ष का शासन समाप्त करके सत्ता हथियाई थी। अतः वामपंथी पार्टियां उनकी दुश्मन नम्बर एक हैं। परन्तु पिछले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने स्वयं को ममता दी की मुख्य प्रतिद्वन्द्वी बनाने में सफलता प्राप्त कर ली जिसकी वजह से वोटों का ध्रुवीकरण इन दोनों दलों के बीच ही हो गया और पारंपरिक वामपंथी वोट बैंक ममता विरोध में भाजपा के साथ चला गया और 2019 में इसकी 18 लोकसभा सीटें आयीं जबकि ममता दी 22 सीटें ही जीत पाईं जबकि 2014 में उनकी 34 सीटें थीं। इंडिया गठबन्धन की सदस्य हालांकि मार्क्सवादी पार्टी भी है मगर वह अपने वोट बैंक को भाजपा के साथ जाने से बचाना चाहती है और ममता दी के कड़े विरोधी की तरह दिखनी चाहती है। कांग्रेस की स्थिति इससे थोड़ी अलग है। वह न मार्क्सवादी पार्टी से दूर दिखना चाहती है और न तृणमूल कांग्रेस से अतः वह अपने प्रभाव क्षेत्रों मे मार्क्सवादी पार्टी के साथ मिलकर ममता दी के प्रत्याशियों के खिलाफ अपने प्रत्याशी खड़े करना पसन्द करेगी जिससे वोटों का बंटवारा केवल दोनों कांग्रेस के बीच ही हो जबकि शेष सभी स्थानों पर वह तृणमूल कांग्रेस व मार्क्सवादी पार्टी के त्रिकोणात्मक संघर्ष पर जोर देगी जिससे भाजपा को चौथे स्थान पर धकेला जा सके। जरूरी नहीं कि यही रणनीति अपनाई जाये मगर इसकी संभावना मौजूदा हालात को देखते हुए सबसे ज्यादा बन रही है। इसी प्रकार पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्ता में है और कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल है। राज्य में इसके बाद अकाली दल का नम्बर आता है और भाजपा चौथे स्थान पर आती है। पहले अकाली दल व भाजपा का गठबन्धन हुआ करता था जिसकी वजह से भाजपा राज्य की गिनती की लोकसभा सीटें जीत जाया करती थी। परन्तु अब यह गठबन्धन टूट चुका है और अकाली दल की ताकत भी बहुत शिथिल हो चुकी है जिसकी वजह से यदि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी आपस में ही नहीं भिड़ेंगी तो अकाली दल या भाजपा को उनके मुकाबले पर आने में सहूलियत हो जायेगी। मुकाबला यदि कांग्रेस व आप के बीच होता है तो सभी सीटें इंडिया गठबन्धन के भीतर ही रहेंगी क्योंकि तृणमूल व आप दोनों ने कहा है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबन्धन के सदस्य ही रहेंगी।

# प्राण प्रतिष्ठा में मुसलमानों की उपस्थिति के संदेश

अयोध्याधाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रख्यात मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना उमेर इलियासी समेत बहुत सारे मुसलमान धर्म गुरुओं की और फिल्म कलाकारों, गायकों , कलाकारों और शहाबुद्दीन हुसैन जैसे राज नेताओं की उपस्थिति सुकून देने वाली थी। इनका भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को निर्विघ्न पूर्ण करवाने में पूरा नैतिक समर्थन रहा। इन्होंने अपनी उपस्थिति से यह भी संदेश दिया कि देश के बहुसंख्यक और पढ़े-लिखे समझदार मुसलमान अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण का समर्थन करते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम मौलाना इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि वास्तव में यह ही नए भारत का चेहरा है। हमारा सबसे बड़ा धर्म मानवता है। हमारे लिए राष्ट्र पहले है। यह बदलते भारत की तस्वीर है। आज का भारत नवीन भारत, आज का भारत उत्तम भारत, मैं यहां पैगाम-ए-मोहब्बत लेकर आया हूं। हमारी इबादत करने के तरीके अलग जरूर हो सकते हैं, पूजा पद्धति जरूर अलग हो सकती है, हमारी आस्थाएं जरूर अलग हो सकती है, लेकिन हमारा जो सबसे बड़ा धर्म है वह इंसान और इंसानियत का है। अब यह जानना जरूरी है कि मौलाना उमेर इलियासी कौन हैं? कुछ समय पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अध्यक्ष मोहन भागवत की मौलाना उमेर अहमद इलियासी से मुलाकात के बाद उनके बारे में जानने वालों की तादाद चक्रवृद्धि ब्याज की तरह से बढ़ी है। वे राजधानी में इंडिया गेट से लगभग सटी गोल मस्जिद के इमाम हैं। वे इस्लाम के विद्वान तो हैं ही, बड़ी बात ये है कि उन्होंने अन्य धर्मों का भी हिंदू धर्म का भी गहन अध्ययन किया हुआ है। उनके जीवन का अटूट हिस्सा है सर्वधर्म समभाव। वे सब धर्मों का सम्मान करने में यकीन करते हैं। मौलाना उमेर इलियासी की शख्सियत पर महात्मा गांधी का असर साफ दिखाई देता है। वे कहते हैं कि गांधी जी उनके गुरुग्राम के गांव घसेरा के पुश्तैनी घर में 19 अगस्त, 1947 को आए थे। वहां पर उनका मौलाना उमेर के दादा चौधरी मुनीरउद्धीन साहब और सैकड़ों लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। गांधीजी ने गांवों वालों को हिदायत दी थी कि वे पाकिस्तान नहीं जाएंगे। गांववालों ने उनकी बात मानी थी। मौलाना उमेर इलियासी राजघाट में होने वाले सर्वधर्म सम्मेलनों में लगातार पहुंचते हैं। बहुत ही प्रखर वक्ता हैं। वे जब कुरआन के साथ गीता और बाइबल से भी उदाहरण देकर अपनी बात रखते हैं तो श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। गोल मस्जिद में एक जमाने में इंदिरा गांधी जी भी आया करती थीं। तब इस मस्जिद के इमाम मौलाना जमील इलियासी थे। वे मौलाना उमेर अहमद इलियासी के पिता थे। वे भी राष्ट्रवादी मुसलमान थे। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहा जाता था। शायद इसलिए क्योंकि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है। उन्होंने गोल मस्जिद में हरेक फकीर या भूखे इंसान के लिए भोजन की व्यवस्था की रिवायत शुरू की थी। उसे मौलाना उमेर इलियासी ने अपने वालिद के 2010 में इंतकाल के बाद आगे बढ़ाया। मौलाना उमेर इलियासी साफ कहते हैं कि उनके पुरखे हिन्दू ही तो थे। वे तो यहां तक कहते हैं कि वे भगवान कृष्ण के वंशज हैं। उनका परिवार करीब दोऽढाई सौ साल पहले इस्लाम स्वीकार कर चुका है। वे मानते हैं कि इस्लाम का रास्ता सच्चाई, अमन और भाई चारे की तरफ लेकर जाता है। इस्लाम में किसी के लिए कोई नफरत का भाव नहीं है। इस्लाम समता के हक में खड़ा होता है। मौलाना उमेर इलियासी की स्कूली शिक्षा राजधानी के पंडारा रोड के सरकारी स्कूल में हुई। पर उम्र बढ़ी तो उनका रास्ता बदल गया। पिता मौलाना जमील इलियासी ने उन्हें अपने साथ जोड़ लिया। उन्हें अपने उत्तराधिकारी के रूप में प्रशिक्षित किया। वे मानते हैं कि भारत में शांति के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। उनकी इसी सोच का नतीजा है कि गोल मस्जिद में ईद और दिवाली पर आलोक सज्जा होती है। दीपोत्सव अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला अनोखा त्योहार है। ये भारत की धरती का पर्व है। गोल मस्जिद में सब मिलकर दीये जलाते हैं और बनाते हैं रंगोली। अंधकार व्यापक है, रोशनी की अपेक्षा। क्योंकि, अंधेरा अधिक काल। दिन के पीछे भी अंधेरा है रात का। दिन के आगे भी अंधेरा है रात का। भारत के लाखों मुसलमान भी दिवाली को मनाते हैं। वे दिवाली पर अपने घरों- दफ्तरों की सफाई करने के अलावा चिराग जलाते हैं। सच में प्रकाश और रोशनी का पर्व अंधकार से रोशनी में ले जाता है। देश ने 22 जनवरी को एक बार फिर से दिवाली वाला उत्साह देखा। उस दिन सारे देश में आलोक सज्जा हो रही थी। अगर कुछ कठमुल्लों को छोड़ दिया जाए तो जिस दिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी उस दिन सारे भारत में आनंद की स्थिति में भजन-कीर्तन हो रहे थे। उसमें गैर-हिन्दुओं की भी भागेदारी रही थी। राजधानी के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से लेकर दिल्ली से सटे कौशांबी के कंचनजंगा कैंपस और मुंबई के जुहू से लेकर कानपुर और सारे देश में विगत 22 जनवरी को हुए भजन-कीर्तन कार्यक्रमों में लाखों-करोड़ों राम भक्तों में कई मुसलमान और ईसाई भी भाग ले रहे थे। पंडित जेपी शर्मा 'त्रिखा' बता रहे थे कि वे मुंबई, दिल्ली और एनसीआर में सुंदर कांड आयोजित करते रहे हैं। पर इस बार उनके सुंदर कांड के आयोजन में कुछ मुसलमान और ईसाई मित्र खुद ही शामिल हुए और प्रसाद लेकर अपने घरों को लौटे। यह वास्तव में एक नये भारत का चेहरा था। भारत सबका है और इधर सबको जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के भरपूर अवसर मिलते हैं। अमेरिका के सबसे लोकप्रिय राष्ट्रपतियों में से जॉन कैनेडी ने एक बार सही कहा था कि 'यह मत पूछो कि देश ने तुम्हें क्या दिया बल्कि ये पूछो कि तुमने देश को क्या दिया'। शीत युद्ध में अमेरिका की भूमिका के संबंध में दिए गए 14 मिनट के भाषण में कैनेडी ने अमेरिकियों का आह्वान किया था, ''यह मत पूछो कि तुम्हारा देश तुम्हारे लिए क्या कर सकता है , यह पूछो कि तुम देश के लिए क्या कर सकते हो ।'' उनके इस वक्तव्य को सुनकर कोई भी समझ सकता है कि वे कितनी बड़ी शख्सियत के धनी थे। कैनेडी की अपने देशवासियों को कही बात हरेक भारतीय पर भी लागू होती है। भारत में राम राज्य तो तभी आएगा जब सब राष्ट्र निर्माण में लग जाएगा। **-आर.के. सिन्हा**

प्राण प्रतिष्ठा के बाद अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम मौलाना इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि वास्तव में यह ही नए भारत का चेहरा है। हमारा सबसे बड़ा धर्म मानवता है। हमारे लिए राष्ट्र पहले है। यह बदलते भारत की तस्वीर है। आज का भारत नवीन भारत, आज का भारत उत्तम भारत, मैं यहां पैगाम-ए-मोहब्बत लेकर आया हूं। हमारी इबादत करने के तरीके अलग जरूर हो सकते हैं, पूजा पद्धति जरूर अलग हो सकती है, हमारी आस्थाएं जरूर अलग हो सकती है, लेकिन हमारा जो सबसे बड़ा धर्म है वह इंसान और इंसानियत का है। अब यह जानना जरूरी है कि मौलाना उमेर इलियासी कौन हैं? कुछ समय पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अध्यक्ष मोहन भागवत की मौलाना उमेर अहमद इलियासी से मुलाकात के बाद उनके बारे में जानने वालों की तादाद चक्रवृद्धि ब्याज की तरह से बढ़ी है। वे राजधानी में इंडिया गेट से लगभग सटी गोल मस्जिद के इमाम हैं। वे इस्लाम के विद्वान तो हैं ही, बड़ी बात ये है कि उन्होंने अन्य धर्मों का भी हिंदू धर्म का भी गहन अध्ययन किया हुआ है। उनके जीवन का अटूट हिस्सा है सर्वधर्म समभाव। वे सब धर्मों का सम्मान करने में यकीन करते हैं। मौलाना उमेर इलियासी की शख्सियत पर महात्मा गांधी का असर साफ दिखाई देता है। वे कहते हैं कि गांधी जी उनके गुरुग्राम के गांव घसेरा के पुश्तैनी घर में 19 अगस्त, 1947 को आए थे। वहां पर उनका मौलाना उमेर के दादा चौधरी मुनीरउद्दीन साहब और सैकड़ों लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। गांधीजी ने गांवों वालों को हिदायत दी थी कि वे पाकिस्तान नहीं जाएंगे। गांववालों ने उनकी बात मानी थी। मौलाना उमेर इलियासी राजघाट में होने वाले सर्वधर्म सम्मेलनों में लगातार पहुंचते हैं। बहुत ही प्रखर वक्ता हैं। वे जब कुरआन के साथ गीता और बाइबल से भी उदाहरण देकर अपनी बात रखते हैं तो श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। गोल मस्जिद में एक जमाने में इंदिरा गांधी जी भी आया करती थीं। तब इस मस्जिद के इमाम मौलाना जमील इलियासी थे। वे मौलाना उमेर अहमद इलियासी के पिता थे। वे भी राष्ट्रवादी मुसलमान थे। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहा जाता था। शायद इसलिए क्योंकि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है। उन्होंने गोल मस्जिद में हरेक फकीर या भूखे इंसान के लिए भोजन की व्यवस्था की रिवायत शुरू की थी। उसे मौलाना उमेर इलियासी ने अपने वालिद के 2010 में इंतकाल के बाद आगे बढ़ाया। मौलाना उमेर इलियासी साफ कहते हैं कि उनके पुरखे हिन्दू ही तो थे। वे तो यहां तक कहते हैं कि वे भगवान कृष्ण के वंशज हैं। उनका परिवार करीब दोऽढाई सौ साल पहले इस्लाम स्वीकार कर चुका है। वे मानते हैं कि इस्लाम का रास्ता सच्चाई, अमन और भाई चारे की तरफ लेकर जाता है। इस्लाम में किसी के लिए कोई नफरत का भाव नहीं है।

# डॉक्टर की तरह फैमिली फार्मर बनाना होगा

**बाबा मायाराम**

बीजोत्सव ने कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर लोगों का ध्यान खींचा है। इससे एक तरफ बिना रासायनिक खेती से परंपरागत बीजों, मिट्टी-पानी का संरक्षण-संवर्धन हो रहा है व - जैव विविधता व पर्यावरण का संरक्षण हो रहा है, तो दूसरी तरफ किसान और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संबंध बन रहा है, जिससे खेती में बिचौलियों की भूमिका कम हो रही है और किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिल रहा है। कुछ समय पहले महाराष्ट्र के नागपुर में देसी अनाजों के बीजोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कई किसान उनके जैविक उत्पाद को बिक्री के लिए आए हुए थे। जैविक खेती पर चर्चा व संगोष्ठियां हुईं। इसमें कई राज्यों के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मुझे इस कार्यक्रम के आयोजकों में से एक बसंत फुटाणे ने आमंत्रित किया था। इस मौके पर जैव विविधता प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसमें जैविक उत्पादों के अलावा, खादी और सूती कपास के कपड़े और देसी बीजों की कई प्रजातियां प्रदर्शित की गई थीं। गर्मी के कारण अम्बाड़ी के शरबत को काफी पसंद किया गया था। इसके साथ ही जैविक उत्पाद से बने स्वादिष्ट व्यंजन व भोजन आकर्षण के केन्द्र रहे। जिसमें महुआ के गुलगुले, खीर, सूरन के पकोड़े, गुड़ की जलेबी, और देसी चावल व आम की कढ़ी और ज्वार की रोटी इत्यादि शामिल थे। बीजोत्सव के बारे में किसान अनंत भोयर बताते हैं कि इसकी शुरूआत वर्ष 2013 से हुई थी। उन्होंने बताया कि बीजोत्सव की शुरूआत किसानों की खुद्कुशी की खबरों से चिंतित होकर की गई थी। यवतमाल जिले में कपास की खेती होती है, जहां से किसानों की खुदकुशी की खबरें लगातार आ रही थीं। वहां जैव तकनीक से तैयार बीटी कॉटन होता है। अधिकांश किसान बैंक से कर्ज लेकर खेती करते हैं और कर्ज के बोझ तले दबकर ही जान दे रहे थे। वे आगे बताते हैं कि इस सबके मद्देनजर जैविक खेती से जुड़े किसानों व कार्यकर्ताओं को लग रहा था कि हमें मिलकर कुछ करना चाहिए। विचार-विमर्श के बाद यह सोच बनी कि रासायनिक खेती के विकल्प के रूप में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। तभी से बीजोत्सव के आयोजन का सिलसिला चल रहा है। बीजोत्सव में सुरक्षित व पौष्टिक खान-पान पर जोर दिया जाता है। इसके साथ ही, देसी बीजों की गोबर खाद व हल-बैल वाली जैविक खेती को बढ़ावा देते हैं। खेती को पशुपालन से जोड़ने की सोच रखते हैं,जिससे मिट्टी को गोबर खाद से उर्वर बनाया जाए और दूध-घी से भोजन में पौष्टिकता भी बढ़े। किसानों की समस्याएं समझने की कोशिश करते हैं, इस पर गोष्ठियां व संवाद करने के प्रयास करते हैं। नए छोटे किसानों को भी इस प्रक्रिया से जोड़ते हैं। संकर बीजों और जैव तकनीक से तैयार (जेनिटिकली मोडीफाइड) के नुकसान के बारे में बात करते हैं। बीजोत्सव के आयोजन से जुड़े बसंत फुटाणे कहते हैं कि जिस तरह हर परिवार का एक फैमिली डॉक्टर होता है, उसी तरह हर परिवार का एक फैमिली फार्मर होना चाहिए, जिससे उपभोक्ताओं व किसानों का संबंध बने और उपभोक्ता भी सुरक्षित अनाज के बारे में जागरूक हों। अगर उपभोक्ता व किसान में मानवीय रिश्ता बनेगा तो किसान को उत्पाद का उचित दाम मिलेगा और उपभोक्ता भी वाजिब दाम में पौष्टिक अनाज पाएगा। वर्धा जिले के बावापुर गांव के दीपक बरडे ने बताया कि वे ज्वार गनेरी, दुधी कोडा, पीली ज्वार, तुअर ( सफ़ेद, लाल), अलसी, मूंग, बंसी गेहूं, बैंगन, डांगरबारूक, दोडका (फल्ली), खडसेंग, करेला, बरबटी, चावरी, पालक, धनिया, हदगा, काकड़ी इत्यादि की खेती करते हैं। दीपक बरड़े बतलाते हैं कि उनका गांव बहुत छोटा है। 85 घरों के गांव में करीब 300 आबादी है। पहले वहां संकर बीजों की खेती होती थी। जिससे कैंसर, बीपी और शुगर के मरीज ज्यादा होने लगे थे। इसके बाद वर्ष 1970 से उन्होंने उनके पिताजी के साथ परंपरागत खेती करना शुरू किया था। परंपरागत बीजों के साथ परंपरागत ज्ञान भी जुड़ा है। उन्होंने बताया वे पूरी तरह स्वावलंबी हैं। उनका परिवार बाहर से नमक के अलावा कुछ भी नहीं खरीदता। मूंगफली से तेल मिल जाता है। खेत की अलसी से भी तेल मिल जाता है। देसी कपास हम वर्धा के ग्राम सेवा मंडल को देते हैं और उसके बदले में वहां से कपड़े ले लेते हैं। वस्तु विनिमय की परंपरा बरसों पुरानी है। बेंगलुरू से आए सहज समृद्ध के कोमल कुमार मानते हैं कि बीज समुदायों के हैं, कंपनियों व किसी एक व्यक्ति के नहीं हैं। सहज समृद्ध किसानों की जैविक उत्पाद कंपनी है, जो धान, पौष्टिक अनाज, दालें, सब्जियां, फूल और गैर खेती भोजन (अनकल्टीवेटेट फूड) इत्यादि जैविक तरीके से उत्पादित करने को बढ़ावा देती है।

## सेहत मंत्र

# प्याज सिर्फ स्वाद ही नहीं बढ़ाता सेहत के भी खूब काम आता है

प्याज के बिना भोजन का स्वाद अधूरा-अधूरा सा ही लगता है। फिर चाहे बात सब्जी बनाने की हो या फिर सलाद की। हर जगह प्याज का प्रयोग किया जाता है। वैसे तो प्याज आपके भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर यह सेहत के लिए भी उतना ही लाभकारी होता है। तो चलिए आज हम आपको प्याज खाने के कुछ बेहतरीन फायदों के बारे में बताते हैं- कैंसर से बचावः जो लोग नियमित रूप से प्याज का सेवन करते हैं, उन्हें कैंसर होने का खतरा काफी कम होता है। दरअसल, प्याज में सल्फाइड काफी मात्रा में पाया जाता है, जो ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद करता है। इसके सेवन से पेट के कैंसर से लेकर ओवेरियन, ओरल, कोलोरेक्टल और लारेंजियल कैंसर से बचाव होता है। बेहतर है बालों के लिए : प्याज को बालों के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। इसमें मौजूद सल्फर बालों के विकास में सहायक होता है। अगर आप झड़ते बालों से परेशान हैं तो प्याज के रस को अपनी स्कैल्प पर करीबन दिन में दो बार लगाएं। यह बालों का झड़ना तो रोकता है ही, साथ ही बालों की ग्रोथ में भी मददगार होता है। हड्डियां बनाए मजबूतः जर्नल ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड फूड कैमिस्ट्री द्वारा किए गए शोध में यह बात सामने आई कि प्याज ऊतकों के निर्माण और हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार है। ऐसा उनमें मौजूद चोंड्रोसाइट्स के कारण होता है। खासतौर से, जिन लोगों को ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या है, उन्हें विशेष रूप से प्याज को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। दिल को बनाए स्वस्थः प्याज आपके शरीर में रक्त के थक्के को जमने से रोकता है। यह एक ब्लड थिनर के रूप में काम करता है। यह दिल के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। दरअसल, प्याज लाल रक्त कोशिकाओं को एक जगह इकट्ठा होने से रोकता है, इसके कारण रक्त की धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं और आपको हृदय विकार होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। लेकिन प्याज खाने से आपको ऐसी किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

## धर्म मंत्र

# प्रयागराज में आराम की मुद्रा में लेटे हनुमानजी का है भव्य मंदिर

प्रयागराज के एक प्राचीन मंदिर में बजरंग बली की एक अनोखी मुद्रा वाली प्रतिमा स्थापित है। इस मंदिर में हनुमान जी लेटे हुए हैं। वैसे भारत में विभिन्न स्थानों में कई और ऐसी प्रतिमायें हैं जिनमें हनुमान जी अनोखी मुद्राओं में स्थापित हैं। ऐसा ही एक मंदिर है इंदौर के उल्टे हनुमान इस मंदिर में जो प्रतिमा है उसमें उल्टे हनुमान हैं, वहीं रतनपुर के गिरिजाबंध हनुमान मंदिर में स्त्री रुप में हनुमान प्रतिमा मौजूद है। इन सबसे हट कर गुजरात के जामनगर में पवनपुत्र बालक रूप में बाल हनुमान मंदिर में स्थापित हैं, इस मंदिर का नाम अनोखे रिकॉर्ड से जुड़ा है जो 50 साल से ज्यादा यहां लगातार गूंज रही रामधुन के चलते बना है। ये रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हनुमान जी की प्रतिमा वाला एक छोटा किन्तु प्राचीन मंदिर है। यह एकमात्र मंदिर है जिसमें हनुमान जी लेटी हुई मुद्रा में हैं। यहां पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा 20 फीट लम्बी है। संगम किनारे बना ये एक अनूठा मन्दिर है, जहां हनुमानजी की लेटी हुई प्रतिमा को पूजा जाता है। ऐसी मान्यता है कि संगम का पूरा पुण्य हनुमान जी के इस दर्शन के बाद ही पूरा होता है। इस लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर के विषय में कई प्रचलित कथायें प्राप्त होती हैं। एक के अनुसार एक बार एक व्यापारी हनुमान जी की भव्य मूर्ति लेकर जलमार्ग से चला आ रहा था। वह हनुमान जी का परम भक्त था। जब वह अपनी नाव लिए प्रयाग के समीप पहुंचा तो उसकी नाव धीरे-धीरे भारी होने लगी तथा संगम के नजदीक पहुंच कर यमुना जी के जल में डूब गई। कालान्तर में कुछ समय बाद जब यमुना जी के जल की धारा ने कुछ राह बदली, तो वह मूर्ति दिखाई पड़ी। उस समय मुसलमान शासक अकबर का शासन चल रहा था।

## पर्यटन



# नैसर्गिक सुंदरता की भूमि 'गंगटोक'

भारत और तिब्बत के बीच व्यापार मार्ग पर पड़ने वाला छोटा शहर गंगटोक अब काफी बदल चुका है, लेकिन फिर भी इसने अपनी नैसर्गिक सुंदरता को बरकरार रखा है और साथ ही शांत और सुरम्य वातावरण प्रदान करता है..वर्ष 1975 में सुंदर राज्य सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना था। राज्य के उत्तर-पूर्व इलाके में पड़ने वाली सिक्किम की राजधानी गंगटोक तिब्बत के ल्हासा और ब्रिटिश भारत के कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों के बीच के व्यापार मार्ग पर मुख्य ठहराव स्थल हुआ करता था। अब यह तिब्बती बौद्ध संस्कृति का प्रमुख केंद्र हो गया है। सिलीगुड़ी से पर्वत की चोटी पर स्थित गंगटोक शहर पहुंचने में ऊबड़-खाबड़ सड़कों के कारण लगभग चार घंटे का समय लगा, लेकिन विश्र्वास कीजिए यह परेशानी झेलने लायक है, जब आपको पता चलेगा कि शहर में देखने के लिए काफी कुछ है। यहां स्तूप और बौद्ध मठों में जाकर तिब्बती संस्कृति और आध्यात्मिकता को निकट से महसूस किया जा सकता है। वन्य जीवों में रुचि रखने वाले लोग हिमालयन जूलॉजिकल पार्क में जाकर काकड़ या बार्किंग डियर, हिमालयी भालू के अलावा दुर्लभ लाल पांडा की झलक पा सकते हैं। और हां, कंचनजंघा पर्वत की शानदार सुंदरता की प्रशंसा करना नहीं भूले। स्थानीय लोगों के पहनावे को भी आप नहीं भूल सकते। एमजी रोड पर घूमते हुए कोई भी यह महसूस कर सकता है कि यहां के लोगों के पहनने-ओढ़ने का तरीका मुंबई या दिल्ली के लोगों से बेहतर है। और अंततः शहर की शांतचित्तता पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है। गंगटोक के लोकप्रिय बाजार एमजी रोड से हमने शहर घूमने की शुरुआत की। किसी और हिल स्टेशन में स्थित एमजी रोड या मॉल रोड की तरह यहां की एमजी रोड की पक्की सड़कों पर वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित है और सड़कों के बीच में गमलों में लगे पौधों और इसके इर्द-गिर्द लगी बेंचों पर लोग बैठ सकते हैं और आराम कर सकते हैं, लेकिन सबसे अच्छा हमें यहां की सड़कें लगीं, जो कि काफी साफ-सुथरी थी, इसे भारत की सबसे साफ सड़क कहना गलत नहीं होगा। इसके बाद हनुमान टोक का भ्रमण किया जा सकता है। गंगटोक शहर से 11 किमी. की दूरी पर हनुमान टोक 7200 फीट की ऊंचाई पर है।

# आरबीपीजी कॉलेज खुशहालपुर का 19 वां स्थापना दिवस मनाया गया

## आधुनिक तकनीक से शिक्षा देने के लिए सरकार द्वारा स्मार्ट फोन और टैबलेट देने का फायदा छात्र उठा रहें हैं राज्यमंत्री सतीश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आरबीपीजी कॉलेज खुशहालपुर के 19 वें स्थापना दिवस व स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि खाद एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि योगी सरकार ने छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए स्मार्टफोन व टैबलेट देने का जो वादा किया था। आज वह तेज़ी के साथ पूरा होता दिखाई पड़ रहा है। रविवार को महाविद्यालय के 530 छात्रों को स्मार्ट फोन दिए गए। और उच्च तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने वाले दो करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन व टैबलेट योगी सरकार दे रही है। बीजेपी के जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प है कि 2047 तक भारत विकसित देश बन



जाएगा। फिर हम सब लोगों को विश्वास कर लेना चाहिए। क्योंकि मोदी और योगी जो कहते हैं वह पूरा जरूर करते हैं। एमएलसी अंगद सिंह ने कहा की अच्छी शिक्षा के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट का हर छात्र-छात्रा के पास होना जरूरी है। जिससे ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण करने में आसानी हो। महाविद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार वर्मा ने स्थापना दिवस पर इस संस्था की शुरुआत करने वाले स्व राजबहादुर वर्मा द्वारा सहयोगी इंटर कॉलेज खुशहालपुर से लेकर आरबीपीजी कॉलेज तक पहुंचने में लगी मेहनत और लगन के बारे में विस्तार से बताया। वर्तमान समय में महाविद्यालय द्वारा दी जारही उच्च शिक्षा की भी जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्र में सहयोगी इंटर कॉलेज व आरबीपीजी कॉलेज की वजह से आसपास क्षेत्र के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ रहे हैं। स्थापना दिवस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रामजी आए हैं के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति को देखकर मंत्री ने बच्चों को नगद पुरस्कार दिया। शहजादपुर निवासी आर्टिस्ट सुधांशु वर्मा ने मंत्री सतीश शर्मा की तस्वीर की पेंटिंग भेंट की तो देखकर मंत्री जी गदगद हो गए। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अम्बरीष अम्बर, प्रदीप सारंग सहित अन्य कवियों ने अपनी अपनी कविताएं पढ़कर खूब प्रशंसा बटोरी।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सतीश वर्मा,कोषाध्यक्ष आनंद वर्मा,शिक्षक अनुज वर्मा, अभिनव वर्मा,अपूर्व वर्मा,प्रभारी प्राचार्य दारा सिंह,चंद्रकांत वर्मा,धर्मानंद यादव,राजेश वर्मा,विनोद गौतम,डॉ.प्रज्ञा सिंह, डॉ. बलराम वर्मा,कुलदीप वर्मा,रामकुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण व प्रधानगण के साथ महाविद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शमशेर सिंह वर्मा ने किया।

## गणतंत्र दिवस के मौके पर राजधानी में सम्मनित हुए प्रधान , गांव पहुचने पर हुआ जोरदार स्वागत

मसौली बाराबंकी। विकास खंड मसौली की ग्राम पंचायत चिलौकी के ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत गणतंत्र दिवस के मौक़ेपर दिल्ली मे अवार्ड प्राप्त कर रविवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।26 जनवरी को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के मौक़ेपर जनपद से अकेले सम्मानित होने वाले प्रधान ने लोगों के प्रति आभार जताया। नई दिल्ली मे आयोजित सम्मान समारोह मे केंद्रीय ग्रामीण विकास एव पंचायती राज्यमंत्री गिरिराज ने अंगवस्त्र एव प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। रविवार को गांव वापस आये ग्राम प्रधान एव उनकी पत्नी का ग्रामीणों ने फूल मालाओ से जोरदार स्वागत किया तथा प्रधान के साथ कदम से कदम मिलाकर गांव के विकास मे सहयोग का संकल्प लिया। ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत ने जनता का आभार जताते हुए कहा कि गाव वालों की मंशा अनुरूप हम गांव को एक नई दिशा देंगे जो लोग याद रखेंगे हमारा लक्ष्य है कि बच्चो को बेहतर शिक्षा समाजिक रूप से सुरक्षित, गांव, पर्यावरण मे बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

## एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान मे आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता

बाराबंकी। जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंडर 14 अंडर 16 बालक बालिका वर्ग में 60 मी 600 मी और लंबी कूद ऊंची कूद ऊंची कूद भाला फेंक बैक थ्रू गोला फ़ेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बालक बालिका वर्ग में प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया जिनमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जिनके द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गये निर्णायक मंडल में हलीमुद्दीन, कुलदीप प्रताप सिंह अमृत लाल यादव आकाश दुबे आदि आदि के द्वारा कुशल निर्णय किया गया।इस अवसर पर सचिव बृज किशोर बाजपेई सहसचिव कुसमेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## डॉ.विनयदास को मिलेगा 'मित्र स्मृति अवधी सम्मान'

बाराबंकी। वरिष्ठ कथाकार व समीक्षक डॉ0 विनय दास को वर्ष 2024 के 'मित्र स्मृति अवधी सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। लक्ष्मण प्रसाद मित्र सेवा संस्थान की इस घोषणा से साहित्यकारों व कवियों ने खुशी जाहिर करते हुए डॉ.दास को बधाई दी।
प्रत्येक वर्ष एक लेखक को प्रदान किया जाता है सम्मानः लक्ष्मण प्रसाद मित्र सेवा संस्थान के सचिव और अध्यक्ष अजय साहू ने बताया कि प्रख्यात अवधी कवि, नाटककार, साहित्यकार लक्ष्मण प्रसाद 'मित्र' की स्मृति में प्रतिवर्ष एक लेखक को 'मित्र स्मृति अवधी सम्मान' स्वरूप 11000 सम्मानराशि, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। वर्ष 2024 के 'मित्र स्मृति अवधी सम्मान' के लिए चयन समिति द्वारा सर्व सम्मति से बाराबंकी जिले के निवासी प्रसिद्ध कथाकार, आलोचक, समीक्षक डॉ. विनय दास का चयन किया गया है। यह सम्मान कवि 'मित्र' जी के जन्मदिवस पर आगामी 2 फरवरी 2024 को उ.प्र.प्रेस क्लब हजरतगंज लखनऊ में प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व यह सम्मान प्रो.सूर्यप्रसाद दीक्षित, पद्मश्री विद्या बिन्दु सिंह, जगदीश पीयूष, विक्रम मणि त्रिपाठी (नेपाल),डॉ.रमेश मंगल बाजपेयी और पं.वंशीधर शुक्ल के पुत्र पं.सत्यधर शुक्ल को प्रदान किया जा चुका है।एक दर्जन पुस्तकें लिख चुके हैं डॉ.विनय दासःअवधी के प्रचार-प्रसार में साहित्यकार व समीक्षक डॉ.विनय दास का महत्वपूर्ण योगदान है। कथाकार डॉ.दास को हिंदी संस्थान द्वारा वर्ष 2013 में यशपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी अब तक एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें उपन्यास हगनहा ताल, कहानी संग्रह सही गलत के बीच आदि काफी चर्चा में रहीं। उन्होंने 9 पुस्तकों का संपादन भी किया है। डॉ. दास कुशल समीक्षक के रूप में भी प्रसिद्ध हैं, उन्होंने परिप्रेक्ष्य को सही करते हुए, साहित्य संवाद, कहानी मीमांसा एवं उपन्यास में समय आदि समीक्षात्मक पुस्तकें लिखी हैं।

## कृति महोत्सव का हुआ आयोजन,राज्य मंत्री गुलाब देवी ने किया उद्घाटन

बाराबंकी।भगवान पुर स्थित कृति पब्लिक स्कूल में आयोजित कृति महोत्सव में सुबह साढ़े ग्यारह बजे पहुंची माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कृति महोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया उसके बाद उन्होंने महोत्सव का फीता काट कर शुभारंभ किया।महोत्सव में बच्चो द्वारा बनाई गई कलाकृतियों,विभिन्न विषयों की प्रस्तुति,कंप्यूटर कक्ष,विभिन्न प्रदेशों की कला, राम मंदिर मॉडल , तथा बच्चो द्वारा बनाई गई सजीव लग रही कलाकृतियों को देखा।उन्होंने बच्चो से बात की उनसे प्रश्न पूंछे और उत्तर से काफी प्रभावित दिखी।कार्यक्रम में मैजिक शो,कठपुतली नाटक, तथा बच्चो द्वारा किए गए प्रदर्शन को सराहा।उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी से अन्य विद्यालय के बच्चो को भी ऐसी तैयारी कराए जाने को लेकर प्रेरित करने की बात कही विद्यालय के प्रबंधक हिमांशु सिंह व विद्यालय की प्राचार्या फरजाना शकील अली ने मुख्य अतिथि का स्वागत अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया। विद्यालय की प्राचार्या ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा बच्चो को उनके रुचि के अनुसार उनके कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हे इस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने को लेकर उनका साथ दें।कार्यक्रम में तहसीलदार शरद सिंह,डीआईओएस ओपी त्रिपाठी सहित विद्यालय के अध्यापक अभिभावक व संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## गंगा नदी में चलने वाली सभी नावों में 31 मार्च तक सीएनजी इंजन लगेगा

वाराणसी। गंगा नदी में चलने वाली डीजल नौकाओं से बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए नगर निगम प्रशासन गंभीर है। गंगा को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कवायद चल रही है। रविवार को नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ने बताया कि गंगा नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त किये जाने के लिए अनेक योजनाएं चल रही है। स्वच्छ काशी एवं सुन्दर काशी में अधिकांश पर्यटक आते है। वे गंगा नदी में नौकायान भी करते है।अपर नगर आयुक्त ने बताया कि गंगा नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त करने के लिए केन्द्र सरकार ने डीजल इंजन चलित नावों में सी0एन0जी0 लगवाने का निर्देश दिया है।

# मिनी स्टेडियम मे आयोजित हुई एथलेटिक्स चैंपियनशिप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। नगर पंचायत रामसनेहीघाट के मिनी स्टेडियम में अंडर 14 व अंडर 16 जिला ओपन स्कूल और क्लब एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन हुआ। जानकारी के अनुसार यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन से संबंधित जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन बाराबंकी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 14 व 16 से कम आयु समूह के प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सचिव बृज किशोर बाजपेई ने किया। जिसमें शाटपुट में मुकेश कुमार प्रथम, आर्यन बैसवार द्वितीय, फैजान अहमद तृतीय, 60 मीटर रेस बालक वर्ग में वीरेंद्र कुमार प्रथम, विजय राज द्वितीय, धीरेंद्र सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया।
60 मीटर रेस बालिका वर्ग में श्रेयसी यादव ने प्रथम नेहा वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में मनीष प्रथम धीरेंद्र सिंह द्वितीय विजय राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ बालक वर्ग में सौरभ सिंह प्रथम सचिन द्वितीय सत्य प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जेवलिन बालक वर्ग में प्रिंगल ने प्रथम आशीष कुमार यादव ने द्वितीय मुकेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद बालिका वर्ग में अनुष्का वर्मा ने प्रथम व 80 मीटर हर्डल बालक वर्ग में आयुष रावत प्रथम आये। ट्राईथलान ए बालक वर्ग में प्रशांत मिश्रा प्रथम सचिन पाल द्वितीय शाश्वत पटेल तृतीय स्थान पर आए। ट्राईथलान बी में उत्कर्ष मिश्रा प्रथम सक्षम सिंह द्वितीय विकास तृतीय स्थान पर आए। ट्राईथलान सी में आगम यादव प्रथम अभिषेक सिंह द्वितीय अंश सिंह तृतीय स्थान पर आए। ट्राईथलान ए बालिका वर्ग में सोनाक्षी सिंह प्रथम ट्राईथलान बी बालिका वर्ग में खुशी यादव प्रथम स्थान पर आई। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा ने विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में हलीमुद्दीन, कुलदीप प्रताप सिंह, अमृत लाल यादव, आकाश दुबे, सहसचिव कुसमेश पटेल आदि मौजूद रहे। सचिव बृज किशोर बाजपेई ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला के बाद के बाद सीधे राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते है। गुजरात के अहमदाबाद में 16,17,18 फरवरी को 19वीं राष्ट्रीय जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन है जिसके लिए प्रतिभागियों के चयन के लिए आज या कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# साहब : बेवजह मिले दर्द से उभर नही पा रहे पंचायत सचिव अमित मौर्य ?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जबर मारै रोवै न दे वाली कहावत इन दिनों पंचायत सचिव समुदाय पर लागू हो रही है । सिस्टम की सबसे महत्वपूर्ण मानी जाने वाली कड़ी अपने उच्चाधिकारियों के कोप का भाजन बनती जा रही है । हम बात कर रहे हैं विकासखंड हरख के निलंबित पंचायत सचिव अमित मौर्य की जिन्हे बेवजह ही निलंबन का रास्ता दिखा दिया गया है इनका दोष क्या है ? आजतक अमित इस जानकारी के आभाव में है ? विभागीय जांच की बात क्या ही करे हम ये बेखौफ होकर कह सकते है विभागीय जांच के नाम पर कर्मचारी का केवल मानसिक शोषण होता है बानगी अमित की ही ले लो , इन्हे सस्पेंड हुए करीब तीन माह से अधिक हो गया है जवाब के बाद भी विभागीय जांच प्रचलित है जबकि नियमों पर अगर बात करे तो तीन माह में जांच पूरी नही होती है तो संबंधित को बहाल कर जांच जारी रखी जा सकती है पर ये केवल नियम में है ताकतवर का अपना अलग सविधान होता है वह जब तक चाहे अपनी शक्तियांयों का इस्तेमाल कर अपने अधीनस्थ को पीड़ा में रख सकता है । अब बात मुद्दे की करते है विकास खंड हरख के ग्राम पंचायत करौंदी में मनरेगा योजना के तहत पांच लाख घोटाले का जिन्न बोतल से बाहर आ गया । जानकारी के अनुसार आरोप है की करौंदी गांव में अमृत सरोवर तलाब के बगल इंटरलाकिंग के नाम पर पांच लाख रुपए निकाल लिए ? सूत्रों की माने तो पैसा निकालने के बाद इंटरलाकिंग सड़क बनाई गई ? 7 माह तक चली जांच में जिम्मेदारों की शाही तलवार सचिव अमित मौर्य पर चली और उनके रसूख को मटियामेट कर खुद को वीरता के लिए प्रमाणित कर दिया गया वही अगर काम नही हुआ तो तकनीकी सहायक द्वारा एमबी करना , सेक्टर प्रभारी द्वारा बिना काम देखे सत्यापन कर देना ? , खंड विकास अधिकारी और वरिष्ठ लेखाकार का डोंगल लगना ? इन्हे निर्दोष मानते हुए कार्रवाई के नाम पर हाथ खड़े कर दिए गए । अमित सस्पेंड है न्याय के लिए दर दर भटक रहे है लेकिन उनकी फरियाद कोई सुनने वाला नही इस एक तरफा कार्रवाई से सभी आतंकित थे लेकिन एक तबका ऐसा है जिसे यह दर्द सहने की आदत हो गई है ।

# स्मार्ट फोन टैबलेट का वितरण,बच्चो में उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। असंद्रा क्षेत्र के नसीपुर मंसारा स्थित डॉ. अवधेश प्रकाश शर्मा स्मारक पीजी कालेज में प्रदेश सरकार की योजना के तहत स्नातक व परास्नातक के मेधावी विद्यार्थियों को एमएलसी अंगद सिंह व क्षेत्रीय विद्यायक हैदरगढ़ दिनेश रावत के द्वारा निशुल्क स्मार्ट फोन,टैबलेट का वितरित किया गया।कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।मुख्यातिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्रबंधक राजकुमार शर्मा ने स्मृति चिन्ह भेंटकर किया।उसके बाद बच्चो ने स्वागत गान प्रस्तुत किया और साध्वी व अनन्या द्वारा शानदार रंगोली बनाई गई।जिसकी सराहना मुख्यतिथियों ने की।उसके बाद एमएलसी अंगद सिंह ने कहा विद्यार्थी इसके जरिए अब घर बैठे ज्ञान अर्जित कर सकेंगे और देश दुनिया में घट रही घटनाओं से भी परिचित होंगे।हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने बताया कि इससे शिक्षा के क्षेत्र में एक नया बदलाव आएगा।आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा निशुल्क स्मार्ट फोन प्रदान किए गए है।महाविद्यालय प्रशासक विवेक प्रताप सिंह ने छात्रों से आवाहन किया कि स्मार्ट फोन का सदुपयोग कर अपनी शिक्षा को बेहतर बनाए।कार्यक्रम का संचालन विवेक सिंह ने किया।फोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल गए।
इस मौके पर प्रबंधक राज कुमार शर्मा,प्रशासक विवेक प्रताप सिंह,प्राचार्य डॉ.सतीश यादव,सत्य प्रकाश शर्मा,रजनीश शर्मा,दिव्या सिंह,सीताराम,सीमा यादव,वरुण द्विवेदी,बृजेश राजपूत,सरिता राव,सुखराम यादव,मोनिका यादव,प्रदीप शुक्ला,प्रधान अजय सिंह,पवन सिंह चौहान,सुशील जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# डॉ.विनयदास को मिलेगा 'मित्र स्मृति अवधी सम्मान'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। वरिष्ठ कथाकार व समीक्षक डॉ0 विनय दास को वर्ष 2024 के 'मित्र स्मृति अवधी सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। लक्ष्मण प्रसाद मित्र सेवा संस्थान की इस घोषणा से साहित्यकारों व कवियों ने खुशी जाहिर करते हुए डॉ.दास को बधाई दी।
प्रत्येक वर्ष एक लेखक को प्रदान किया जाता है सम्मानः लक्ष्मण प्रसाद मित्र सेवा संस्थान के सचिव और अध्यक्ष अजय साहू ने बताया कि प्रख्यात अवधी कवि, नाटककार, साहित्यकार लक्ष्मण प्रसाद 'मित्र' की स्मृति में प्रतिवर्ष एक लेखक को 'मित्र स्मृति अवधी सम्मान' स्वरूप 11000 सम्मानराशि, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। वर्ष 2024 के 'मित्र स्मृति अवधी सम्मान' के लिए चयन समिति द्वारा सर्व सम्मति से बाराबंकी जिले के निवासी प्रसिद्ध कथाकार, आलोचक, समीक्षक डॉ. विनय दास का चयन किया गया है। यह सम्मान कवि 'मित्र' जी के जन्मदिवस पर आगामी 2 फरवरी 2024 को उ.प्र.प्रेस क्लब हजरतगंज लखनऊ में प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व यह सम्मान प्रो.सूर्यप्रसाद दीक्षित, पद्मश्री विद्या बिन्दु सिंह, जगदीश पीयूष, विक्रम मणि त्रिपाठी (नेपाल),डॉ.रमेश मंगल बाजपेयी और पं.वंशीधर शुक्ल के पुत्र पं.सत्यधर शुक्ल को प्रदान किया जा चुका है।
एक दर्जन पुस्तकें लिख चुके हैं डॉ.विनय दासःअवधी के प्रचार-प्रसार में साहित्यकार व समीक्षक डॉ.विनय दास का महत्वपूर्ण योगदान है। कथाकार डॉ.दास को हिंदी संस्थान द्वारा वर्ष 2013 में यशपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला करने वाले 6 गिरफ्तार,राम मंदिर पर भी की थी अभद्र टिप्पणी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जुलूस निकालकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी तथा राम मंदिर पर अभद्र टिप्पणी राष्ट्रीय एकता पार्टी प्रभारी पर भारी पड़ी। पार्टी के 6 कार्यकर्ताओं को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन पर एक पुलिस कर्मी पर जानलेवा हमले का भी आरोप है। अभियुक्तों की स्कॉर्पियो, वैगन आर व एक अन्य कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। इन सभी पर 7सीएलए की धारा भी बढ़ा दी गई है।

मामला नगर कोतवाली की मोहम्मदपुर पुलिस चौकी क्षेत्र का हैं। शुक्रवार को जनसत्ता राष्ट्रवादी एकता पार्टी के झंडे , हूटर और डीजे बजाते हुए 10 वाहन अयोध्या लखनऊ हाईवे जाम करते हुए सासन प्रशासन के मुर्दाबाद के नारे के साथ राम मंदिर पर अभद्र टिप्पणी कर रहे थे। एक घंटे तक हाईवे पर हंगामा होता रहा। इसकी सूचना पर मोहम्मदपुर चौकी इंचार्ज रविंद्र कुमार सिंह सिपाही शिव कुमार सिंह, रणजीत सिंह, राजीव तिवारी,राहुल कुमार व शफीक अहमद के साथ सफ़ेदाबाद पहुंचे। हाईवे जाम था परिवहन विभाग की बसें और एंबुलेंस समेत भारी वाहनों की लंबी लाइन लगी थी। जिले में धारा 144 लागू होने के बाद बिना अनुमति के बारे में पुलिस कर्मियों ने पूछा तो प्रदर्शनकारी हमलावर हो गए। चौकी इंचार्ज से हाथापाई देख सिपाही राजीव तिवारी पहुंचा तो हमलावरों ने गला दबाकर उसकी हत्या का प्रयास किया। इसके बाद हाईवे पर भगदड़ मच गई। दुकानें बंद कर दुकानदार भाग गए। इसकी सूचना पर एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिनहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद हालत संभाली तो यातायात सुचारू हुआ।

चौकी इंचार्ज रविंद्र कुमार सिंह की तहरीर पर धीरेन्द्र कुमार सिंह, धनराज सिंह,शुभम सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह, कुलवंत सिंह, आकाश निगम, शिवेंद्र सिंह, दुर्गेश रावत,बिमला रावत, सीमा रावत, पिंटू यादव, रामनरेश उर्फ माल बाबू, सियाराम व रोशनी को नाम जड़ करते हुए 35 अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास बलवा मारपीट हाईवे जाम करना सरकारी कर में बाधा उत्पन्न करना आदि धारों में केस दर्ज किया गया था।

इस मामले में पुलिस ने रविवार को वांछित अभियुक्तगण धीरेन्द्र सिंह पुत्र रामशरण सिंह धनराज प्रताप सिंह पुत्र स्व. हरिवंश सिंह निवासीगण गढ़ी पोस्ट खसपरिया थाना कोतवाली नगर बाराबंकी,कुलवन्त सिंह पुत्र बचने सिंह निवासी सफ़ेदाबाद गढ़ी थाना कोतवाली नगर बाराबंकी, सियाराम पुत्र स्व. सहजराम निवासी पूरेबाबा पोस्ट किठूरी थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी,शुभम सिंह पुत्र जगभान सिंह व आकाश निगम पुत्र रामसुरेश निगम निवासीगण गढ़ी पोस्ट खसपरिया थाना कोतवाली नगर बाराबंकी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अपहरण कर किशोरी की हत्या करने की आशंका

बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक ने अपने बहनोई के साथ मिलकर किशोरी को अपहरण कर लिया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। फिलहाल कोठी पुलिस 24 घंटे के बीतने बाद भी किशोरी को खोज नहीं सकी है। पीड़ित परिवार ने उसकी हत्या कर शव फेंकने की आशंका जाहिर की है।
थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी सर्वेश कुमार यादव अपने बहनोई सतरिख थाना क्षेत्र के डल्लूखेड़ा गांव निवासी सर्वेश कुमार के साथ मिलकर बहला फुसलाकर अगवा कर लिया। उसकी खोज में वह सर्वेश घर पहुंच गया। जहां पर पुत्री के कपड़े रस्सी पर टंगे पाए गए। लेकिन उसकी पुत्री से नहीं मिलने दिया गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं की है। 27 जनवरी को थाने पर हुई शिकायत पर इंस्पेक्टर कोठी अरुण कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।पिता का कहना है कि 24 घंटे बीतने के बाद भी उसकी पुत्री को पुलिस खोज नहीं सकी है।


## कार्यालय नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

पत्र संख्या–154 / न0पं0सु0 / जीआईएस सर्वे / 2023–24 दिनांकः–27 जनवरी 2024

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी द्वारा ई–निविदा सूचना के माध्यम से राज्य वित आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी सीमान्तर्गत वार्डों की जीआईएस आधारित मैपिंग (नगर व वार्ड वार), प्रापर्टी सर्वे, यू0आई0डी0 संख्या आवंटन एवं आनलाईन सम्पत्ति कर प्रबंधन (कर निर्धारण, डिमांण्ड जनरेशन, बिल प्रिंट, भुगतान, रिपोर्ट) प्रणाली हेतु ऑनलाइन बिलिंग साफ्टवेयर व वेबसाइट बनाने का कार्य कराया जाना है। जिसके हेतु ई–निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु निविदा शुल्क रुपया 1000/- NEFT/RTGS के माध्यम से नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी के पक्ष में खाता संख्या–31620110046265 IFSC-UCBA 0003162 बैंक शाखा–सुबेहा, बाराबंकी के नाम देय होगा। निविदा शुल्क की प्रति एवं जमानत धनराशि रुपया 30,000 (तीस हजार मात्र) एफडीआर ई–निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा में भाग लेने के लिये फर्म का आनलाईन सम्पत्ति कर प्रबंधन प्रणाली में तीन वर्ष और तीन निकायों से अधिक सफलता पूर्वक कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

E-tender Portal: http://etender.up.nic.in

विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | 27-01-2024 |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड / अपलोड प्रारम्भ तिथि | 27-01-2024 |
| 3 | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि | 16-02-2024 |
| 4 | ई–निविदा खोले जाने की तिथि | 17-02-2024 |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

देवीदीन
अध्यक्ष
नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

## कार्यालय नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

संख्या– 153–1/ जलनिकासी / ई–निविदा/न0प0सु0 / 2023–24 दिनांक 27 जनवरी 2024

### ई–निविदा सूचना

नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो तथा शासनादेश संख्या–3890/ नौ–5–19–149सा 2019 नगर विकास अनुभाग–5, लखनऊ, दिनांक–20 सितम्बर 2019 के अनुसार एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सीवरेज एवं जलनिकासी योजना में प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र0स0 | विवरण | प्रकाशन/प्रारम्भ तिथि | अन्तिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 27 जनवरी 2024 | |
| 02 | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड की तिथि | 27 जनवरी 2024 | 16 फरवरी 2024 |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि | 17 फरवरी 2024 | |
| 04 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी। | |

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्ते, कार्य का नाम, धनराशि सहित विस्तृत विवरण वेवसाइट- www.etender.up.nic.in उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस – कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अशोक कुमार खरवार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

देवीदीन
अध्यक्ष
नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

# पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने भारत को 28 रनों से हराया

एजेंसी

हैदराबाद। भारत को हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 28 रन से हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में दूसरी पारी के दौरान ओली पोप की 196 रन की पारी की बदौलत 230 रन की लीड बनाते हुए भारत के सामने जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य रखा। लेकिन भारत ने चौथे दिन सभी 10 विकेट गंवा दिए। यशस्वी जायसवाल (15) और शुभमन गिल (0) फ़ेल साबित हुए जबकि रोहित शर्मा ने 39 रन बनाए जिसमें 7 चौके शामिल थे। तीनों विकेट टॉम हार्टले के नाम रहे। केएल राहुल 22 रन बनाकर रूट तो अक्षर पटेल 17 रन बनाकर हार्टले का शिकार हुए। भारत की मैच जीतने की उम्मीदें उस समय समाप्त हो गई जब अश्विन और श्रीकर भरत की जोड़ी टूटी और अंत में इंग्लैंड ने श्रंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। सुबह के सत्र में जडेजा से शतक की उम्मीद थीं। लेकिन वह 87 रन पर जो रूट की गेंद पर पगबाधा आऊट हो गए। अगली ही गेंद पर जसप्रीत बुमराह भी रूट की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद



अक्षर पटेल ने छोर संभाला लेकिन वह भी रन गति बढ़ाने के चक्कर में रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हो गए। अक्षर ने 100 गेंदों पर 7 चौके और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाए। इंगलैंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए जो रूट सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 79 रन देकर 4 विकेट लिए। इसी तरह रेहान अहमद ने 105 रन देकर 2 तो टॉम हार्टली ने 131 रन देकर 2 विकेट लीं। जैक लीच 63 रन देकर 1 विकेट लिया। वहीं, जवाब में खेलते हुए इंगलैंड ने फिर से तेजतर्रार शुरूआत की। ओपनर जैक क्राउले की गेंद पर आऊट होने से पहले 33 गेंदों पर 31 रन बनाए। इसके बाद बेन डंकेट और ओली पंप ने मोर्चा संभाला और छह की रन रेट से रन बनाए। चाय के बाद इंगलैंड के ओली पोप ने एक छोर संभाल लिया। हालांकि इस दौरान जो रूट 2 तो जॉनी बेयरस्टो 24 गेंदों पर 10 रन बनाकर आऊट हुए गए। कप्तान बेन स्टोक्स ने जरूर डिफेंसिव अप्रोच से विकेट बचाने की कोशिश की लेकिन अश्विन की एक बेहतरीन गेंद उनका डंडा ले उड़ी। इसके बाद पोप ने बेन फोक्स के साथ मिलकर स्कोर 200 पार पहुंचाया। पोप ने इस दौरान शतक लगाया और अपनी टीम की बढ़त 90 से ऊपर कर दी। इस दौरान फोक्स 34 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ओली ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 208 गेंदों पर 17 चौकों की मदद से 148 रन बना लिए थे। उनके साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर नाबाद खड़े थे। सुबह के सत्र में भारत ने एक विकेट पर 119 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। यशस्वी जायसवाल जो रुट के पहले ही ओवर में कल के अपने 76 रन के स्कोर में चार का इजाफा कर 80 रन पर आउट हो गए। उन्हें जो रूट ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। इसके बाद शुभमन गिल 23 रन पर पवेलियन लौट गये। उन्हें टॉम हाटर्ले ने बेन डकेट के हाथों कैच आउट कराया। दूसरे दिन लंच तक भारत ने पहली पारी में तीन विकेट पर 222 रन बनाए थे। लेकिन लंच के ठीक बाद श्रेयस अय्यर 35 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद केएल राहुल ने जडेजा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया।

# रिदम और उज्जवल ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक

एजेंसी



काहिरा। भारत के रिदम सांगवान और उज्ज्वल मलिक ने आईएसएसएफ विश्व कप 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय निशानेबाजी टीम ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अर्मेनियाई जोड़ी एल्मिरा करापेटियन और बेनिक खलघटयान को 17-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा और वेलेरी राखिमजान ने इटली की चियारा जियानकामिली-फ़ेडेरिको निलो मालदिनी की जोड़ी को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन राउंड में भारतीय जोड़ी ने 580 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि करापेटियन-खलघटयान 581 अंकों के साथ 24 निशानेबाज़ों के बीच में शीर्ष पर रहे। मनु भाकर और रविंदर सिंह ने आठवें स्थान के लिए 575 का स्कोर हासिल किया और मेडल राउंड में जगह नहीं बना सके। मनु भाकर ने भी शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन किया और 18वें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। इस बीच, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के सियोनैड मैकिन्टोश और डीन बेल से 16-14 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर ने 38-टीम क्वालीफाइंग राउंड में 632.3 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। नैंसी और पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल 627.4 के स्कोर के साथ 20वें स्थान पर रहे। अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। एक स्वर्ण पदक और दो रजत पदक के साथ भारत आईएसएसएफ विश्वकप के पहले चरण में शीर्ष पर है। कजाकिस्तान, स्पेन, यूनान, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया ने भी एक-एक स्वर्ण जीता है, लेकिन रजत पदक कम मिले हैं। शनिवार को पुरुष और महिला ट्रैप स्पर्धा में कोई भी भारतीय निशानेबाज मेडल राउंड में नहीं पहुंच सका।

# भारत को हराकर नीदरलैंड्स बना चैंपियन

## फाइनल में महिला टीम को 7-2 से हराया

एजेंसी

मस्कट। नीदरलैंड की महिला टीम ने एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 के फाइनल में भारतीय महिला टीम को हराकर चैंपियनशिप जीत ली है। शनिवार को यहां खेले गये फाइनल में मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम को नीदरलैंड से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा। मैंच की शुरुआत में नीदरलैंड की जेनेके वान डी वेने ने एक लंबा शॉट खेलते हुए गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई और इसके कुछ ही देर बाद बेन्टे वान डेर वेल्ट ने एक और गोल दागकर नीदरलैंड की बढ़त दोगुनी दिया। नीदरलैंड के खिलाड़ियों द्वारा किये गये चार और गोल की बदौलत पहले हॉफ में स्कोर 6-0 रहा। नीदरलैंड के लिए जेनेके वान डी वेने ने दूसरे और 14वें मिनट में,



बेन्टे वान डेर वेल्ट ने चौथे और आठवें मिनट में, लाना कालसे ने 11वें, 27वें और सोशा बेनिंगा ने 13वें ने गोल किए। दूसरे हाफ में ज्योति छत्री ने गोलकर भारत का खाता खोला। इसके बाद रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोलकर स्कोर 6-2 कर दिया। वहीं भारत की ओर से ज्योति छत्री ने 20 वें मिनट में और रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोल किये। नीदरलैंड की लाना कालसे ने 27वें मिनट में एक और गोलकर मैच 7-2 स्कोर के साथ समाप्त कर दिया।

# वेस्टइंडीज की एहतिहासिक जीत, ऑस्ट्रेलिया को आठ रन से हराया

एजेंसी

ब्रिस्बेन। शमार जोसेफ सात विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को रोमांचक मुकाबले में एहतिहासिक जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया को आठ रनों से हरा दिया है। और इसी के साथ में वेस्टइंडीज ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं। वेस्टइंडीज के लिए यह जीत बहुत बड़ी है। वर्ष 2003 के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को किसी मुकाबले में हराया है। वेस्टइंडीज ने करीब 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जीता है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में शुरुआती खराब रही और स्मिथ को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। कैमरून ग्रीन ने 42 रन बनाकर आउट हुये। ग्रीन और स्मिथ के बीच 127 गेंद में 71 रन की साझेदारी हुई। इन दोनों के अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ा स्कोर मिचेल स्टार्क 21 रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में



सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ नाबाद 91 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 216 रनों की जरूरत थी लेकिन पूरी टीम 207 रन पर ही ढेर हो गयी। वेस्टइंडीज के लिए शमर जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दूसरी पारी में सात विकेट लिये। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जस्टिन ग्रीव्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। कल दिन का खेल खत्म होने के समय सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ नाबाद 33 रन के साथ कैमरन ग्रीन नाबाद नौ रन क्रीज पर थे। आक्रामक अंदाज से मैच को अपने पक्ष में करने के लिये आस्ट्रेलिया चौथे दिन की शुरुआत कैरिबियाई गेंदबाजों पर प्रहार के साथ कर सकता है हालांकि केमार रोच,अल्जारी जोसेफ,शमार जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स के सामने लक्ष्य के लिये जरुरी 156 रन बनाने आसान नहीं होंगे। पहली पारी में 22 रन की अहम बढ़त के बाद वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पहला विकेट जल्द गंवाने के बावजूद ठीक कर खेलेने का प्रयास किया। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट 16 रन, कर्क मकेंजी 41 रन और ऐलेक एथनेज 35 रन, जस्टिन ग्रीव्स 33 रन और केवम हॉज 29 रन को की मदद से वेस्टइंडीज 193 के स्कार पर ऑलआउट हो गई थी। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को सीमित करने में हेजलवुड तीन विकेट और लायन तीन विकेट की भूमिका अहम रही वहीं कैमरन ग्रीन और मिचेल स्टार्क ने भी एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। पहली पारी में जॉशुआ डासिल्वा 79 रन, केवम हॉज, 71 रन और केविन सिंक्लेयर के 50 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने 311 रन बनाये थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में उस्मान ख़्वाजा 75रन, एलेक्स कैरी 65 रन और कप्तान पैट कमिंस के नाबाद 64 रनों की मदद से 289 का स्कोर खड़ा किया।

# बजट में 'मोदी की गारंटी' छाए रहने की संभावना: पूर्व वित्त सचिव गर्ग

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में 'मोदी की गारंटी' की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा। गर्ग ने कहा, ''वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिये मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं। उन्होंने कहा, ''सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों ऽ को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी। उल्लेखनीय है कि उस समय वित्त मंत्री की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मध्यम वर्ग को आकर्षित करने के लिए पांच लाख रुपये तक की कर-योग्य आय को आयकर से छूट दी थी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 12 करोड़ किसानों को सालाना 6,000 रुपये नकद भी उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र (पीएम श्रम योगी मानधन -एसवाईएम) से जुड़े 50 करोड़ श्रमिकों को सेवानिवृत्ति पेंशन में सरकारी योगदान का भी प्रस्ताव किया गया था।

# सीएनएच इस साल भारत में पांच करोड़ डॉलर का करेगी निवेश, मई में उतारेगी 105 एचपी का ट्रैक्टर

एजेंसी

नई दिल्ली। इतालवी-अमेरिकी ऑफ रोड निर्माण और कृषि कंपनी सीएनएच इस साल भारत में कृषि मशीनरी खंड में पांच करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी का इरादा इस साल मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर भी उतारने का है। सीएनएच इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएनएच न्यू हॉलैंड ब्रांड नाम से कृषि मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन और बिक्री करती है। कंपनी इस साल 30-40 हॉर्सपावर (एचपी) से कम की कॉम्पैक्ट ट्रैक्टर श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करेगी। साथ ही कंपनी का इस साल 1,000 बेलर मशीनें (पराली प्रबंधन के लिए उपयोग की जाने वाली) बेचने का लक्ष्य है। वर्तमान में सीएनएच इंडिया की भारत के ट्रैक्टर बाजार में चार प्रतिशत हिस्सेदारी है। सीएनएच भारत और दक्षेस के कंट्री प्रबंधक एवं प्रबंध निदेशक नरिंदर मित्तल ने कहा कि



भारत के कृषि क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं और कंपनी का इरादा अगले चार साल में अपनी बाजार हिस्सेदारी को दोगुना कर आठ प्रतिशत पर पहुंचाने का है। उन्होंने कहा, ''हमारी योजना चालू कैलेंडर साल में कृषि क्षेत्र में चार से पांच करोड़ डॉलर के निवेश की है।'' इसमें से ढाई से तीन करोड़ डॉलर का निवेश सिर्फ ट्रैक्टर कारोबार में किया जाएगा।'' मित्तल ने कहा कि निवेश कार्यक्रम के तहत कंपनी 45 एचपी से ऊपर के विशेष ट्रैक्टर मॉडल पर काम कर रही है। इसमें नया इंजन होगा जो ईंधन की दक्षता बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि इस साल मई में कंपनी 105 एचपी के बड़े ट्रैक्टर को बाजार में उतारेगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल कंपनी बेलर और रिज मशीनों की देश में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 100 एचपी से अधिक के बड़े ट्रैक्टर का आयात कर रही है। मित्तल ने कहा कि बेलर से पराली के प्रबंधन में मदद मिलती है।

# लाल सागर मार्ग से देश का निर्यात 50 प्रतिशत, आयात 30 प्रतिशत: रिपोर्ट

एजेंसी

मुंबई। लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए। फिलहाल अमेरिकी और ब्रिटेन की सेना भी विद्रोहियों पर जवाबी हमले में लगी हुई है। घरेलू कंपनियां यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के हिस्से के साथ व्यापार करने के लिए स्वेज नहर के माध्यम से लाल सागर मार्ग का उपयोग करती हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश से 18 लाख करोड़ रुपये का निर्यात (50 प्रतिशत) और 17 लाख करोड़ रुपये का आयात (30 प्रतिशत) इन क्षेत्रों से हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश का कुल माल व्यापार 94 लाख करोड़ रुपये था। इसमें मूल्य का 68 प्रतिशत और मात्रा का 95 प्रतिशत समुद्री मार्ग से हुआ था। देश 30 प्रतिशत डीएपी सऊदी अरब से, 60 प्रतिशत रॉक फॉस्फ़ेट जॉर्डन एवं मिस्र से और 30 प्रतिशत फॉस्फोरिक एसिड जॉर्डन से आयात करता है। कृषि वस्तुओं और समुद्री खाद्य पदार्थों जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों को अपने माल की खराब प्रकृति और/या कम मार्जिन के कारण महत्वपूर्ण प्रभाव देखने को मिल सकता है, जो बढ़ती माल ढुलाई लागत से जोखिमों की भरपाई करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। नवंबर, 2023 से शंघाई उत्तरी यूरोप कंटेनर माल ढुलाई दरें 300 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 6,000-7,000 अमेरिकी डॉलर/टीईयू हो गई हैं।

# फ़ेड रिजर्व के फैसले पर रहेगी बाजार की नजर

## शेयर समीक्षा

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बैंकिंग और टेक कंपनियों में हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फ़ेडरल रिजर्व की होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों को लेकर होने वाले फैसले पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 982.56 अंक अर्थात 1.4 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 70700.67 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 269.8 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21352.60 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 458.48 अंक अर्थात 1.2 प्रतिशत लुढ़ककर 37746.29 अंक और स्मॉलकैप 76.95 अंक यानी 0.2 प्रतिशत उतरकर 44363.74 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक बाजार के मिश्रित रुझान के बीच आईटी और बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार में गिरावट देखी गई। भारत के पीएमआई मजबूत आंकड़ों के बावजूद बाजार को तेजी के लिए संघर्ष करना पड़ा। यह गिरावट यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के आसन्न दर निर्णयों के बारे में आशंकाओं के कारण थी। अगले सप्ताह 30-31 जनवरी को फ़ेड रिजर्व की होने वाली नीतिगत बैठक में ब्याज की मौजूदा दरों को यथावत बनाए रखने की संभावना से अमेरिकी बांड यील्ड में तेजी और बाजार में एफआईआई की बिकवाली हो सकती है। हालांकि अमेरिका में जारी मज़बूत पीएमआई आंकड़ों के बीच सभी की निगाहें अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और बेरोजगारी के आंकड़ों पर हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और संभावित नीतिगत दरों पर होने वाले निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं। विशेष रूप से विकास और वित्तीय तरलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीबीओसी की आरक्षित अनुपात में 0.5 प्रतिशत की कटौती ने बीते सप्ताह घरेलू बाजार को अल्पकालिक समर्थन किया। हालांकि निवेशक चीन की व्यापक प्रोत्साहन योजनाओं पर अतिरिक्त विवरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वित्तीय सलाह देने वाली कंपनी जीओजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि बीते सप्ताह ऊंचे भाव, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों और मध्य-पश्चिम में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाजार बढ़त बनाए रखने में असमर्थ रहा। साथ ही मासिक वायदा सौदा निपटान का भी बाजार पर असर रहा। अगले सप्ताह प्रमुख देशों के नीतिगत दरों पर निर्णय जैसे वैश्विक कारकों पर बाजार की नजर रहेगी। बीते सप्ताह 22 जनवरी को रामलला प्राण



प्रतिष्ठा समारोह को लेकर महाराष्ट्र सरकार के अवकाश की घोषणा और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश के कारण बाजार में तीन दिन ही कारोबार हुआ। इन तीन दिनों में एक दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.16 लाख करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 सबसे कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,661.45 करोड़ रुपये घटकर 10,90,001.31 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,682.74 करोड़ रुपये घटकर 5,71,337.04 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,173.43 करोड़ रुपये घटकर 13,93,439.94 करोड़ रुपये और एसबीआई का पूंजीकरण 16,599.77 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,46,989.47 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 15,908.1 करोड़ रुपये घटकर 5,68,262.28 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर की 9,210.4 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,70,974.17 करोड़ रुपये रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार पूंजीकरण में 1,928.22 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 18,33,737.60 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 20,727.87 करोड़ रुपये बढ़कर 6,52,407.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस ने 9,151.75 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका मूल्यांकन 6,93,457.65 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 1,137.37 करोड़ रुपये बढ़कर 7,08,511.16 करोड़ रुपये हो गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एसबीआई का स्थान रहा।

# राजग शासन में बिहार लगाएगा विकास की नई छलांग, रहेगी राजनीतिक स्थिरता : नड्डा

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने कहा कि बिहार में अब राजनीतिक स्थिरता रहेगी और राज्य राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में विकास की नई छलांग लगाएगा।

श्री नड्डा ने रविवार को राजग सरकार के गठन के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में जब भी एनडीए (राजग) की सरकार बनी है, राज्य में राजनीतिक स्थिरता आई है और विकास की नई छलांग लगाई है । उन्होंने जदयू को राजग का स्वाभाविक सहयोगी बताया और कहा कि जदयू का एनडीए में वापस आने का फैसला बिहार के विकास के लिए उत्साहवर्धक कदम है । बिहार में जनादेश भी राजग के पक्ष में ही है ।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि महागठबंधन सरकार के शासनकाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी थी । उन्होंने दावा किया कि नयी और स्थिर सरकार में इस पर नियंत्रण कर लिया जायेगा । श्री नड्डा ने आगामी लोकसभा के चुनाव में बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि राजग राज्य में विधानसभा चुनाव भी आसानी से जीतेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन को नापाक और अवैज्ञानिक गठबंधन बताया तथा कहा कि यह बिल्कुल भी व्यावहारिक नहीं है और इसे टूटना ही है । यह गठबंधन वैचारिक रूप से विफल रहा क्योंकि पश्चिम बंगाल और पंजाब में इसकी घटक इकाइयों ने इसे धोखा दिया और अब बिहार में भी जदयू इससे बाहर हो गई है । भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन का गठन परिवारों और संपत्तियों की रक्षा के



लिए किया गया है और यह भ्रष्ट नेताओं का केंद्र है जो तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा देने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को 'भारत तोड़ो यात्रा' करार दिया और कहा कि यह यात्रा अपने आप में एक बड़ी विफलता है। श्री नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ज्ञान की भूमि के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री देश के युवाओं, किसानों के विकास और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बिहार में बनी राजग सरकार पर कहा कि प्रदेश डबल इंजन सरकार की शक्ति से प्रगति करेगा।

श्री नड्डा ने आगामी लोकसभा के चुनाव में बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि राजग राज्य में विधानसभा चुनाव भी आसानी से जीतेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन को नापाक और अवैज्ञानिक गठबंधन बताया तथा कहा कि यह बिल्कुल भी व्यावहारिक नहीं है और इसे टूटना ही है । यह गठबंधन वैचारिक रूप से विफल रहा क्योंकि पश्चिम बंगाल और पंजाब में इसकी घटक इकाइयों ने इसे धोखा दिया और अब बिहार में भी जदयू इससे बाहर हो गई है । भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन का गठन परिवारों और संपत्तियों की रक्षा के लिए किया गया है और यह भ्रष्ट नेताओं का केंद्र है जो तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा देने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को 'भारत तोड़ो यात्रा' करार दिया और कहा कि यह यात्रा अपने आप में एक बड़ी विफलता है। श्री नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ज्ञान की भूमि के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री देश के युवाओं, किसानों के विकास और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बिहार में बनी राजग सरकार पर कहा कि प्रदेश डबल इंजन सरकार की शक्ति से प्रगति करेगा।

# अब हर साल आएगी रेलवे की वैकेंसी : खंडेलवाल

एजेंसी

पटना। पूर्व-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल खंडेलवाल ने आज अभ्यर्थियों को भरोसा दिलाया कि अब रेल प्रशासन भर्ती की नई प्रक्रिया के तहत नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष वैकेंसी निकलेगा, जिससे अभ्यिर्थियों को हर वर्ष मौका मिलेगा।

श्री खंडेलवाल ने रेलवे भर्ती की अधिसूचना से फैली भ्रांति को दूर करने के लिए रविवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में स्पष्ट किया कि भारतीय रेल द्वारा पिछले एक साल में लगभग 1.5 लाख लोगों को नौकरी दी गयी है। कोरोना और कुछ अन्य दूसरे कारणों से कुछ सालों की वैकेंसी एक साथ निकाली गयी थी। अब रेल प्रशासन द्वारा भर्ती की नई प्रक्रिया के तहत नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष वैकेंसी की गणना की जायेगी और वैकेंसी निकाल कर नियुक्ति की जायेगी। इससे अभ्यिर्थियों को हर वर्ष मौका मिलेगा।

महाप्रबंधक ने कहा कि यदि किसी वर्ष किसी कारण से कोई अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से चूक जाता है तो उसे अगले वर्ष मौका मिल सकेगा। इससे एक फायदा यह भी होगा कि जो अभ्यर्थी परीक्षा पास करेंगे उनकी नियुक्ति तुरंत कर दी जाएगी। उन्हें इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साथ ही रेलवे को भी फायदा होगा कि समय पर जरूरी रेलकर्मी उपलब्ध हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे की इस नई प्रणाली से अभ्यिर्थियों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलेगा। रेल प्रशासन ने इसे पूर्व रेलवे भर्ती की अधिसूचना से फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए 50 कोचिंग संस्थानों के साथ बैठक की। रेल प्रशासन की ओर से कोंचिग संचालकों को तथ्यों से अवगत कराया गया तथा उनसे आग्रह किया गया कि वे रेलवे भर्ती की प्रक्रिया से उपजी भ्रांतियों को दूर करने के लिए अभ्यिर्थियों को समझाने का प्रयास करें। बैठक में रेल प्रशासन की ओर से श्री खंडेलवाल, रेल मंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) वेद प्रकाश एवं कार्यपालक निदेशक (स्थापना) रेल भर्ती बोर्ड राजीव गांधी सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

# रेडियो पूरे देश को जोड़ने का सशक्त माध्यम: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सोशल मीडिया और इन्टरनेट के इस दौर में भी रेडियो पूरे देश को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।

श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में रविवार को कहा, ‘‘मन की बात के जरिये हमारा और आपका जो रिश्ता बना है, वो एक दशक पुराना हो चुका है। सोशल मीडिया और इन्टरनेट के इस दौर में भी रेडियो पूरे देश को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। रेडियो की ताकत कितना बदलाव ला सकती है, इसकी एक अनूठी मिसाल छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रही है। बीते करीब सात वर्षों से यहाँ रेडियो पर एक लोकप्रिय कार्यक्रम का प्रसारण हो रहा है, जिसका नाम है 'हमर हाथी - हमर गोठ'। नाम सुनकर आपको लग सकता है कि रेडियो और हाथी का भला क्या संबंध हो सकता है। लेकिन यही तो रेडियो की खूबी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आकाशवाणी के चार केन्द्रों अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ से हर शाम इस कार्यक्रम का प्रसारण होता है और आपको जानकर हैरानी होगी कि छत्तीसगढ़ के जंगल और उसके आसपास के इलाके में रहने वाले बड़े ध्यान से इस कार्यक्रम को सुनते हैं। 'हमर हाथी - हमर गोठ' कार्यक्रम में बताया जाता है कि हाथियों का झुण्ड जंगल के किस इलाके से गुजर रहा है। ये जानकारी यहाँ के लोगों के बहुत काम आती है। लोगों को जैसे ही रेडियो से हाथियों के झुण्ड के आने की जानकारी मिलती है, वो सावधान हो जाते हैं। जिन रास्तों से हाथी गुजरते हैं, उधर जाने का ख़तरा टल जाता है। उन्होंने कहा कि इससे जहाँ एक ओर हाथियों के झुण्ड से नुकसान की आशंका कम हो रही है, वहीं हाथियों के बारे में डाटा जुटाने में मदद मिलती है।

# 'अन्याय काल' में जी रहे हैं 140 करोड़ भारतीय : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 'विकसित भारत' के नारे को खोखला करार देते हुए कहा कि 140 करोड़ भारतीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुशासन द्वारा थोपे गए अन्याय काल में जी रहे हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि अगले कुछ दिनों में मोदी सरकार अपना अंतिम बजट पेश करेगी। उन्होंने कहा कि पूरी सरकारी मशीनरी का उपयोग 'विकसित भारत' के खोखले नारे को प्रचारित करने के लिए किया जा रहा है और अगामी बजट में भारत की इस चमकदार, चकाचौंध, असाधारण तस्वीर प्रस्तुत की जाएगी, जहां वित्त मंत्री प्रधानमंत्री जी की प्रशंसा के पैराग्राफ पढ़ेंगे, जो बहुत सारे खोखले दावों से भरे होंगे।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कौशल विकास सहयोग (एनएसडीसी) ने इज़रायल में 10,000 नौकरियों का विज्ञापन दिया है, जहां फिलहाल युद्ध चल रहा है और हरियाणा और उत्तर प्रदेश के हजारों लोगों ने इस नौकरी के लिए आवेदन किया है जिनमें से अधिकांश स्नातक हैं। श्री खेड़ा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति युद्धग्रस्त देश में क्यों जाना चाहेगा और क्यों मजदूर बनना चाहेगा। इसका जवाब यह है कि उनकी औसत मासिक आय सिर्फ 10 हजार रुपये है, जबकि इज़रायल लगभग 13-14 गुना अधिक वेतन की पेशकश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में, मोदी सरकार के अंतर्गत, वास्तविक ग्रामीण मजदूरी की वृद्धि दर कृषि (-0.6 प्रतिशत) और गैर-कृषि (-1.4 प्रतिशत) दोनों में नकारात्मक रही है, जिसका अर्थ है कि व्यापक ग्रामीण संकट है। उन्होंने कहा कि इसकी तुलना संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए-2) (2009-10 से 2013-14) के दौरान शानदार वृद्धि की, जहां कृषि और गैर-कृषि ग्रामीण मजदूरी क्रमशः 8.6 प्रतिशत और 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ी। उन्होंने कहा कि भले ही मोदी सरकार चुनी हुई सरकारों को गिराने में व्यस्त है, लेकिन आर्थिक संकट अनिश्चित बना हुआ है। श्री खेड़ा ने कहा कि यह उनकी प्राथमिकताओं को दर्शाता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी न्याय के लिए एक सकारात्मक एजेंडा पेश करेगी, जिसके बारे में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बोला है।

## राहुल जलपाईगुड़ी से करेंगे 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर से शुरू

सिलीगुड़ी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार को उत्तरी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले से अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर से शुरू करेंगे।

पार्टी सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी। श्री गांधी ने 25 जनवरी को राज्य के सबसे उत्तरी जिले कूच बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा (बीजेएनवाई) के बंगाल चरण का पहला चरण पूरा किया। इस दौरान पूरे रास्ते उनका स्वागत करने के लिए हजारों लोगों की कतार सड़क पर लगी रही, जिसके बाद उन्हें भारी नैतिक प्रोत्साहन मिला। कांग्रेस के एक स्थानीय नेता ने दावा किया, 'यह सभा स्वतःस्फूर्त थी।' सूत्रों ने कहा कि बंगाल में बीजेएनवाई के पहले चरण के बाद, श्री गांधी नयी दिल्ली लौट गए और अब इस कार्यक्रम के दूसरे चरण के लिए रविवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरने वाले हैं। बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरने के बाद श्री गांधी जलपाईगुड़ी जिले जाएंगे और यात्रा फिर से शुरू करेंगे। सूत्रों ने बताया कि यात्रा के दौरान श्री गांधी पैदल के साथ-साथ बस में भी लोगों से बातचीत करेंगे। यात्रा रात भर सिलीगुड़ी में रुकेगी और सोमवार को कांग्रेस नेता इस्लामपुर के लिए रवाना होंगे, जो उत्तरी पश्चिम बंगाल का एक वाणिज्यिक शहर है। इस बीच रिपोर्ट में है कि श्री गांधी के कुछ कटआउट और पोस्टर अज्ञात उपद्रवियों फाड़ दिया।

## डा मीणा होम्योपैथिक मेडिकल आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित

नयी दिल्ली। डा बाबू लाल मीणा दिल्ली गर्वमेंट होम्योपैथिक मेडिकल आफिसर्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। एसोसिएशन की रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि एसोसिएशन के आज यहां संपन्न हुए आम चुनाव में डा बाबू लाल मीणा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, डा देवेन्द्र सिंह सोलंकी को उपाध्यक्ष, डा राम कुमार को जनरल सक्रेटरी , डा कोमल शर्मा को ज्वाइंट सेक्रेटरी और डा सईद अख्तर को कोषाध्यक्ष चुना गया। बारह सदस्यों को कार्यकारी सदस्य के तौर पर चुना गया है। यह संस्था दिल्ली सरकार के अधीन कार्यरत समस्त सरकारी डाक्टरों के कल्याण के लिए कार्य करती है। इसका चुनाव दो वर्ष के लिए होता है। संस्था का चुनाव डा साहू, डा प्रशांत, डा रवि अमित, डा शिरिन की चुनाव समिति ने संचालित किया।

## नीतीश का भाजपा के साथ सरकार बनाना घोर अवसरवाद और सिद्धांतहीन कदम: प्रेमचंद्र

पटना। कांग्रेस ने श्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से नाता तोड़ने के बताए गए बहाने को हास्यास्पद बताया और कहा कि यह उनका घोर अवसरवाद और सिद्धांतहीन कदम है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद प्रेमचंद्र मिश्रा ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिलाकर सरकार बनाने वाला कदम अपने आप में घोर अवसरवाद और सिद्धांतहीन है। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन छोड़ने के जो कारण बताए हैं कांग्रेस की नजर में वह हास्यास्पद है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री को बताना होगा कि उनके द्वारा व्यक्त उन संकल्पों का क्या हुआ जिसमें उन्होंने कहा था,''मिट्टी में मिल जायेंगे लेकिन भाजपा से हाथ नही मिलायेंगे, भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है, उसे सत्ता से बाहर करना है।'' उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी बताना चाहिए कि जिस राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को लेकर वे आरोप लगा रहे हैं उसी राजद के नेता तेजस्वी यादव को वह भविष्य का नेता क्यों घोषित कर दिए थे । श्री मिश्रा ने इंडिया गठबंधन को लेकर उनके आरोपों को भी निराधार बताया और कहा कि भाजपा से उनकी नजदीकियों की जानकारी सभी को थी। इसलिए उनपर भरोसा नहीं किया गया । कांग्रेस, राजद और वामदलों के बीच बेहतर समझ कायम है और यह बेहतर गठबंधन भाजपा गठबंधन को पराजित करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पूरा भरोसा है कि राज्य की जनता धर्मनिरपेक्ष गठजोड़ इंडिया गठबंधन को अपना समर्थन देगी।

## भाजपा ने उप मुख्यमंत्री बनाकर सम्राट की 'पगड़ी' का बढ़ाया मान

पटना। वंशवाद और परिवारवाद से परे की राजनीति का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्री सम्राट चौधरी को पार्टी के साथ महज सात साल के छोटे सफर में ही बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाकर उनकी पगड़ी का मान बढ़ा दिया है। भाजपा में वर्ष 2017 में शामिल हुए सम्राट चौधरी ने वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो कर सरकार बनाने के बाद प्रण लिया था कि 'नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारने के बाद ही वह अपनी पगड़ी खोलेंगे।' बिहार में सियासी हालात ऐसे बने कि श्री नीतीश कुमार को कुर्सी छोड़नी पड़ी और फिर एक नये समझौते के साथ उनकी (श्री कुमार) अगुवाई में सरकार बनी तब भाजपा ने श्री सम्राट चौधरी की आन-बान को कम नहीं होने दिया और उन्हें उप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाकर उनकी 'पगड़ी' का मान और बढ़ा दिया। श्री चौधरी के भाजपा में आने के एक साल बाद वर्ष 2018 में ही उन्हें बिहार भाजपा का उपाध्यक्ष बना दिया गया। इतना ही नहीं वर्ष 2020 में प्रदेश की राजग सरकार में उन्हें पंचायती राज मंत्री की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके बाद 27 मार्च 2023 को वह बिहार भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए। इससे पहले वर्ष 1999 में वह तत्कालीन राबड़ी देवी सरकार में पहली बार कृषि मंत्री बनाए गए थे लेकिन उस समय उनकी उम्र को लेकर विवाद हुआ था। वह वर्ष 2000 और 2010 में खगड़िया के परबत्ता विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए। मुंगेर जिले के तारापुर विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर गांव में 16 नवंबर 1968 को जन्मे श्री सम्राट चौधरी को राजनीति का ज्ञान उनके पिता श्री शकुनी चौधरी से मिला है। श्री शकुनी चौधरी खगड़िया से सांसद रहे थे। वह श्री नीतीश कुमार की समता पार्टी के संस्थापक सदस्य रह चुके हैं।

# पेज एक का शेष

### आज बने कानून...

कार्यवाहियों को आसान भाषा में लिखने और लोगों तक पहुंचने को सुखद बताया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के अलावा के अन्य अदालत में भी जल्दी ही लोगों को प्रौद्योगिकी का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यपालिका, न्यायपालिका समेत देश की सभी संस्थाएं अगले 25 वर्षों में बदलाव के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, ''भारत की आज की आर्थिक नीतियां कल के उज्जवल भविष्य की नींव साबित होंगी। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है और उसका भरोसा बढ़ रहा है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, ''इस वर्ष भारत के संविधान के 75 साल पूरे होने और उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75वें वर्ष शुभारंभ हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर सभी को शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल 'सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट' (डिजी एससीआर), 'डिजिटल कोर्ट 2.0' और उच्चतम न्यायालय की नई वेबसाइट का उद्घाटन किया। उच्चतम न्यायालय सभागार में आयोजित समारोह को न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, शीर्ष न्यायालय के अन्य न्यायाधीश, केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनि, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आदेश सी अग्रवाल ने भी संबोधित किया। डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (एससीआर) देश के नागरिकों को मुफ्त और इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को उपलब्ध कराएगी। डिजिटल एससीआर की मुख्य विशेषता यह है कि 1950 के बाद से 36,308 मामलों को कवर करने वाली सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट के सभी 519 खंड डिजिटल प्रारूप में उपयोगकर्ता के अनुकूल लोगों को उपलब्ध होंगे। डिजिटल कोर्ट 2.0 अनुप्रयोग जिला अदालतों के न्यायाधीशों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में अदालती दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत एक हालिया पहल है। इसे वास्तविक समय के आधार पर भाषण को मूल पाठ में बदलने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग के साथ जोड़ा गया है। शीर्ष अदालत की नई वेबसाइट अंग्रेजी और हिंदी में प्रारूप में होगी और इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफ़ेस के साथ फिर से डिजाइन किया गया है।

### सफाईकर्मियों के लिए...

योजनाओं का लाभ भी मिलना चाहिए। सफाईकर्मी शहर की शक्ल सूरत बदलने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं और इसी का परिणाम है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर की रैंकिंग 74 से 22 पर आ गई है। गोरखपुर को गार्बेज फ्री सिटी में थ्री स्टार रैंकिंग मिल गई है। गोरखपुर अब अच्छा और सुंदर शहर माना जाता है। परिवर्तन का परिणाम है कि यह देश के अच्छे शहरों में गिना जाता है। इसका सर्वाधिक श्रेय सफाईकर्मियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि अगली स्वच्छता रैंकिंग में गोरखपुर टॉप टेन और फिर टॉप थ्री में शामिल हो। इसके लिए जनता को और जागरूक करना होगा। पार्षदों को इस दिशा में जिम्मेदारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्षदगण मोहल्ला स्वच्छता समिति का गठन कर लोगों को सड़क, नाली में कूड़ा न डालने, सफाईकर्मियों से दुर्व्यवहार न करने के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि श्री योगी के विजन से गोरखपुर एक ब्रांड बन गया है। उन्होंने सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कहा कि पीएम मोदी भी सफाईकर्मियों के चरणों का वंदन करते हैं। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ने नगर निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन आदि के स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मासूम बच्चों का अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। मासूमों को योगी काफी देर तक गोद में लेकर दुलारते रहे और उन्हें उपहार में खिलौने दिए।

### आठ आईपीएस...

पीपीएस अफसरों में एएसपी यातायात गोरखपुर श्याम देव को एएसपी बरेली, एएसपी-स्टाफ आफिसर एडीजी जोन प्रयागराज प्रवीन सिंह चौहान को एएसपी यातायात गोरखपुर, अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर दिनेश कुमार सिंह द्वितीय को एएसपी एसटीएफ लखनऊ, एएसपी पश्चिमी साइबर क्राइम गौतमबुद्धनगर कृष्णकांत सरोज को अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी, एएसपी नगर शाहजहांपुर सुधीर जायसवाल को एएसपी क्राइम गोरखपुर, एएसपी-स्टाफ आफिसर एडीजी जोन मेरठ अनिल कुमार प्रथम को एएसपी मैनपुरी, उप सेनानायक एसडीआरएफ लखनऊ शुएब इकबाल को एएसपी भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, एएसपी 112 मुख्यालय लखनऊ हरेन्द्र प्रताप यादव को उप सेनानायक एसडीआरएफ लखनऊ, एएसपी पीलीभीत अनिल कुमार यादव प्रथम को एएसपी आपरेशन चंदौली, एएसपी ग्रामीण मुजफ्फरनगर संजय कुमार चतुर्थ को एएसपी नगर शाहजहांपुर, अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर पवन गौतम को एएसपी लखीमपुर खीरी, उप सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर जोगेन्द्र लाल को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, एएसपी यूपी 112 भीम कुमार गौतम को एएसपी देवरिया, एएसपी विशेष जांच मुख्यालय लखनऊ प्रेमचंद्र को एएसपी उन्नाव, एएसपी-स्टाफ आफिसर एडीजी जोन लखनऊ अनिल कुमार झा को एएसपी बलिया, एएसपी फायर सर्विस मुख्यालय लखनऊ दिनेश कुमार पुरी को एएसपी 112 मुख्यालय लखनऊ तथा एएसपी एसआईटी मुख्यालय लखनऊ श्वेता श्रीवास्तव को एएसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। एएसपी निवेश कटियार का एएसपी सीबीसीआईडी मुख्यालय से एएसपी क्राइम गोरखपुर के पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। इसके साथ ही शासन ने पीपीएस सेवा के डीएसपी स्तर के 39 अफसरों का भी तबादला किया है।

### नौवीं बार...मैं...

पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की हार की जिम्मेवारी लेते हुए उन्होंने श्री जीतनराम मांझी को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया था। उन्होंने वर्ष 2013 में श्री नरेंद्र मोदी को भाजपा का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने के बाद भाजपा के साथ 17 साल पुराना गठबंधन तोड़कर वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव अकेले जबकि वर्ष 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव राजद के साथ गठबंधन में लड़ा था। श्री कुमार वर्ष 2017 में राजद पर भ्रष्टाचार और राज्य में शासन का गला घोंटने का आरोप लगाते हुए फिर से राजग में लौट आए और इसी गठबंधन में रहकर वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव और 2020 का बिहार विधानसभा चुनाव लड़ा। श्री कुमार ने वर्ष 2022 में फिर से भाजपा पर उनके खिलाफ साजिश रचने और जदयू विधायकों को उनके खिलाफ विद्रोह करने के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए राजग का साथ छोड़ दिया और राज्य में राजद, कांग्रेस और वाम दलों के साथ महागठबंधन की सरकार बनाई। इससे पहले श्री कुमार वर्ष 1996 में श्री जॉर्ज फर्नांडीस के साथ समता पार्टी की स्थापना की और इसके दो साल के भीतर भाजपा नीत गठबंधन में शामिल हो गए और श्री अटल बिहार वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार में मंत्री बनाए गए। इसी तरह वर्ष 2003 में श्री शरद यादव से अलग होने के बाद श्री लालू प्रसाद यादव ने राजद का गठन किया तो श्री नीतीश कुमार ने समता पार्टी का जनता दल में विलय कर दिया और नई पार्टी का नाम जनता दल यूनाइटेड रखा। ग़ौरतलब है कि वर्ष 1974 के छात्र आंदोलन के बाद से राजनीति में सक्रिय रहे श्री कुमार ने वर्ष 1990 में श्री लालू प्रसाद यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह 1985 में हरनौथ विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक चुने गए। इसके बाद वह सांसद चुने गए। वह वर्ष 1989 में पहली बार बाढ़ संसदीय सीट से चुनाव लड़े। इसके बाद वह वर्ष 1996, 1998 और 1999 में लगातार लोकसभा चुनाव जीते। वर्ष 1998 में वह रेल मंत्री और 1999 में कृषि मंत्री बने।

### फिलहाल सर्दी ...

में रात का तापमान 7.4 डिग्री रहा यह सामान्य से तीन डिग्री कम था।

### रामलाल की प्राण...

महिला कलाकार ही थीं और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी करीब 1,500 महिलाओं ने हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा, ''इसमें दिखाया गया कि कैसे नारी शक्ति जल-थल-नभ, साइबर और अंतरिक्ष सहित हर क्षेत्र में देश की सुरक्षा कर रही है। 21वीं सदी का भारत, ऐसे ही महिला-नीत विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने 13 महिला खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिलने का उल्लेख करते हुए कहा कि बदलते हुए भारत में हर क्षेत्र में देश की महिलाएं कमाल करके दिखा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के मामले में महिलाओं ने अपना परचम लहराया है और वह दिन दूर नहीं जब गांव-गांव के खेतों में नमो ड्रोन दीदियां ड्रोन के माध्यम से खेती में मदद करती हुई दिखाई देंगी। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़ी इन महिलाओं की आय बढ़ी है और उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार भी ऐसे अनेकों देशवासियों को पद्म सम्मान दिया गया है, जिन्होंने, जमीन से जुड़कर समाज में बड़े-बड़े बदलाव लाने का काम किया है। उन्होंने कहा, ''इन लोगों की जीवन-यात्रा के बारे में जानने को लेकर देश-भर में बहुत उत्सुकता दिखी है। मीडिया की सुर्खियों ये लोग समाज सेवा में जुटे थे। उन्होंने कहा, ''पिछले एक दशक में पद्म सम्मान की प्रणाली पूरी तरह से बदल चुकी है। अब ये जनता का पद्म बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार 2014 की तुलना में 28 गुना ज्यादा नामांकन प्राप्त हुए हैं जिससे पता चलता है कि पद्म सम्मान की प्रतिष्ठा, उसकी विश्वसनीयता, उसके प्रति सम्मान हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' की इस कड़ी में अंगदान पर भी चर्चा की और कहा कि हाल के वर्षों में देश में एक हजार से अधिक लोग ऐसे रहे हैं, जिन्होंने, अपनी मृत्यु के बाद अपने अंगों का दान कर दिया। उन्होंने इस नेक कार्य में योगदान देने वाले लोगों व संगठनों की सराहना भी की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भी जिक्र किया और कहा कि आज देश में करीब-करीब 96 करोड़ मतदाता हैं जो अमेरिका की कुल जनसंख्या से भी करीब तीन गुना और यूरोप की कुल जनसंख्या से भी करीब डेढ़ गुना अधिक हैं। देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के निरंतर प्रयास के लिए मोदी ने निर्वाचन आयोग की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी खुशी जताई कि दुनिया के अनेक देशों में जहां मत प्रतिशत कम हो रहा है वहीं भारत में मतदान का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पहली बार मतदान करने के पात्र युवाओं से कहा कि उन्हें मतदाता सूची में अपना पंजीकरण कराना चाहिए। उन्होंने कहा, ''आप ये हमेशा याद रखें कि आपका एक वोट, देश का भाग्य बदल सकता है, देश का भाग्य बना सकता है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को होने वाले 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का भी जिक्र किया और कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से सबंधित कई मुद्दों पर बातचीत करने का एक बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस बार सवा दो करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने इसके लिए पंजीकरण कराया है। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया।

# कांग्रेस ने देश का विकास किया, भाजपा बांटने का काम कर रही : खड़गे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां रविवार को विराट कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि देश का विकास सिर्फ कांग्रेस ने किया, भाजपा देश को बांटने का काम कर रही। भाजपा नीत सरकार विपक्ष के नेताओं का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए बूथ स्तर पर काम करने पर जोर दिया। रविवार दोपहर रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल के मैदान में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव का आगाज किया। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर उतरने तक की परमिशन भाजपा सरकार में नहीं मिल रही है। हेलीकॉप्टर में उड़ने और चढ़ने के लिए नरेन्द्र मोदी से परमिशन लेना पड़ता है। ये सरकार राहुल गांधी और हमको परेशान कर रही है। ऐसी सरकार को निकालना है



और निकालने वाले आप ही लोग हैं। उत्तराखंड के लोग हिम्मती हैं। आप अपनी जान देकर देश को बचाते हैं, लेकिन इन सबका क्रेडिट मोदी खुद लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को हमेशा झूठ बोलते की आदत है। सुबह उठते ही भगवान और घर के लोगों को नहीं बल्कि टीवी पर मोदी का चेहरा दिखता है। उन्होंने तंज किया कि प्रधानमंत्री मोदी विष्णु के 11वें अवतार बनने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा की तानाशाही से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। भाजपा बताए कि देश की आजादी में उसका क्या योगदान है। भाजपा कांग्रेस को देशभक्ति ना सिखाये। कांग्रेस ने संस्थान बनाएं, भाजपा ने बेचने का काम कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि भाजपा देश की कुर्बानी देने वालों को गाली देते हैं। कांग्रेस ने देश और लोकतंत्र को बचाया। तब वे आज प्रधानमंत्री बने हैं। सब संविधान और कांग्रेस के वजह से मिला है। धर्म आस्था अलग होती है। हर जगह अपनी बात में कांग्रेस को गाली देते हैं। उनको सपने में नेहरू, इंदिरा राजीव, सोनिया आते हैं। आजकल तो राहुल गांधी भी सपने में प्रधानमंत्री को नहीं सोने देते हैं। असम में भाजपा सरकार होने के चलते यात्रा के दौरान पत्थरबाजी की गई। हम डरने वाले में नहीं है। देश के लिए जान देने वाले लोग हैं। देश को एक रखने के लिए इंदिरा और राजीव ने जान दी। देश के लिए हमारे नेता आजादी में जान देने के साथ जेल गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश को मजबूत किया। नेहरू दूरदृष्टि वाले थे और वे बड़े-बड़े कारखाने और डैम बनवाये। एनआईटी, एम्स, भेल, ओएनजीसी, सब कांग्रेस की देन है। धर्म के नाम पर वोट लेना गद्दारी है। कांग्रेस को भाजपा और मोदी से हमें सीखना नहीं है। पंडित नेहरू और बाबा साहब ने संविधान लिखने के लिए काम किया है। संविधान के साथ वोटिंग का अधिकार कांग्रेस ने दिया। अब वो इसे वापस लेने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई की बात करने वाली भाजपा सरकार में महंगाई नियंत्रित नहीं है। हमारे जमाने में 410 गैस सिलेंडर थी अब हजार पार है। देश का विकास के नाम पर मजाक किया जा रहा है। ऐसे लोगों पर भरोसा करना देश के गरीब और किसानों के साथ गद्दारी करना होगा। उन्होंने कहा कि ये देवनगरी है। हिमालय में चारधाम, देव,नदी, झरना सबकुछ आपके पास है। अब मोदी के पीछे नहीं भागना है। अंकिता भंडारी के हत्यारे को सरकार पकड़ नहीं पाई। उन्होंने जोशीमठ भू-धंसाव की स्थिति पर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ऐसे हादसे के लिए इनके पास सोच नहीं है। ऐसे लोगों को सत्ता से निकाल देने चाहिए- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नौजवानों की भर्ती के नाम पर अग्निवीर योजना लाई, लेकिन वो चार साल बाद कहां जाएंगे। आज अग्निवीर सड़कों पर घूम रहे हैं। मोदी के मेरिट में जो होगा, उसे नौकरी मिलेगी। इस सरकार में नौकरी छीन कर युवाओं को तंग किया जा रहा है। नियुक्तियां देने के नाम पर फोटो सेशन किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि देश और राज्य में बेटियों की कोई चिंता करने वाला है। भाजपा सरकार युवाओं को छलने के लिए अग्निवीर योजना लायी है। राज्य में अंकिता भंडारी के परिजनों को न्याय नहीं मिल रहा है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड के चुनाव में पूरी ईमानदार के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के नेतृत्व में चुनाव जीतने के लिए काम करेंगे। भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार के हर बार नारे बदल जाते हैं। भ्रष्टाचार में राज्य की सरकार डूबी हुई है। अंकिता भंडारी मामले में हत्यारे को सरकार को बचा रही है।

**अंकिता भंडारी के हत्यारों को सरकार नही पकड़ पा रही : मल्लिकार्जुन खड़गे**

# कांग्रेस की रैली फ्लॉप शो, विकास के लिए अवतरित हुए हैं मोदी : महेंद्र भट्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि जनता को कांग्रेस पर अब भरोसा नही है और आज उसकी रैली फ्लॉप शो साबित हो गयी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज भी जनता के बीच महज मोदी चालीसा का पाठ करते रहे, लेकिन जनता के बीच कोई विश्वसनीय बात नही कह पाये। उन्होंने कहा कि वह आज भी मोदी विरोध पर केंद्रित रहे। उन्होंने कहा कि मोदी महामानव हैं और विकास के लिए अवतरित हुए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्हें किसी अवतार से संबोधित कर रहे हैं, लेकिन व्यंग्य में कहते हुए वह विषैले बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एक ओर लोकतंत्र की दुहाई देते फिर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर हर मंच पर एक परिवार का गुणगान कर राजधर्म का पालन करने की बात कह रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार में ही सैनिकों की सुध ली गयी और आज सैन्य परिवारों को हर सुविधाएं मिल रही हैं। वन रैंक वन पेंशन सहित सैनिकों के हित में कई बेहतर निर्णय लिए गए जिन्हें उपलब्धि कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बड़े मैदान की क्षमता के अनुरूप भीड़ न जुटने की आशंका से कांग्रेस ने बन्नू कालेज पहले ही बुक करा दिया था, लेकिन सहानुभूति बटोरने के लिए परेड ग्राउंड न मिलने का रोना रोती रही।

भट्ट ने कहा कि आज जनता का झुकाव भाजपा की ओर है और उसे मोदी की विकास परक नीति पर भरोसा है। अगर, कांग्रेस ने समावेशी विकास किया होता तो उसे आज जनता के सामने गिड़गिड़ाने की जरूरत नही होती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के किसी भी केंद्रीय नेता का देवभूमि आगमन शुभ नही रहा। पहली बार जब प्रदेश प्रभारी दून आईं तो कांग्रेस सहित अन्य दलों से एक हज़ार लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। आज उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे तो कांग्रेस के एक पूर्व विधायक सहित कांग्रेस के कई जनाधार वाले नेताओं सहित 3 हजार के करीब लोगों ने भाजपा का दामन थामा है । देश भर में न्याय यात्रा निकाल रही कांग्रेस तो अपने कार्यकर्ताओं के साथ भी न्याय नही कर पायी।

# केंद्रीय वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र पहुंचे परमार्थ निकेतन, गंगा आरती में किया सहभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। केंद्रीय वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव रविवार को परमार्थ निकेतन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती के सान्निध्य में गंगा आरती में सहभाग किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को रुद्राक्ष का पौधा आशीर्वाद स्वरूप भेंट किया। इस दौरान भारत के विभिन्न राज्यों से आये गंगा प्रहरी और गंगा जागरूकता एवं आरती प्रशिक्षण कार्यशाला में आये पंडितों को उन्होंने जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय खतरों से निपटने के लिये सभी को समेकित प्रयास करना होगा क्योंकि पर्यावरण की क्षति जीवन व जीविका दोनों को प्रभावित कर रही हैं। स्वामी ने कहा कि जीवन में तीन चीजें बहुत महत्वपूर्ण हैं



प्रकृति, संस्कृति और संतति। पर्यावरण संरक्षित रहेगा तो हमारी प्रकृति बचेगी, संस्कृति बचेगी और संतति भी बचेगी। इसलिये आइये प्रकृति के पैरोकार व पहरेदार बने। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा स्वामी महाराज ने गंगा सहित विभिन्न नदियों पर आरती का क्रम शुरू किया जो अब भी अनवरत जारी है, उसी का प्रभाव है कि आज हमारी नदियां स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त हो रही हैं। साथ ही आरती के माध्यम से हमारी नदियों व संस्कृति के प्रति चेतना का भाव जागृत हुआ है। हमारे यहां कहा जाता है कि प्रकृति रक्षति रक्षितः, अर्थात प्रकृति उसकी रक्षा करती है, जो प्रकृति की रक्षा करता है। इसलिये हम सभी को प्रकृति की रक्षा हेतु आगे आना होगा। प्रकृति के माध्यम से हम अपनी और अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह पूज्य स्वामी जी का प्रेम है कि मुझे 15 दिन में दो बार बुला लिया। उनका यह स्नेह, प्रेम, सौहार्द सदैव ही हम पर बना रहे। उन्होंने स्वामी महाराज को एक विशेष कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया।

परमार्थ निकेतन गंगा आरती में भारत के छह राज्यों से आये गंगा प्रहरियों ने सहभाग किया। स्वामी जी ने सभी को जल संरक्षण व पौधा रोपण का संकल्प कराया।

**परमार्थ निकेतन गंगा आरती में भारत के छह राज्यों से आये 35 गंगा प्रहरी और 23 घाटों के 36 पंडितों ने किया सहभाग**

# नेपाली विद्यार्थी संघ ने किया वन भोज कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भारत एवं नेपाल की संस्कृति एवं मैत्री संदेश को दर्शाने के उद्देश्य से नेपाली विद्यार्थी संघ की ओर से रविवार को वन भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैरागी कैंप में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेपाली मूल के परिवार शामिल हुए। इस दौरान नेपाली गीत संगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथी महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी निर्मल दास, स्वामी कपिल मुनि, स्वामी दिनेश दास, महंत सूरज दास, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, नेपाल हिन्दू राष्ट्र पुनः स्थापना मंच के संस्थापक विष्णु प्रसाद बराल, नेपाली विद्यार्थी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र राज उपाध्याय, महामंत्री कमल ओझा, कोषाध्यक्ष चूड़ामणी शर्मा, समाजसेवी कमल खड़का, उज्ज्वल पंडित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन लोकनाथ सुवेदी ने किया। महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि वन भोज नेपाल की प्राचीन परम्परा है।

नेपाली विद्यार्थी संघ द्वारा इस परंपरा को जीवंत रखते हुए प्रतिवर्ष आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए संघ के सभी पदाधिकारी साधुवाद के पात्र है। उन्होंने कहा कि पारिवारिक वातावरण में आयोजित किए जाने वाले वन भोज कार्यक्रम के माध्यम से नेपाली समाज के लोगों के बीच आपसी स्नेह का वातावरण बनता है। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण महाराज ने भी अपने संदेश में सभी को वन भोज कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी और कहा कि भारत शीघ्र ही विश्व गुरु की पदवी पर आसीन होगा। नेपाली विद्याथी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र राज उपाध्याय, महामंत्री कमल ओझा व कोषाध्यक्ष चूड़ामणि शर्मा ने सभी संतों व अतिथीयों का स्वागत करते हुए कहा कि संघ के सरंक्षक डा.पदम प्रसाद सुवेदी द्वारा हरिद्वार में शुरू की गयी वन भोज की परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय लोगों को नेपाली संस्कृति को जानने समझने का अवसर मिलता है और हरिद्वार में रह रहे नेपाली मूल के लोग एक दूसरे के और करीब आते हैं। नेपाल हिन्दू राष्ट्र पुनः स्थापना मंच के संस्थापक विष्णु प्रसाद बराल ने सभी को वन भोज कार्यक्रम की शुभकामनाएं देते हुए नेपाल को पुनः हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग की।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात'

ऋषिकेश। ऋषिकेश गंगानगर में 'मन की बात' के 109वें एपिसोड का आयोजन बूथ नंबर 64 पर किया गया, जिसमें मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' को सुना और संकल्प लिया कि जन-जन तक इन बातों को पहुंचाया जाएगा ,क्योंकि यह सभी बातें जन उपयोगी और समाज उपयोगी हैं। ऋषिकेश मण्डल के 'मन की बात' के संयोजक सौरभ गर्ग ने बताया कि ऋषिकेश के सभी 55 बूथों पर इसी तरह के आयोजन किए गए, जो सफल रहे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र अग्रवाल और कार्यक्रम व्यस्थापक विवेक शर्मा ने कहा कि 'मन की बात' के 109 में संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने जन भावनाओं को रखा और वह देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो प्रत्येक जनसाधारण आम आदमी के 'मन की बात' को समाज के सामने रखते हैं और उसे पूरा करते हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता जितेंद्र अग्रवाल, कपिल गुप्ता , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष माधवी गुप्ता, विवेक शर्मा, रमेश अरोड़ा ,प्रवीण रावत, मीडिया प्रभारी रंजन अंथवाल, रेखा




## चोरी करते एक को रंगेहाथों पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिद्वार। घर की छत पर रखे सामान की चोरी करते हुए पुलिस ने एक आरोपित को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा मौका पाकर फरार होने में कामयाब रहा। कोतवाली रानीपुर को क्षेत्र के ग्राम पूरणपुर निवासी अमरीश पुरी पुत्र विजेन्द्र पुरी ने घर की छत से चोरों ने लोहे की एंगल चोरी करने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी कर रहे आरोपित रवि शंकर पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी ग्राम पुरणपुर, रानीपुर हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा आरोपित अमित पुत्र गोर्धन निवासी ग्राम पुरणपुर, रानीपुर हरिद्वार फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किये गये 02 लोहे के एंगल बरामद किए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। जबकि फरार आरोपित की पुलिस तलाश में जुटी है।




## मूल निवास और भू कानून को लेकर सड़कों पर उतरा जनसैलाब

हल्द्वानी,। हल्द्वानी में मूल निवास 1950 स्वाभिमान रैली में हजारों लोगों ने शिरकत की। इस रैली को उत्तराखंड के 200 संगठनों ने अपना समर्थन दिया है। हल्द्वानी के बुद्ध पार्क से शुरू हुई मूल निवास स्वाभिमान रैली में युवाओं ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। तिकोनिया स्थित बुध पार्क से हजारों युवा जुलूस निकालकर हीरानगर गोल्जू मंदिर तक गए। इस दौरान विभिन्न सामाजिक राजनीतिक व क्षेत्रीय संगठनों ने भू कानून और उत्तराखंड वासियों को मूल निवास 1950 दिए जाने की मांग की। उत्तराखंड भू कानून, और मूल निवास समन्वय संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि देहरादून के बाद हल्द्वानी में यह मूल निवास और भू कानून को लेकर दूसरी रैली है। अब उत्तराखंड जाग गया है, वह अपने अधिकारों को लेकर सड़कों पर उतरने लगा है। इसलिए सरकारों को चाहिए कि वह उत्तराखंड के मूल निवासियों को स्थाई निवास के झुनझुने से मुक्त करे और मूल निवास के आधार पर ग्रुप सी और ग्रुप डी की भर्तियों पर शत प्रतिशत आरक्षण दे। साथ ही हिमाचल की तर्ज पर सख्त भू कानून बनाए। उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष बॉबी पवार ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि लोगों को पहाड़ विरोधी ताकतों को पहचानना होगा और उनके खिलाफ आवाज उठानी होगी। उपपा के केन्द्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड में सशक्त भू कानून लागू होना चाहिए। उक्रांद के सुशील उनियाल ने कहा कि मूल निवास उत्तराखंड की अस्मिता के साथ जुड़ा हुआ है। उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी मंच देहरादून के अध्यक्ष जगमोहन नेगी ने कहा कि उत्तराखंड में हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर भू कानून को लागू किया जाना चाहिए। रैली में प्रमुख रूप से राज्य आन्दोलनकारी मंच देहरादून के प्रदीप कुकरेती, उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी संयुक्त मंच के क्रांति कुकरेती, अम्बुज शर्मा, वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी मोर्चा देहरादून के विनोद असवाल, सुमित थापा, उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष लाखन चिलवाल, उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के इमरान खान, रज्जी बिष्ट, चिन्हित उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी संयुक्त समिति देहरादून के विशम्भर नौटियाल, उत्तराखंड जनता पार्टी के सुरेश कुमार, संयुक्त संघर्ष समिति के रामनगर के पीसी जोशी, द्वाराहाट से राजेन्द्र बजेठा सहित तमाम लोग मौजूद थे।













चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063